फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 16 प्रभात जयपुर, बुधवार 17 अगस्त, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT




Darlings: The love that hurts & kills!

"Why did you bite me? You promised not to!" The scorpion said, "Oops sorry! Its my very nature to bite. I couldn't resist!"

Science Skeptics & Overconfidence

Best Sci-Fi Books of All Time

Dream, Dream, Dream... All I have to do is dream....



*विशालकाय और बेहद गतिशील परभक्षी भी दक्षिण अमेरिका के सिकुड़ते जंगलों के दुष्प्रभाव से अछूते नहीं हैं। संकटग्रस्त ब्लैक एंड चैस्टनट ईगल तेजी से विखंडित हो रहे अपने प्राकृतिक आवास और निरन्तर बढ़ रहे इंसानी खतरों के बीच सरवाइव करने के लिए अपने व्यवहार में परिवर्तन कर रहे हैं। ग्लोबल इकॉलजी एण्ड कंज़र्वेशन जर्नल में छपे एक नए शोध में पाया गया है कि इस परभक्षी ने सफलतापूर्वक एण्डिअन पहाड़ियों के सिकुड़ते ट्रॉपिकल और सब ट्रॉपिकल जंगल से अनुकूलन कर लिया है, लेकिन यदि वनों का घटना इसी प्रकार जारी रहा तो इन्हें विलुप्ति के खतरे सामना करना पड़ सकता है। वर्ष 2015 और 2020 के बीच शोधकर्ताओं ने कोलम्बिया व अर्जेन्टीना में 8 ईगल्स को टैग किया। वे समझना चाहते थे कि ये ईगल शिकार कैसे करते हैं और नष्ट हो रहे फॉरेस्ट इकोसिस्टम में कैसे भ्रमण करते हैं। शोध के सहलेखक और अर्जेन्टीना की नैशनल युनिवर्सिटी के प्रोफेसर मैनुअल ग्रांडे ने कहा, "ये ईगल्स हैं इसलिए हम जानते हैं कि ये लम्बी दूरी तक उड़ सकते हैं, लेकिन दूसरी तरफ यह एक जंगली प्रजाति है इसलिए हमें निश्चित नहीं था कि ये विखंडित जंगल के बीच उड़ सकेंगे या नहीं।" एण्डिअन फॉरेस्ट के इकोसिस्टम का तेजी से विनाश हो रहा है और यह अमेरिकाज़ का सर्वाधिक संकटग्रस्त इकोसिस्टम है, विशेष रुप से पहाड़ी की तलहटी का भाग। कोलम्बिया और अर्जेन्टीना, जहां यह शोध हुआ है, में 50,000 वर्ग किलोमीटर से भी कम जंगल बचा है। शोध कहता है कि, जंगल का ऐसा भाग, जहां पहुंचना मुश्किल है, केवल वही बचा हुआ है। यह भाग पर्वत श्रृंखलाओं की ढलानों पर है। जबकि अन्य भाग इंसानी आबादी से घिरे हुए हैं जो अपने मवेशियों और खेतों की खातिर प्रायः जानवरों को मार देते हैं। कोलम्बिया में किसान ईगल्स को गोली मार देते हैं क्योंकि ये पक्षी उनकी मुर्गियों को ले जाते हैं। लेकिन ईगल तब ही ऐसा करते हैं, जब जंगल में पर्याप्त भोजन नहीं मिलता। शोध के मुख्य लेखक सैंटिआगो ज़ूलूआगा ने कहा कि, आवास विनाश का सबसे बड़ा प्रभाव होता है जंगल में पर्याप्त भोजन नहीं मिलना। कोलम्बिया, इक्वडोर, बोलीविया, पेरु, वैनेज़ुएला और अर्जेन्टीना में ईगल सर्वोच्च परभक्षी हैं और इनकी विलुप्ति से वहां के जंगल का इकोसिस्टम नष्ट हो सकता है क्योंकि ये बंदरों और चूहों की आबादी पर नियंत्रत रखते हैं। ब्लैक एण्ड चैस्टनट ईगल को आई.यू.सी.एन. की रैड लिस्ट में "एन्डेन्जर्ड" करार दिया गया है। इसकी आबादी में 1000 से भी कम वयस्क पक्षी हैं।*

# भारत के विरोध के बावजूद भी चीन का "स्पाय शिप" श्रीलंका में डटा

## भारतीय उपमहाद्वीप में भौगोलिक राजनैतिक स्थिति घोर अनिश्चितता के दौर में

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **चीन के इस कदम को, उत्तराखण्ड में भारत-अमेरिका युद्धाभ्यास पर चीन की नाराजगी का प्रदर्शन बताया जा रहा है।**
- **गौरतलब है कि, श्रीलंका के हमबान्टोटा बंदरगाह पर चीन का स्पाय शिप तैनात है, यह विशालकाय बंदरगाह चीन ने ही बनाया था और श्रीलंका चूंकि चीन का क़र्ज़ अदा नहीं कर सका इसलिए चीन ने बंदरगाह को 99 साल की लीज़ पर हथिया लिया है।**
- **अमेरिकन गुप्तचर एजेंसियों के अनुसार यह "स्पाय शिप", जिसे चीन साइन्टिफिक रिसर्च शिप बता रहा है, सैटेलाइट संचार को ट्रैक कर सकता है और सुन सकता है, इसलिए यह भारत के हितों के खिलाफ है।**

नई दिल्ली, 16 अगस्त। भारतीय उपमहाद्वीप में भौगोलिक राजनैतिक स्थिति बेहद अनिश्चित चरण में प्रवेश कर रही है।

चीन का एक स्पाय शिप (जिसके दोहरे उपयोग हैं) भारत के कड़े विरोध के बाद भी श्रीलंका के हकबान्टोटा बंदरगाह पर खड़ा है। यह स्पाय शिप सैटलाइट संवाद को ट्रैक कर सकता है और सुन भी सकता है जो भारत के सुरक्षा और आर्थिक हितों के लिए खतरा हो सकता हैं।

इधर भारत भी अमेरिका के साथ बेहद उच्चस्तरीय सैन्य सहयोग कर रहा है, जिससे चीन नाराज़ है। भारत उत्तराखंड में चीन की सीमा पर अमेरिका के साथ सैन्य अभ्यास करेगा। यह पहली बार है जब भारत किसी अन्य देश के साथ इतनी ऊंचाई पर सैन्य अभ्यास करेगा।

इसके अलावा भारत अपनी सीमा चौकियां बेहतर एक आधुनिक हथियारों के सुसज्जित कर रहा है ताकि भारतीय सेना की मारक क्षमता बढ़ सके।

एक सप्ताह चले चीनी जहाज श्रीलंका के बंदरगाह के लिए रवाना हुआ था तब भारत ने इसे अनुमति देने के लिए श्रीलंका के समक्ष विरोध दर्ज करवाया था। इसके बाद श्रीलंका सरकार ने कोलम्बो के चीन के राजदूत से बात की और आग्रह किया इस पर विचार विमर्श होने तक जहाज का आना रोक दिया जाए।

चीन ने दावा किया कि यह वैज्ञानिक रिसर्च का जहाज है और जासूसी नहीं कर सकता है और ना ही ऐसे किसी मिशन पर है। इस शिप का नाम है युआन वांग 5 और चीन द्वारा विकसित नवीनतम बहुद्देशीय जहाज है

अमेरिकी की इंडोपैसिफिक कमांड की गुप्तचर रिपोर्ट है कि शिप पी.एल.ए. (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) की स्ट्रेटजिक सपोर्ट फोर्स के मातहत काम कर रहा है।

गुप्तचर रिपोर्ट के अनुसार, "स्ट्रैटजिक सपोर्ट फोर्स (एस.एस. एल.) एक थेटर कमांड स्तर का संगठन है जिसकी स्थापना पी.एल. ए. के स्ट्रैटजिक स्पेस, साइबर, इलैक्ट्रॉनिक, सूचना संचार और मनोवैज्ञानिक मिशन व क्षमताओं को केन्द्रीकृत करने के लिए किया गया था।" यू. एस. रिपोर्ट कहती है कि एस.एस.एफ. युआन वांग स्पेस सपोर्ट शिप को भी ऑपरेट करता है जो कि सैटलाइट और इन्टरकॉन्टीनैंटल बैलस्टिक मिसाइल (आई.सी.बी.एम.) लॉन्च को ट्रैक करता है श्रीलंका के आग्रह के बाद भी शिप श्रीलंका भेजने की चीन की जिद यह दर्शाती है कि अपने हित के लिए चीन की श्रीलंका पर कितना मजबूत पकड़ हैं। चीन पहले ही

(शेष पृष्ठ 7 पर)

## एस.आई. दक्षता परीक्षा

- **पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती-2021 की शारीरिक क्षमता परीक्षा के संबंध में दायर याचिकाएं हाई कोर्ट ने खारिज कीं।**

जयपुर, 16 अगस्त (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती-2021 की शारीरिक दक्षता परीक्षा से जुड़े मामले में दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश मंगलवार को जुगल किशोर व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में कहा कि उन्होंने एसआई भर्ती की लिखित परीक्षा में सफल होने के बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा दी थी, लेकिन वहीं 11 अप्रैल को आए शारीरिक दक्षता परिणाम में उन्हें चिनअप व लंबी कूद में कम अंक देकर असफल घोषित कर दिया, जबकि उन्होंने इसे तय समय में पूरा किया था। याचिका में कहा कि उन्होंने शारीरिक दक्षता परीक्षा की दौड़ सही समय में पूरी की थी, लेकिन उनके पैर में लगे इलेक्ट्रॉनिक चिप ने दौड़ का समय कम बताया। परीक्षा के दौरान वीडियोग्राफी हुई थी, लिहाजा अदालत वीडियोग्राफी व चिप मंगवाकर मामले की जांच

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# कर्नाटक में सांप्रदायिक भावनाओं पर लड़ा जाएगा आगामी चुनाव

## राज्य में एक के बाद एक ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जिन्हें साम्प्रदायिकता का रंग दिया जा रहा है

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **हाल ही में शिवमोगा जिले में सावरकर की तस्वीर हटाने की घटना पर हुआ तनाव भी साम्प्रदायिक रूप ले सकता है।**
- **इससे पहले हिजाब को लेकर हुए विवाद ने भी लोगों को साम्प्रदायिकता के आधार पर बांटने का प्रयास किया।**

नई दिल्ली, 16 अगस्त। कर्नाटक में चुनाव की तैयारियाँ पूरे ज़ोरों पर हैं। दोनों प्रतिद्वंदी दल- सत्तारूढ़ भाजपा तथा विपक्षी कांग्रेस हर संभव अवसर पर सक्रिय दिखाई देती हैं। इसलिये स्वतंत्रता दिवस भी इसका अपवाद नहीं रहा। अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों के दौर में, दोनों पार्टियों ने इस राष्ट्रीय पर्व का उपयोग भी अपनी-अपनी ताकत दिखाने के लिये किया।

कर्नाटक, जो सत्तारूढ़ भाजपा के लिये दक्षिण भारत का प्रवेश-द्वार है, को लेकर भाजपा के दावे बहुत ऊँचे हैं। भाजपा के लिये कर्नाटक ऐसी घटनाओं का साक्षी रहा है, जो धार्मिक भावनाओं को भड़का सकती हैं। अब, शिवामोगा कस्बे में कुछ एक्टिविस्टों द्वारा सावरकर के चित्र को लेकर हुए विवाद ने हिंसक टकराव का रूप ले लिया, जिसके शीघ्र ही साम्प्रदायिक रंग ले लेने का खतरा पैदा हो गया।

कुछ लोगों ने सावरकर के चित्रों तथा बैनरों को हटाने तथा उनके स्थान पर टीपू सुल्तान के चित्र लगाने की कोशिश की, जिसके बाद लोगों के दो ग्रुपों के बीच संघर्ष शुरू होगा। इसके बाद, कस्बे में कर्फ्यू तथा धारा 144 लगा दी गई।

संघर्ष में दो लोगों को छुरों से घायल कर दिया गया। इस सिलसिले में, चार लोग गिरफ्तार कर लिये गये हैं। अस्पताल के सूत्रों को उद्धृत करते हुये, पुलिस ने कहा कि जख्मी हुये दोनों लोग खतरे से बाहर हैं। गिरफ्तार किये गये चार लोगों की पहचान नदीम (25), अब्दुल रहमान (25), तनवीर तथा जबीउल्लाह के रूप में की गई है।

प्रसंगवश बता दें कि कुछ दिन पहले, दक्षिण कन्नड़ में भाजपा की युवा शाखा के एक ऐक्टिविस्ट का कत्ल कर दिया गया था, जिसके बाद, मुख्यमंत्री बी. बासवराज अपनी पार्टी के लोगों तथा हिन्दू संगठनों के जबरदस्त दबाव में आ गये। पार्टीजनों तथा इन संगठनों का कहना है कि मुख्यमंत्री अपनी पार्टी के लोगों की रक्षा करने में विफल हैं।

राजनैतिक विश्लेषक इन घटनाओं को ऐसे संभावित राजनैतिक साधन के रूप में देख रहे हैं, जिसका उपयोग हिन्दू वोटों को एकजुट करने के लिये किया जा सकता है, ठीक वैसे ही, जैसे कुछ महीनों पहले, कर्नाटक में ही पैदा हुये हिजाब विवाद ने बहुत दूर स्थित उत्तर-प्रदेश में इसी प्रकार हिन्दू एकजुटता में अपना योगदान दिया था। ज्ञातव्य है कि

(शेष पृष्ठ 7 पर)

## एक्स.ई.एन. को सजा

- **ए.सी.बी. मामलों की विशेष अदालत ने रिश्वत के आरोपी एक्स.ई.एन. को 2007 के मामले में तीन साल की सजा सुनाई।**

जयपुर, 16 अगस्त (का.सं.)। ए.सी.बी. मामलों की विशेष अदालत, क्रम-3 ने राजस्थान अरबन इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमैंट प्रोजेक्ट के तत्कालीन एक्स.ई.एन. अनिल कुमार जैन को तीन साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि, मामले में परिवादी ओम शिवहरि चाहर ने अक्टूबर 2007 को एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी।

जिसमें कहा गया था कि उसकी एनजीओ ने शहर के कुछ सरकारी कॉलेजों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट का ठेका ले रखा है। जिसका बिल पास करने की एवज में अभियुक्त दो फीसदी कमीशन लेता है।

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए एसीबी ने अभियुक्त को 11 हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

# क्या नीतीश कुमार से डर रही है भाजपा?

## दिल्ली से लेकर बिहार तक "काउन्टर नीतीश" मुहिम में जुटी भगवा पार्टी

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **बताया जा रहा है कि, भाजपा से अलग होने का नीतीश का फैसला देश भर में असर डालेगा और गैर भाजपा शासित राज्यों में भाजपा का विरोध और तेज हो जाएगा।**

नई दिल्ली, 16 अगस्त। नीतीश कुमार के संभावावित राजनीतिक कदमों का प्रत्युत्तर देने हेतु जवाबी रणनीति बनाने के लिए बिहार भाजपा कोर कमेटी के सदस्यों ने मंगलवार को नई दिल्ली में वरिष्ठ पार्टी नेताओं के साथ गंभीर विचार -विमर्श किया। क्योंकि नीतीश द्वारा भविष्य में उठाए जाने वाले कदमों से 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की चुनावी संभावनाएं प्रभावित

(शेष पृष्ठ 7 पर)




## भारतीय फुटबॉल महासंघ निलंबित

- **फीफा ने भारतीय फुटबॉल महासंघ को निलंबित किया व आरोप लगाया कि भारतीय फुटबॉल महासंघ तीसरे पक्ष के दबाव में काम कर रहा है।**

ज़्यूरिख, 16 अगस्त (वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को इस आरोप के साथ मंगलवार को निलंबित कर दिया कि वह तीसरे पक्ष के 'अनुचित प्रभाव में' काम कर रहा है। फीफा ने यहां जारी बयान में कहा कि फीफा परिषद के ब्यूरो ने एआईएफएफ को तीसरे पक्ष के अनुचित दबाव के तहत काम करने के आरोपों के कारण सर्वसम्मति तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया है। एआईएफएफ का यह कदम फीफा के नियमों का गंभीर उल्लंघन है। फीफा ने

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# एपल ने कर्मचारियों की छंटनी की, गूगल ने नोटिस दिया

## क्या यह लगातार दूसरी तिमाही में अमेरिका की इकॉनमी गिरने का नतीजा है

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **विश्व की सबसे बहु मूल्य कम्पनी एपल ने असाधारण कदम उठाते हुए 100 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया, इससे पहले गूगल ने भी वित्तीय कारणों से कर्मचारियों को छंटनी की चेतावनी दी।**
- **गूगल और एपल ही नहीं, फेसबुक और ट्विटर ने भी ऐसे ही संकेत दिए हैं।**
- **अमेरिका की अर्थव्यवस्था वास्तव में मंदी की राह पर है, लेकिन अमेरिकी सरकार अधिकृत रूप से इसे स्वीकार करने से इंकार कर रही है और ज़मीनी हकीकत पर आंखें मूंदे हुए है।**

नई दिल्ली, 16 अगस्त। अमेरिका अधिकारिक रूप से यह नहीं मान रहा है कि उसकी अर्थव्यवस्था में मंदी आ गई है। वह अपने कॉमर्स डिपार्टमैंट के उन डेटा की अनदेखी कर रहा है जो यह दर्शा रहे हैं कि अर्थव्यवस्था दो लगातार तिमाहियों में कमजोर रही है, लेकिन क्या वह जमीनी सच्चाई के प्रति आंखें मूंद सकता है?

वास्तविकता यह है कि आर्थिक परेशानियों के कारण "गूगल' के अपने कर्मचारियों को छंटनी की चेतावनी देने के बाद एक अन्य तकनीकी दिग्गज एपल कम्पनी ने संविदा पर लगे अपने कर्मचारियों की पिछले हफ्ते छंटनी कर दी।

दुनिया की इस सर्वाधिक बहुमूल्य कम्पनी ने एक असाधारण कदम उठाकर अपने करीब 100 संविदा कर्मियों को नौकरी से निकाल दिया। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट कहती है कि एपल के नियोक्ताओं ने ही नए कर्मचारियों की भर्ती की थी और अब उनकी छंटनी यह रेखांकित करती है कि कम्पनी में आर्थिक मंदी की स्थिति है।

छंटनी किए गए कर्मचारियों को बताया गया कि एपल की वर्तमान कारोबारी आवश्यकताओं में आए बदलाव की वजह से ऐसा करना पड़ा।

एपल के अर्निंग्स कॉन्फ्रैंस कॉल के दौरान उसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम कुक ने पुष्टि की कि कम्पनी कुछ क्षेत्रों में अपना निवेश जारी रखे हुए है,

(शेष पृष्ठ 7 पर)

## विचार बिन्दु

**मन की दुर्बलता से भयंकर और कोई पाप नहीं। –विवेकानंद**

# जनकल्याण बनाम रेवड़ी बाँटना

प्रधानमंत्री ने कुछ समय पूर्व बुंदेलखंड एक्सप्रेस के उद्घाटन के अवसर पर देश में रेवड़ी संस्कृति को समाप्त करने की बात कही थी और यह भी कहा कि मुफ्त में चीजें बांटने की जो प्रवृत्ति कई दलों ने अपनाई है, वह देश के लिए बहुत खतरनाक है। इससे देश का भविष्य अंधकार मय हो जाएगा।

उनके इस वक्तव्य के बाद इस विषय पर देश में बहस प्रारंभ हो गई है कि रेवड़ी बाँटना वास्तव में है क्या? जनता को कोई भी वस्तु या सुविधा मुफ्त में देने की सरकारों की प्रवृत्ति को प्रधानमंत्री ने रेवड़ी- संस्कृति की संज्ञा दी है। यह प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में भी गया और वहां पर न्यायाधीशों द्वारा सरकार से यह स्पष्ट करने के लिए कहा गया कि मुफ्त सुविधा बांटने से अथवा रेवड़ी बांटने से क्या तात्पर्य है? आज के इस आलेख में हम इसे ही समझने का प्रयास करेंगे कि रेवड़ी बांटने का अर्थ क्या है एवं यह जन कल्याण की नीतियों से किस प्रकार अलग है?

भारत एक जन कल्याणकारी राष्ट्र है और यहां के नागरिकों के हित में कार्य करना सरकार का दायित्व है। नागरिकों के कल्याण हेतु सरकारें विभिन्न प्रकार की योजनाएं बनाती हैं ताकि उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके। ऐसा करते समय यह देखा जाता है कि जिन व्यक्तियों की क्षमता अपने स्वयं के स्तर पर जीवन को बेहतर बनाने की नहीं है, उन्हें किस प्रकार की सहायता राज्य द्वारा उपलब्ध कराई जा सकती है? इस प्रकार की सहायता कई बार, कम कीमत पर वस्तुओं का वितरण अथवा कम कीमत पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवा कर दी जाती है।

सरकार द्वारा संचालित विद्यालय, महाविद्यालय, अस्पताल आदि इसी सिद्धांत के आधार पर बनाए गए हैं। इन सबको भी कई लोग रेवड़ी बांटने की श्रेणी में रख सकते हैं। राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार जो भी धन जनता के कल्याण पर व्यय करती है, वह जनता के ही द्वारा कर अथवा अन्य प्रकार से राज्य के खजाने में जमा किया जाता है। इस प्रकार के धन -संग्रहण में देश के प्रत्येक नागरिक का योगदान है। सामान्य धारणा यह है कि जो व्यक्ति आय कर देते हैं वही सरकार के खजाने में धन जमा करते हैं और इसी के माध्यम से अन्य लोगों को मुफ़्त सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं।

पहले हम 'रेवड़ी बांटने' का अर्थ समझ लेते हैं। एक कहावत है- 'अंधा बांटे रेवड़ी, फिर-फिर अपनों को दे।' अर्थात, जो व्यक्ति अधिकार प्राप्त करता है वह उसका प्रयोग अपने ही लोगों को लाभ पहुंचाने में करता है।

सत्ता में आने पर अधिकांश लाभ अपने ही लोगों को पहुंचाना रेवड़ी बांटने के समान है। सत्ताधारी लोग इस प्रकार का कार्य करें कि सरकार के माध्यम से विभिन्न प्रकार के लाभ कुछ चुनिंदा व्यक्तियों को या अपने पसंद के व्यक्तियों को उपलब्ध कराएं, तो उसे रेवड़ी बांटना कहा जाना गलत नहीं होगा। सत्ताधारी दल चाहे वह कोई भी रहा हो, ऐसा काम करते आए हैं। उदाहरण के लिए, पसंदीदा उद्योगपतियों के बड़े-बड़े कर्ज माफ करना, किसी निकटस्थ व्यक्ति के घर तक सार्वजनिक धन से सड़क बनाना, उसके लिए विशेष रूप से विद्युत व्यवस्था कर देना, अपने मिलने वालों को ठेके देना, अपने रिश्तेदारों को नौकरियां देना आदि-आदि। ऐसा करते समय सभी नियमों-कानूनों को ताक पर रख दिया जाता है। कई बार कुछ विशेष व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के लिए शर्तों में छूट तक दे दी जाती है। अयोग्य व्यक्तियों को नियुक्ति दे दी जाती है।

इसी में पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों को आजीवन पेंशन देना भी सम्मिलित है। जिस द्रुत गति से स्वयं अपने भत्ते, पेंशन, सुविधायें बढ़ाने का निर्णय विधायकों एवं सांसदों द्वारा लिया जाता है, वह रेवड़ी बांटने जैसा ही है। पूर्व सांसदों को आजीवन मुफ्त वातानुकूलित रेल - यात्रा कराना भी इसी श्रेणी में माना जाएगा। ऐसे ही यदि पर्यटन निगम का कोई उच्च अधिकारी या मंत्री अपने नाते रिश्तेदारों को निगम के विश्राम गृहों में मुफ्त में ठहराए तो वह निश्चित रूप से रेवड़ी बांटने जैसा है। यह सब किसी भी परिस्थिति में सही नहीं माना जा सकता और इसको रोका ही जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री जी ने जिस परिप्रेक्ष्य में यह बात कही थी वह कुछ और था। उनके अनुसार मुफ्त शिक्षा, मुफ्त इलाज, मुफ्त राशन, मुफ्त किताबें, मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी देना नितांत अनुचित है और देश के लिए चिंताजनक है। सवाल तो यह सरकारों से पूछा जाना चाहिए कि वे नागरिकों के लिए अब तक सुनिश्चित अच्छी आय देने वाले रोजगार की व्यवस्था सबके लिए क्यों नहीं कर पाई? क्या यह गरीब, दलित, आदिवासी लोगों का निर्णय था कि उन्होंने इन परिवारों में जन्म लिया?

**सवाल तो यह सरकारों से पूछा जाना चाहिए कि वे नागरिकों के लिए अब तक सुनिश्चित अच्छी आय देने वाले रोजगार की व्यवस्था सबके लिए क्यों नहीं कर पाई? क्या यह गरीब, दलित, आदिवासी लोगों का निर्णय था कि उन्होंने इन परिवारों में जन्म लिया?**

सभी नागरिकों को गरिमापूर्ण जीवन यापन के लिए आधारभूत सुविधाएँ जैसे- शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली उपलब्ध कराना प्रत्येक जन कल्याणकारी सरकार का दायित्व है। जब वे स्वयं अपने स्तर पर इनकी व्यवस्था नहीं जुटा पायें तब तक सरकार को उपयुक्त अनुदान भी देना होगा और आवश्यक हो तो नि:शुल्क भी यह सब उपलब्ध कराना होगा। सरकारी अनुदान के बिना, आवास बनाने में असमर्थ लोग क्या कच्ची बस्तियों में नारकीय जीवन जीने के लिए अभिशप्त रहेंगे? क्या मुफ्त इलाज के अभाव में असमय मरना ही गरीब लोगों की नियति है? सस्ती रसोई गैस उपलब्ध ना करा पाये तो क्या उम्र भर निर्धन महिलाएँ चूल्हे के धुएँ से विभिन्न साँस की बीमारियों से पीड़ित होती रहे? एक जन कल्याणकारी राज्य में यह स्वीकार्य नहीं हो सकता है।

इन परिस्थितियों में यदि सरकार कोई अनुदान की व्यवस्था करे अथवा कोई वस्तु अथवा सुविधा कम कीमत पर अथवा नि:शुल्क उपलब्ध कराए तो इसे रेवड़ी बांटना कहा जाना उचित नहीं है। उदाहरण के लिए कोरोना काल में रोजगार समाप्त होने पर एवं आय के साधन लगभग समाप्त होने पर, देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन का वितरण स्वयं प्रधानमंत्री के निर्देश पर किया गया तो क्या उन्होंने रेवड़ी बांटी? कतई नहीं।

दिल्ली की सरकार यदि एक निश्चित सीमा तक बिजली और पानी मुफ्त देने का काम करे और ऐसा वह बिना अतिरिक्त कर लगाए करे तो उसकी सराहना की जानी चाहिए न कि आलोचना।

रेवड़ी बांटने और जन कल्याण में अन्तर यही है कि जिस व्यक्ति को लाभ दिया जा रहा है, वह उसके लिए उपयुक्त पात्र है अथवा नहीं। क्या इस प्रकार की सुविधा बिना किसी भेदभाव के दी जा रही है?

यदि प्रधानमंत्री की बात को आगे बढ़ाया जाए तो बीपीएल परिवारों को अनुदानित राशन उपलब्ध कराना, कृषकों को कम कीमत पर बिजली उपलब्ध कराना, यह सब रेवड़ी बांटना माना जा जाएगा, किंतु वास्तव में ऐसा है नहीं। यदि सरकार इस काम के लिए विदेशों से कर्जा लेकर अपने नागरिकों को, विशेषकर अपने मिलने वालों को, अनाप-शनाप लाभ पहुंचाएं तो इसे अवश्य रेवड़ी संस्कृति कहा जाना चाहिए। ऐसा करना निश्चित रूप से देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी घातक है। श्रीलंका में ऐसा ही हुआ जहां पर सरकार ने विदेशों से अनाप-शनाप कर्जा लेकर अपने समर्थकों को सब सुविधायें मुफ्त बांटी। इसका लाभ केवल सत्ताधारी परिवार के लोगों को मिला। जैसी संभावना थी, लोगों ने एक सीमा से अधिक होने पर इसका प्रतिकार किया। अंतत: शासकों को सत्ता छोड़ कर देश से भागना पड़ा।

कुल मिलाकर प्रश्न केवल सरकारी खजाने के उपयोग की प्राथमिकता तय करने का है। यदि आप कुछ गिने-चुने घरानों के लाखों करोड़ रुपए माफ कर दें तो वह अवश्य ही अनुचित है किंतु यदि बिना किसी भेदभाव के निर्धन लोगों को शिक्षा और स्वास्थ नि:शुल्क उपलब्ध करायी जाए तो उसे उनका अधिकार मान कर दिया जाना होगा। अच्छी सरकार वही होगी जो करों से प्राप्त राशि का उपयोग इस प्रकार से करे कि देश में असमानता कम हो। सभी नागरिक इस प्रकार की क्षमता को प्राप्त कर सकें कि उन पर, सरकार को अनुदान देने की आवश्यकता कम से कम होती चली जाए।

इस वर्ष जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं तो इस विषय पर चर्चा अवश्य होनी चाहिए कि देश के खजाने पर पहला अधिकार किसका है? क्या उन बड़े उद्योगपतियों का एवं उद्यमियों का जिन्होंने अपनी आय में कोरोना काल में भी बहुत तेजी से वृद्धि की अथवा उन लोगों का, जिन्होंने कोरोना जैसे काल में अपना रोजगार खोया और जिनकी आमदनी भी पहले से बहुत कम हो गई? क्या सही है और क्या गलत, इसी का निर्णय उपयुक्त नहीं होने का परिणाम है कि समानता के पैमाने पर देश की स्थिति पहले से भी खराब हुई है। यह अवश्य है कि निर्धनता की पहचान करने के मापदंड को सही बनाया जाए एवं भ्रष्टाचार का इस पूरे व्यवस्था में कोई स्थान ना हो। जब किसानों का कर्जा माफ किया जाए तो उसे रेवड़ी बांटना कहा जाए और बड़े घरानों का लाखों करोड़ का कर्जा माफ कर दिया जाए तो उसे देश के विकास हेतु आवश्यक बताया जाए, ऐसी सोच सदैव संदेह के घेरे में रहेगी।

यही सिद्धांत न्यायपालिका पर भी लागू होता है। यदि न्यायाधीश स्वयं के संबंध में निर्णय कर अपनी सेवा के दौरान एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात वाली सुविधाओं में कई गुना वृद्धि करते हैं तो इसे भी यही कहा जाएगा कि देने वाले ही स्वयं के लिए जनता के धन का उपयोग कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री के इस कथन का सभी समर्थन करेंगे कि रेवड़ी बांटने की प्रवृत्ति समाप्त होनी चाहिए, किन्तु यक्ष प्रश्न यही है कि रेवड़ी बांटना किसे कहा जाएगा और असमानता दूर करने के आवश्यक जन कल्याण कार्य किसे?

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# गांधी के सपनों का भारत



सुरेंद्रसिंह शेखावत

स्वाधीनता की पचहतरवीं सालगिरह मानते हुए आजादी के आंदोलन के सेनापति महात्मा गांधी के सपनों के भारत की कल्पना कितनी साकार हो पाई है इस बात पर विचार करना आवश्यक है।

महात्मा गाँधी बीसवीं सदी के सबसे अधिक प्रभावशाली व्यक्ति हैं; जिनकी अप्रत्यक्ष उपस्थिति उनकी मृत्यु के सत्तर वर्षों से अधिक समय के बाद भी पूरे देश पर देखी जा सकती है। उन्होंने स्वतंत्र भारत की कल्पना की और उसके लिए कठिन संघर्ष किया। स्वाधीनता से उनका अर्थ केवल ब्रिटिश राज से मुक्ति का नहीं था बल्कि वह गरीबी, निरक्षरता और अस्पृश्यता जैसी बुराइयों से मुक्ति का भी था। वह चाहते थे कि देश के सारे नागरिक समान रूप से आज़ादी और समृद्धि का सुख पा सकें।

उनके बहुत-से परिवर्तनकारी विचार, जिन्हें उस समय, असंभव कह परे कर दिया गया था, आज न केवल स्वीकार किये जा रहे हैं बल्कि अपनाए भी जा रहे हैं। आज की पीढ़ी के सामने यह स्पष्ट हो रहा है कि गाँधीजी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय थे।

**स्वराज्य का अर्थ -**

गांधी के अनुसार , स्वराज्य एक पवित्र शब्द है। जिसका अर्थ आत्मा-शासन और आत्म-संयम है। अंग्रेजी शब्द 'इंडिपेंन्स' अक्सर सब प्रकार की मर्यादाओं से मुक्त निरंकुश आजादी का या स्वच्छंदता का अर्थ देता है; वह अर्थ स्वराज्य शब्द में नहीं है।

बापू आगे लिखते है, "स्वराज्य से मेरा अभिप्राय है लोक-सम्पति के अनुसार होने वाला भारतवर्ष का शासन। लोक-सम्पत्ति का निश्चय देश के बालिग लोगों को बड़ी-से-बड़ी तादाद के मत के जरिये हो, फिर वे चाहे स्त्रियाँ हों या पुरुष, इसी देश के हों या इस देश में आकर बस गये हों जिन्होंने अपने शरीरिक श्रम के द्वारा राज्य की कुछ सेवा की हो और जिन्होंने मतदाताओं की सूची में अपना नाम लिखवा लिया हो।...सच्चा स्वराज्य थोड़े लोगों के द्वारा सत्ता कर लेने से नहीं बल्कि जब सत्ता का दुरुपयोग होता हो तब सब लोगों के द्वारा उसका प्रतिकार करने की क्षमता प्राप्त करके हासिल किया जा सकता है। दूसरे शब्दों में स्वराज्य जनता में इस बात का ज्ञान पैदा करके प्राप्त किया जा सकता है कि सत्ता पर कब्जा करने और उसका नियमन करने की क्षमता उसमें है।"

आखिर स्वराज्य निर्भर करता है हमारी आतंरिक शक्ति पर, बड़ी-से-बड़ी कठिनाइयों से जूझने की हमारी ताकत पर। सच पूछो तो वह स्वराज्य, जिसे पाने के लिए अनवरत प्रयत्न और बचाये रखने के लिए सतत् जागृति नहीं चाहिये, स्वराज्य कहलाने के लायक ही नहीं है।

**गांधी के सपनों का भारत**

अपनी किताब 'मेरे सपनों का भारत' में गांधी लिखते है कि भारत की हर चीज मुझे आकर्षित करती है। सर्वोच्च आकांक्षायें रखने वाले किसी व्यक्ति को अपने विकास के लिए जो कुछ चाहिये, वह सब उसे भारत में मिल सकता है। भारत अपने मूल स्वरूप में कर्मभूमि है, भोगभूमि नहीं। भारत दुनिया के उन इने-गिने देशों में से है, जिन्होंने अपनी अधिकांश पुरानी संस्थाओं को, कायम रखा है। साथ ही वह अभी तक अन्ध-विश्वास और भूल-भ्रान्तियों की इस काई को दूर करने की और इस तरह अपना शुद्ध रूप प्रकट करने की अपनी सहज क्षमता भी प्रकट करता है। उसके लाखों करोड़ों निवासियों के सामने जो आर्थिक कठिनाइयाँ खड़ी हैं, उन्हें सुलझा सकने की उनकी योग्यता में मेरा विश्वास इतना उज्जवल कभी नहीं रहा जितना आज है।

**भारत का ध्येय -**

गांधी कहते हैं, मेरा विश्वास है कि भारत का ध्येय दूसरे देशों के ध्येय से कुछ अलग है। भारत में ऐसी योग्यता है कि वह धर्म के क्षेत्र में दुनिया में सबसे बड़ा हो सकता है। भारत ने आत्मशुद्धि के लिए स्वेच्छापूर्वक जैसा प्रयत्न किया है, उसका दुनिया में कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। भारत को फौलाद के हथियारों की उतनी आवश्यकता नहीं है; वह हथियारों से लड़ा है और आज भी वह उन्हीं हथियारों से लड़ सकता है। दूसरे देश पशुबल के पुजारी रहे हैं। यूरोप में अभी जो भयंकर युद्ध रहा है, वह इस सत्य का एक प्रभावशाली उदाहरण है। भारत अपने आत्मबल से सबको जीत सकता है। इतिहास इस सच्चाई को चाहे जितने प्रमाण दे सकता है कि पशुबल आत्मबल की तुलना में कुछ नहीं है। कवियों ने इस बल की विजय के गीत गाये हैं और ऋषिओं ने इस विषय में अपने अनुभवों का वर्णन करके उसकी पुष्टि की है।

यदि भारत तलवार की नीति अपनाये, तो वह क्षणिक सी विजय पा सकता है। लेकिन तब भारत मेरे गर्व का विषय नहीं रहेगा। मैं भारत की भक्ति करता हूँ, क्योंकि मेरे पास जो कुछ भी है वह सब उसी का दिया हुआ है। मेरा पूरा विश्वास है कि उसके पास सारी दुनिया के लिए एक सन्देश है। उसे यूरोप का अन्धानुकरण नहीं करना है। भारत के द्वारा तलवार का स्वीकार मेरी कसौटी की घड़ी होगी। मैं आशा करता हूँ कि उस कसौटी पर मैं खरा उतरूँगा। मेरा धर्म भौगोलिक सीमाओं से मर्यादित नहीं है। यदि उसमें मेरा जीवंत विश्वास है तो वह मेरे भारत-प्रेम का भी अतिक्रमण कर जायेगा। मेरा जीवन अहिंसा-धर्म के पालन द्वारा भारत की सेवा के लिए समर्पित है।

यदि भारत ने हिंसा को अपना धर्म स्वीकार कर लिया और यदि उस समय मैं जीवित रहा, तो मैं भारत में नहीं रहना चाहूँगा। तब वह मेरे मन में गर्व की भावना उत्पन्न नहीं करेगा। मेरा देशप्रेम मेरे धर्म द्वारा नियंत्रण है। मैं भारत से उसी तरह बंधा हुआ हूँ, जिस तरह कोई बालक अपनी माँ की छाती से चिपटा रहता है; क्योंकि मैं महसूस करता हूँ कि वह मुझे मेरा आवश्यक आध्यात्मिक पोषण देता है। उसके वातावरण से मुझे अपनी उच्चतम आकांक्षाओं की पुकार का उत्तर मिलता है। यदि किसी कारण मेरा विश्वास हिल जाय या चला जाय, तो मेरी दशा उस अनाथ के जैसी होगी जिसे अपना पालक पाने की आशा ही न रही हो।

**बलवान भारत की कल्पना -**

गांधी कहते है, "मैं भारत को स्वतंत्र और बलवान बना हुआ देखना चाहता हूँ, क्योंकि मैं चाहता हूं कि वह दुनिया के भले के लिए स्वेच्छापूर्वक अपनी पवित्र आहुति दे सके। भारत की स्वतंत्रता से शांति और युद्ध के बारे में दुनिया की दृष्टि में जड़मूल से क्रांति हो जायेगी। उसकी मौजूदा लाचारी और कमजोरी का सारी दुनिया पर बुरा असर पड़ता है।"

मैं यह मानने जितना नम्र तो हूँ ही कि पश्चिम के पास बहुत कुछ ऐसा है, जिसे हम उससे ले सकते हैं, पचा सकते हैं और लाभान्वित हो सकते हैं। ज्ञान किसी एक देश या जाति के एकाधिकार की वस्तु नहीं है। पश्चात्य सभ्यता का मेरा विरोध असल में उस विचारहीन और विवेकाहीन नकल का विरोध है, जो यह मानकर की जाती है कि एशिया-निवासी तो पश्चिम से आने वाली हरेक चीज की नकल करने जितनी ही योग्याता रखते हैं।....मैं दृढ़तापूर्वक विश्वास करता हूँ कि यदि भारत ने दु:ख और तपस्या की आग में गुजरने जितना धीरज दिखाया और अपनी सभ्यता पर- जो अपूर्ण होते हुए भी अभी तक काल के प्रभाव को झेल सकी है-किसी भी दिशा से कोई अनुचित आक्रमण न होने दिया, तो वह दुनिया की शांति और ठोस प्रगति में स्थायी योगदान कर सकती है।

भारत का भविष्य पश्चिम के उस रक्त-रंजित मार्ग पर नहीं है जिस पर चलते-चलते पश्चिम अब खुद थक गया है; उसका भविष्य तो सरल धार्मिक जीवन द्वारा प्राप्त शांति के अहिंसक रास्ते पर चलने में ही है। भारत के सामने इस समय अपनी आत्मा को खोने का खतरा उपस्थित है। और यह संभव नहीं है कि अपनी आत्मा को खोकर भी वह जीवित रह सके।

**पश्चिम के अंधानुकरण का विरोध -**

गांधी कहते है कि यूरोपीय सभ्यता बेशक यूरोप के निवासियों के लिए अनुकूल है; लेकिन यदि हमने उसकी नकल करने की कोशिश की, तो भारत के लिए उसका अर्थ अपना नाश कर लेना होगा। इसका मतलब यह नहीं कि उसमें जो कुछ और हम पचा सकें ऐसा हो, उसे हम लें नहीं या पचायें नहीं। इसी तरह उसका यह मतलब भी नहीं है कि उस सभ्यता में जो दोष घुस गये हैं, उन्हें यूरोप के लोगों को दूर नहीं करना पड़ेगा। शारीरिक सुख-सुविधाओं की सतत खोज और उनकी संख्या में तेजी से हो रही वृद्धि ऐसा ही एक दोष है; और मैं साहसपूर्वक यह घोषणा करता हूँ कि जिन सुख-सुविधाओं के वे गुलाम बनते जा रहे हैं उनके बोझ से यदि उन्हें कुचल नहीं जाना है, तो यूरोपीय लोगों को अपना दृष्टिकोण बदलना पड़ेगा। संभव है मेरा यह निष्कर्ष गलत हो, लेकिन यह मैं निश्चयपूर्वक जानता हूँ कि भारत के लिए इस सुनहरे मायामृग के पीछे दौड़ने का अर्थ आत्मनाश के सिवा और कुछ न होगा। हमें अपने हृदयों पर एक पाश्चात्य तत्त्वनाश का यह बोधवाक्य अंकित कर लेना चाहिये- 'सादा जीवन उच्च चिन्तन'। आज तो यह निश्चित है कि हमारे लाखों-करोड़ों लोगों के लिए सुख सुविधाओं वाला जीवन संभव नहीं है और हम मुट्ठी भर लोग, जो सामान्य जनता के लिए चिन्तन करने का दावा करते हैं, सुख-सुविधाओं वाले उच्च जीवन की निरर्थक खोज में उच्च चिन्तन को खोने का जोखिम उठा रहे हैं।

**भेदभाव रहित भारत का विचार -**

गांधी के विचार में हम ऐसे भारत के बारे में सोचते है जिसमे गरीब-से-गरीब लोग भी यह महसूस करेंगे कि यह उनका देश है-जिनके निर्माण में उनकी आवाज का महत्त्व है। मैं ऐसे भारत के लिए कोशिश करूँगा। जिसमें ऊँचे और नीचे वर्गों का भेद नहीं होगा और जिसमें विविध सम्प्रदायों में पूरा मेलजोल होगा। ऐसे भारत में अस्पृश्यता के अभिशाप के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता। उसमें स्त्रियों को वही अधिकार होंगे जो पुरुषों को होंगे। यह है मेरे सपनों का भारत।... इससे भिन्न किसी चीज से संतोष नहीं होगा।

**-सुरेंद्रसिंह शेखावत,**
**( लेखक राजनीतिक कार्यकर्ता है तथा गांधी पर रिसर्च स्कॉलर है ।)**

# सूची में नाम होने के बाद भी पत्रकार का नहीं किया सम्मान

**भीण्डर,** (निसं)। भीण्डर में आयोजित हुए उपखण्ड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सूची में तय नाम के बाद भी सम्मान नहीं करके एक पत्रकार का अपमान करने के मामले में नगरवासियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि किस वजह से सूची में तय नाम होने के बाद हटाया गया और सम्मान नहीं करके युवा पत्रकार का जिस प्रकार अपमान किया गया हैं इसके लिए उपखण्ड प्रशासन लिखित माफी मांगें।

ज्ञापन में बताया कि 15 अगस्त को भीण्डर में आयोजित उपखण्ड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले प्रतिभाओं की सूची भीण्डर उपखण्ड कार्यालय से हस्ताक्षरशुदा 14 अगस्त शाम 6 बजे सार्वजनिक की गई थी। जिसमें पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले भीण्डर के पत्रकार महेन्द्र सिंह राठौड का नाम भी शामिल था। लेकिन अगले दिन 15 अगस्त को आयोजित हुए कार्यक्रम में महेन्द्र सिंह राठौड का नाम ना तो पुकारा गया और ना ही प्रशासन द्वारा सम्मान किया गया। जिससे युवा पत्रकार महेन्द्र सिंह राठौड का सम्मान नहीं करके एक तरह से अपमान किया गया हैं जो निंदनीय है। प्रशासन द्वारा सूची जारी होने के बाद राजनीतिक द्वेषता के चलते प्रशासन पर दबाव बनाकर नाम हटाना एक ओछी राजनीतिक दर्शाता है। सूची में नाम होने के बाद भी सम्मान नहीं करने का क्या कारण रहा और सूची में नाम होने के बाद भी सम्मान नहीं करके जिस प्रकार अपमानित किया गया हैं, इसके लिए प्रशासन सार्वजनिक तौर पर माफी पत्र जारी करें।

ज्ञापन देने के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता प्रभाशंकर शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष व पार्षद गोवद्र्धनलाल भोई, पार्षद सुरेश कंठालिया, पार्षद अशोक सोनी, इन्द्रलाल फान्दोत, नरेन्द्र वाणावत, किशनलाल अहीर, प्रेमसिंह चौहान, महेन्द्र लक्षकार, हिमांशु राजमाली, महेन्द्र सिंह पंवार, पार्षद ओमप्रकाश भोई, पार्षद जितेन्द्र साहु, पार्षद मोहन मीणा, बंशीलाल खटीक, मुकेश पण्डिया, नरेश धर्मावत, विशाल जैन, रत्नेश कोठारी, कन्हैयालाल चौबीसा, पवन मंदावत, कैलाश जांगीड, हातिम बोहरा, खोजेमा बोहरा, चमन सोनी, तेजसिंह शक्तावत, चक्रवीरसिंह शक्तावत, दीपक चौबीसा, अशोक धर्मावत, मंगल कुमार दाता, लक्ष्मण कीर, गोपाल विजावत, चेतन भोई, राहुल प्रजापत, लोकेश भोई, अनिल चव्हाण, विरेन्द्र दक, कालुलाल जाट, राजु अहीर, नरेश अहीर, भंवरलाल अहीर, शांतिलाल अहीर, नंदलाल अहीर, प्रवीण मेघवाल, हेमंत यादव सहित सैकडों नगरवासी उपस्थित थे।

# जवाई बांध का जलस्तर 39 फीट पहुंचा 24 घंटे में पांच फीट पानी आया

## जवाई की सहायक नदियां पूरे वेग पर, सेइ बांध ओवरफ्लो होकर छलकने लगा

**पाली,** (निसं)। पिछले 2 सालों से कम बारिश के कारण पश्चिमी राजस्थान के सबसे बड़े बांध जवाई बांध का जलस्तर 6 फीट पहुंच गया था, लेकिन इंद्रदेव की मेहरबानी से इस बार लगातार बारिश होने से नदियां बहने लगी और बांध का पानी बढ़ता जा रहा है।

पिछले दो दिन जवाई क्षेत्र में अच्छी बारिश के कारण मंगलवार तक बेड़ा नदी व सहायक नदियां पूरे वेग से बहने के कारण 24 घंटे में 5 फीट पानी बढ़ गया। मंगलवार शाम 5:00 बजे तक 39 फीट पहुंच गया, जिससे करीब डेढ़ साल का पानी आ गया है। जवाई भराव के कारण जिले वासियों जलदाय विभाग सिंचाई विभाग सभी के चेहरे खिल उठे हैं।

- **जवाई बांध भराव के कारण जिले वासियों जलदाय विभाग सिंचाई विभाग व सभी के चेहरे खिल उठे हैं**

अभी बारिश का दौर जारी है। शायद आगामी दिनों में बांध भरने से गेट खोलने पड़े। उधर सेइ बांध ओवरफ्लो होकर छलकने लगा है। जिले के सभी बांध में पानी आया है।



**पिछले 2 सालों से कम बारिश के कारण पश्चिमी राजस्थान के सबसे बड़े बांध जवाई बांध पानी का आवक शुरू हुई।**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 17 अगस्त, 2022**

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, अश्विनी नक्षत्र रात्रि 9:57 तक, गंड योग रात्रि 8:56 तक, गर करण प्रात: 8:21 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-मेष, मंगल-वृष, बुध-सिंह, गुरू-मीन, शुक्र-कर्क, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवियोग प्रात: 7:23 तक है, रात्रि 9:57 से पुन: आरम्भ होगा। कुमार योग रात्रि 8:25 तक है। राजयोग रात्रि 9:57 से सूर्योदय तक है। भद्रा रात्रि 8:25 से गुरूवार प्रात: 8:53 तक रहेगी। आज भाद्रपद संक्रांति, सूर्य मघा सिंह में प्रवेश प्रात: 7:23 पर करेगा। पुण्य काल दिन 1:47 तक है। आज चान्द छठ व्रत है। चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 10:40 पर होगा। आज हल षष्ठि, बलदेव जयन्ती, ललही छठ है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:17 तक, शुभ 10:54 से 12:31 तक, चर 3:45 से 5:22 तक, लाभ 5:22 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:03, सूर्यास्त 6:54

**मेष**
कुछ समय से चल रहा मानसिक तनाव दूर होगा। मन:स्थिति ठीक रहेगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक ठीक रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वभाव पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। शुभ कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**कन्या**
अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**तुला**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। परिवार में मनोरंजन का माहौल रहेगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**मकर**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है।

**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता यथावत बनी रहेगी। घर-परिवार में चल रहे वाद-विवाद समाप्त होंगे।

# देशभक्ति के रंग और आजादी के जश्न में रंगा नजर आया एसएमएस स्टेडियम



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सवाई मानसिंह स्टेडियम में सैकड़ों स्कूली विद्यार्थियों और लोक कलाकारों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी और राजस्थानी लोक संस्कृति की छटा बिखेरी।

■ आजादी से पूर्व स्वतंत्रता दिलाने और आजादी के बाद भारतीय लोकतंत्र की रक्षा के लिए बलिदानों को हम कभी भूल नहीं सकते : सीएम

■ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने प्रदेश बीजेपी कार्यालय और बड़ी चौपड़ पर तिरंगा झंडा फहराया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजधानी जयपुर का सवाई मानसिंह स्टेडियम (एसएमएस स्टेडियम) देशभक्ति के रंग और आजादी के जश्न में रंगा नजर आया। मौका था 76वें स्वतंत्रता दिवस का। जब सैकड़ों स्कूली विद्यार्थियों और लोक कलाकारों ने यहां देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी और राजस्थानी लोक संस्कृति की छटा बिखेरी।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यहां तिरंगा झंड़ा फहराकर परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद कार्यक्रम का आगाज हुआ। इससे पहले गहलोत ने अमर जवान ज्योति पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और अपने निवास पर भी तिरंगा फहराया। समारोह में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी, पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि आजादी से पूर्व स्वतंत्रता दिलाने और आजादी के बाद भारतीय लोकतंत्र की रक्षा के लिए बलिदानों को हम कभी भूल नहीं सकते। इन्हीं की वजह से भारत हमेशा एकजुट रहा, जबकि कई देशों के टुकड़े हो गए। यह दिन देश की आजादी के लिए चली लंबी लडाई में ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सैनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। स्वतंत्रता दिवस पर सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और आमजन संविधान की मूलभावना के अनुरूप आचरण करने और संविधान में प्रदत्त कर्तव्यों की पालना करने का संकल्प लें। समारोह में मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के कामकाज का ब्यौरा रखते हुए स्वास्थ्य-चिकित्सा, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार और प्रदेश में किये गए विकास कार्यों को भी गिनाया।

दूसरी ओर राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को राजभवन में स्वतंत्रता दिवस पर झण्डारोहण किया। बाद में उन्होंने पांचवी बटालियन आरएसी गारद की सलामी ली। राज्यपाल ने राजभवन परिसर स्थित राजकीय विद्यालय के उच्च प्राप्तांक वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार रुप में भारतीय संविधान पर लिखी पुस्तक भेंट की तथा मिठाई वितरण कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने राजभवन स्थित औषधीय उद्यान में गूलर का पौधा भी लगाया। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र, राज्यपाल के परिजन, प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसी प्रकार भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश बीजेपी कार्यालय और बड़ी चौपड़ पर तिरंगा झंडा फहराया और प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजय पाल सिंह, मुकेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश मंत्री श्रवण सिंह बगडी, महेन्द्र सिंह जाटव, अशोक सैनी, पूर्व सांसद नारायण पंचारिया, रामकुमार बैरवा, जिलाध्यक्ष राघव शर्मा सहित प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उधर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने तिरंगा फहराकर सलामी दी। डोटासरा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश के महान स्वतंत्रता सैनानियों के संघर्ष एवं कुर्बानियों के फलस्वरूप देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिली है। कांग्रेस के नेताओं ने जिस प्रकार आजादी की लडाई के दौरान राष्ट्रध्वज के सम्मान को बनाए रखने के लिए अंग्रेजी शासन की कठोर यातनाओं को सहन किया, उसी प्रकार कांग्रेस के कार्यकर्ता राष्ट्रध्वज के सम्मान में अपने जीवन को न्यौछावर करने से पीछे नहीं हटेंगे।

## नदबई विधायक को नोटिस तामील नहीं हुआ

**जयपुर**, (का.सं.)। खनन व्यवसायी की मानहानि से जुडे मामले में नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना के खिलाफ जारी हुए नोटिस की तामील नहीं हुई है। तामील कुनिंदा की ओर से अदालत को नोटिस लौटाते हुए कहा गया कि उन्हें एमएलए नहीं मिले हैं। इस पर अतिरिक्त जिला न्यायालय क्रम-2 ने दौलत सिंह के दावे पर 29 अगस्त को सुनवाई रखी है।

दावे में कहा गया है कि बीती 17 जुलाई को विधायक की ओर से उच्चैन कस्बे में एक पंचायत आयोजित की गई थी। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग आए हुए थे। इसमें संबोधित करते हुए विधायक ने उनको भ्रष्ट और कई आरोप लगाए थे। जबकि उस पर आज तक एक भी आरोप नहीं लगा है। दौलत सिंह ने आरोप लगाया गया कि विधायक जोगिंदर सिंह अवाना उनकी बंसी पहाड़पुर स्थित खान को हड़पना चाहते हैं। इसके चलते वे उसके खिलाफ अनर्गल बयान दे रहे हैं। दावे में कहा गया कि विधायक ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो वायरल कर उसकी छवि को धूमिल किया है।

# प्रदेश में करोना संक्रमण से तीन लोगों की मौत हुई मंगलवार को

## हालांकि, राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 191 नए संक्रमित मिले, जबकि सोमवार को इनकी संख्या 401 रही थी

■ जयपुर में मंगलवार को थोड़ी गिरावट के बाद 75 नए संक्रमित मिले हैं

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में करोना संक्रमण से मंगलवार को तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं 17 जिलों में 191 नए संक्रमित मिले हैं। पिछले चौबीस घंटों में करीब साढ़े छह सौ मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 4131 रह गए हैं।

प्रदेश में मंगलवार को जयपुर, गंगानगर और सवाई माधोपुर में करोना से 1-1 मरीज की मौत हो गई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9596 लोगों की जान जा चुकी है। इधर आज राज्य के 17 जिलों में 191 नए संक्रमित मिले है। इससे पहले सोमवार को 401 रोगी पाए गए थे। उधर राज्य में संक्रमितों की संख्या घटने का कारण जांचें कम होना बताया जा रहा है। सोमवार को स्वतंत्रता दिवस का अवकाश होने के कारण केवल 3811 जांचे हो सकी। इधर आज राजधानी जयपुर में नए संक्रमितों की संख्या में कमी आई है। इस दौरान जिले में 75 नए मरीज सामने आए हैं। इसके अलावा उदयपुर में 27, प्रतापगढ़ में 24, अलवर में 13, जोधपुर में 11, डूंगरपुर में 9, पाली में 8, बूंदी में 6, सवाई माधोपुर में 5, भीलवाड़ा में 4, कोटा में 3 तथा अजमेर, धौलपुर, गंगानगर, जैसलमेर, जालौर और झालावाड़ में एक-एक नया संक्रमित मिला है।

वहीं इस बीच राज्य में 643 मरीज ठीक हुए हैं। रिकवरी बढ़ने से एक्टिव केस घटकर 4131 रह गए हैं। जयपुर में भी 176 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस कम होकर 1395 रह गए हैं। इसके अलावा अलवर में 559, उदयपुर में 523, भरतपुर में 348 और चित्तौड़गढ़ में 148 लोगों का इलाज चल रहा है।

राजधानी जयपुर में मंगलवार को 28 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 9 मरीज मालवीय नगर में मिले हैं। इसके अलावा सांगानेर में 7, दुर्गापुरा में 6, मानसरोवर व वैशाली नगर में 5-5, जवाहर नगर व सोड़ाला में 4-4, आदर्श नगर, सी-स्कीम, जगतपुरा व विद्याधर नगर में 3-3, झोटवाड़ा, किशनपोल, सीकर रोड व तिलक नगर में 2-2 तथा अजमेर रोड, बनीपार्क, गोपालपुरा, गोविंदगढ़, हरमाड़ा, झालाना डूंगरी, खातीपुरा, मुरलीपुरा, शास्त्री नगर, टोंक रोड और सिंधी कैम्प इलाके में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं तीन संक्रमितों के पते गलत मिले हैं।

# पैरामिलिट्री फोर्स के ट्रकों में दो नंबर का पैसा भरकर बीजेपी दफ्तरों तक पहुंचता है : गहलोत

## ''गोवा, अरुणाचल, कर्नाटक, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में आलू प्याज से सरकारें नहीं बदली गई हैं''

**जयपुर**, (का.प्र.)। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से पैरामिलिट्री और पुलिस के ट्रकों के जरिए भाजपा कार्यालयों में पैसा पहुंचाने के आरोपों के बाद राजनीति गरमा गई है। स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा था कि पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस के ट्रकों में दो नंबर का पैसा भरकर बीजेपी के दफ्तरों तक पहुंचता है।

गहलोत ने कहा था कि ये क्या करते हैं, मालूम है आपको? ये पैरामिलिट्री फोर्सेज या पुलिस वालों को पकड़ते हैं, जहां इनकी सरकारें हैं। ट्रक में भरकर पैसा लाते हैं, बीजेपी दफ्तर के पिछवाड़े ले जाते हैं ट्रक को। उससे वो बॉक्स उतारते हैं और अंदर डालते हैं। गाड़ी पुलिस की होती है, उसे पकड़े कौन? लोग सोचते हैं इनके रंगरूट आए होंगे मदद करने। ये बहुत बड़ा षडयंत्र है देश के साथ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है, सच्चाई आपके साथ है।

गहलोत ने कहा कि गोवा, अरुणाचल, कर्नाटक, मध्यप्रदेश और अब महाराष्ट्र में आलू प्याज से सरकारें नहीं बदली गई हैं। आप बताइए मोदीजी ने नोटबंदी की। कॉमन सेंस की बात है, 1000-500 के नोट बंद कर दिए, वो नोट बड़ी जगह घेरते हैं। आपने 1000 का नोट बंद करके 2000 का नोट क्यों शुरू कर दिया? रुपए का जो ट्रांसपोर्टेशन होता है, उसमें 2000 का नोट जगह कम घेरेगा, इसीलिए यह किया। गहलोत ने यह भी कहा कि मोदीजी का गुजरात मॉडल फ्लॉप था। गुजरात मॉडल के नाम पर पूरे देश को धोखा दिया। आडवाणी जी ने शुरुआत की, मोदीजी इसके सहारे दिल्ली पहुंचे। उन्होंने कहा कि मॉडल कुछ था ही नहीं, केवल मार्केटिंग थी। बीजेपी वाले आज भी मार्केटिंग पर हजारों करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं। आईटी और सोशल मीडिया का जमाना है, बीजेपी वाले इस पर जमकर पैसा खर्च कर रहे हैं। इनको पूछो कि आप हिंदू राष्ट्र की बात करते हो। जब हिंदू राष्ट्र बन जाएगा तब अगड़े-पिछड़े लोग भी हैं। आप छुआछूत को मिटाने की बात क्यों नहीं करते हो? 100 साल का आपका आएसएस संगठन है, सांस्कृतिक संगठन है, जिस पर सरदार वल्लभ बाई पटेल ने रोक लगाई थी। संघ पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# मीरा कुमार ने जालौर की घटना को कलंक बताया

## राजस्थान एससी आयोग के अध्यक्ष बोले, ''50 लाख की मौत और 5 लाख की मौत कौनसी होती है''

■ भाजपा विधायक योगेश्वर गर्ग ने कहा, ''राजनीति ना हो, बयान देने से पहले सच सामने आने दे, ताकि सामाजिक सौहार्द ना बिगड़े''

**जयपुर**, (का.प्र.)।जालौर जिले की सुराणा गांव में शिक्षक की पिटाई से छात्र इंद्र मेघवाल की मौत के मामले में राजनीतिक तूल पकड़ लिया है दिल्ली से लेकर जयपुर तक इस मामले में आ रहे बयानों के चलते राजस्थान की कांग्रेस सरकार ही कटघरे में खडी हो चुकी है।

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष कांग्रेस नेता मीरा कुमार ने भी इस घटना की निंदा करते हुए लिखा है कि 100 वर्ष पहले मेरे पिताजी बाबू जगजीवन राम को स्कूल में सवर्णों के घडे से पानी पीने से रोका गया था। किसी तरह उनकी जान बच गई। आज इसी वजह से एक 9 वर्ष के दलित बच्चे को मार दिया गया। आज़ादी के 75 वर्षों के बाद भी जातिवाद हमारा सबसे बड़ा शत्रु है, कलंक है।

वही राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा ने भी सरकार पर सवाल उठाते हुए मुआवजे को लेकर कहा है कि एक मौत पर 50 लाख, एक मौत पर 5 लाख का मुआवजा। आखिरकार बताया जाए कि 50 लाख की मौत कौन सी होती है, 5 लाख की मौत कौन सी। कांग्रेस नेताओं ने ही जिस तरह के बयान दिए हैं, वही एक कांग्रेस विधायक इस्तीफा भी दिया है। इसे लेकर भी कांग्रेस सरकार दबाव में है। इसी दबाव का असर है कि घटना के 4 दिन बाद अचानक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित चार मंत्रियों को जालौर भेजा गया।

दूसरी ओर इस मामले में जातिगत भेदभाव को लेकर खुद भाजपा के जालोर विधायक ने इनकार करते हुए कहा है कि इस मामले में राजनीति ज्यादा हो रही है इसलिए सच्चाई जाने देना इसी तरह के बयान नहीं दिए जाने चाहिए।

दूसरी ओर इसी मामले को लेकर अब नया मोड़ आ गया है,जब भाजपा विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा है कि बच्चे को मारा गया है और शिक्षक यह नहीं कबूला है। इसलिए इस मामले में सजा जरूर मिलनी चाहिए, लेकिन क्या यह मामला मटकी से पानी लेने को लेकर है या कोई अन्य घटनाक्रम है, इस बात की जांच होकर सच सामने आना चाहिए। गर्ग ने यह भी कहा कि इस मामले को लेकर राजनीति ज्यादा हो रही है। मेरा मानना है कि इस कारण सामाजिक सौहार्द नहीं बिगड़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि स्कूल में दलित जाति के शिक्षक भी हैं और विद्यार्थी भी दलित जाति के साथ अन्य जातियों के भी है, लेकिन जातिगत भेदभाव हुआ या पानी पीने को लेकर यह घटना हुई, इसमें संदेह है। इसलिए किसी भी तरह के बयान देने से पहले जांच का इंतजार करना चाहिए।

## 'बिना किसी प्रमाण सेना पर बात कहना गैर जिम्मेदाराना'

**जयपुर**। भाजपा वरिष्ठ नेता व राज्य सभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिए गये वक्तत्व पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की गहलोत द्वारा बिना किसी प्रमाण के पैरा मिलिट्री सेना और पुलिस के ट्रकों में रुपया भरकर भाजपा के कार्यालय में पहुंचाने की बात कहना नितांत ही गैर जिम्मेदाराना और निंदनीय वक्तव्य है। मुख्यमंत्री को सार्वजनिक रूप से सेना का अपमान करने और बेतुके आरोप लगाने के लिए अपना वक्तव्य वापस लेना चाहिए अथवा क्षमा याचना करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस बात से घबराए हुए हैं कि नेशनल हेराल्ड के मामले में जो कानूनी कार्यवाही हो रही है, उनको लगता है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को भ्रष्टाचार के आरोप में सजा होगी और उन्होंने जो सार्वजनिक सम्पत्ति, गैर कानूनी तरीके से हड़पा है उसको वापस देना पड़ेगा। तिवाड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री का स्टेटमेंट आया है कि जिन्होंने देश को लूटा है उनको लूटा हुआ धन वापस देना पड़ेगा। इस प्रकार के आरोप लगाने से सच्चाई छुप नहीं सकती और जो उन्होंने कर्म किए हैं उसकी सज़ा उनको भोगनी ही पड़ेगी।

# सेना के खिलाफ गहलोत की टिप्पणी अमर्यादित : डॉ. पूनिया

■ 'प्रदेश में मॉब लिंचिंग की घटनाओं में लगातार बहुसंख्यक हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा, लेकिन अशोक गहलोत तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं'

**जयपुर**। सेना को लेकर अशोक गहलोत द्वारा दिए गए अमर्यादित बयान पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि अशोक गहलोत इन दिनों कुर्सी की असुरक्षा से, कांग्रेस के अंतर्कलह से और देश में कांग्रेस के सिमटते जनाधार से विचलित ज्यादा हैं और इतने विचलित हैं कि वह मर्यादा भूल गए। इतने विचलित हैं कि वह सामान्य राजनीतिक शिष्टाचार को भूल गए कि किसी भी बड़े राजनीतिक दल के राष्ट्रीय राजनीतिक दल के ऊपर ओछी टिप्पणी की है, लेकिन पैरामिलिट्री फोर्सेज के बारे में इस तरीके की बयानबाजी, यह किसी भी मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता, आप का दल अलग है वह हो सकता है, आपकी सरकार अलग हो सकती है, आपके विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी को, उसके दफ्तर को इस तरीके से झूठे तथ्यों से आरोपित करना उस पर पैरामिलिट्री फोर्स को लेकर अमर्यादित बयान देना, सेना हमारा स्वाभिमान और ताकत है, जिसके खिलाफ बयान देना मुख्यमंत्री पद की गरिमा को शोभा नहीं देता।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत वही बात कह रहे हैं जो कांग्रेस के 55 वर्षों के कालखंड में अपने ऊपर इन बातों को किया होगा कि किस तरीके से उन्होंने देश को लूटा है, किस तरीके से देश के धन का दुरुपयोग किया है, जीप घोटाले से लेकर कोयले घोटाले तक उनके खुद के हाथ रंगे हुए हैं इन पापों से। जो कांग्रेस धीरे-धीरे वैचारिक और व्यावहारिक तौर पर सिमटती जा रही है, उसकी आशंका उनको है कि अब राजस्थान में कांग्रेस की कभी सत्ता में वापसी नहीं होगी, वही विचलित उनके बयानों में दिखता है।

अलवर मॉब लिंचिंग, जालोर की घटना और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा सेना को लेकर दिए गए अमर्यादित बयान इत्यादि को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने मीडिया से बातचीत की।

अलवर जिले के गोविंदगढ़ में मॉब लिंचिंग मामले पर डॉ. पूनिया ने कहा कि कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष से अधिक के शासनकाल में सबसे पहला यक्ष प्रश्न है यह है कि अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री रहते उनके गृहमंत्री कालखंड में जिस तरीके से अपराध बढ़े हैं और अपराधियों का हौसला बढ़ा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है और चिंताजनक है। ऐसे हालातों से पानी सर से ऊपर गुजर चुका है, राजस्थान की कानून व्यवस्था को जो नजर लगी है, अशोक गहलोत के सियासी बयान उसको ठीक नहीं कर पाएंगे, मुख्यमंत्री को गंभीरता के साथ कानून व्यवस्था दुरूस्त करने की सख्त जरूरत है, जो वो नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि, इससे पहले भी मॉब लिंचिंग की अलवर, झालावाड़ और जयपुर सहित कई जिलों में घटनाएं हो चुकी हैं, लगातार बहुसंख्यक हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, लेकिन अशोक गहलोत तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

## 'गहलोत जवानों का अपमान कर रहे हैं'

**जयपुर**। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी आदत के अनुसार भाजपा शासित सरकारों में पैरामिलिट्री फोर्सेज व पुलिस के सहयोग से ट्रकों में दो नंबर का पैसा भरकर भाजपा के दफ्तरों तक पहुंचाने का जो बेबुनियाद व बिना प्रमाण के आरोप लगाया है उसकी मैं कड़ी निंदा करता हूं। राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जहां एक ओर प्रत्येक देशवासी भारतीय जवानों की बहादुरी को सलाम कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री ऐसे बचकाने बयान देकर देश की आंतरिक सुरक्षा में तैनात पैरामिलिट्री फोर्सेज व पुलिस के जवानों की भावनाओं को आहत पहुंचा रहे हैं।

# इथियोपिया की मन्त्री ने देखी जयपुर फुट की निर्माण विधि

**जयपुर** (का.सं.)। अफ्रीकी महाद्वीप के देश इथियोपिया की समाज और महिला कल्याण मन्त्री डॉ. एरोगी टेसफाए ने रविवार को भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी. एम. वी. एस. एस.) में जयपुर फुट निर्माण का अवलोकन किया।

डॉ. एरोगी टेसफाए इन दिनों भारत यात्रा पर हैं और जयपुर प्रवास के दौरान उन्होंने बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक डी.आर. मेहता, कार्यकारी अध्यक्ष एस.एस. भण्डारी, सचिव भूपेन्द्र राज मेहता और डॉ. दीपेन्द्र मेहता तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एस. बिस्सा से इथियोपिया की राजधानी आदिसा अबाबा में इथियोपिया के विकलांगों के कल्याणार्थ जयपुर फुट केन्द्र खोलने की सम्भावनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर मदर टैरेसा होम के दिव्यांग बच्चों से भी इथियोपियाई मन्त्री ने भेंट की।

उल्लेखनीय हैं कि इथियोपिया में पूर्व में बी.एम.वी.एस.एस. ने जयपुर फुट के तीन शिविर लगाकर 1268 दिव्यांगों का पुर्नवास किया। दो शिविर भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के



''इण्डिया फॉर ह्यूमैनिटीज़'' कार्यक्रम के अन्तर्गत तथा एक शिविर राजस्थान के उद्योगपति मफतराज मुर्णात की कम्पनी जे.एम. कॉपोरेशन के सहयोग से लगाया गया। इन शिविरों के आयोजन में सहयोग देने वाले जोधपुर के मेजर आर.एस. बंसल और उनकी पत्नी डॉ. पुष्पावती जैन भी इथियोपिया के मन्त्री के साथ आए। मेजर आर.एस. बंसल इथियोपिया की हरार स्थित हरमाया विश्वविद्यालय में पशु चिकित्सा विज्ञान के प्रोफेसर हैं।


**तीये की बैठक**



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे भाई श्री महेश शर्मा उर्फ पप्पू (पुत्र स्व. श्री रघुवर दयाल शर्मा, प्रधानाध्यापक) का आकस्मिक निधन 15.08.2022 को हो गया। तीये की बैठक बुधवार 17.08.2022 को दोपहर 1 से 2 बजे, पुरुषार्थी धर्मशाला, पानी की टंकी के पास, स्कीम नं. 02, अलवर पर होगी। शोकाकुल-जगदीश (पत्रकार), कैलाश, राजेश (स्पोर्ट्स कौंसिल) (भाई), भूषणकांत कौशिक (बहनोई), लव, आयुष, फणीश्वर (भतीजे) एवं समस्त खरदरा परिवार। 115, राजेन्द्र नगर, स्कीम-4, अलवर। मो.-9610400400, 9610600500

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**शुद्धि पत्र**

राष्ट्रदूत जयपुर संस्करण में 15.08.2022 को प्रकाशित नगर पालिका मण्डल फुलेरा के विज्ञापन के पेरा प्रथम की तीसरी पंक्ति में लिखित शहर ''बगरू'' को ''फुलेरा'' पढ़ा जाए।

**खोया-पाया**

मैं धर्मेश भंडारी पुत्र रमेश चन्द्र भंडारी निवासी रूप श्री भवानी सिंह मार्ग जयपुर मेरी निजी संपत्ति एस-1-ए, भवानी सिंह मार्ग, सी-स्कीम जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। मो. 9829016545

**NAME CHANGE**

I have change my name from Shravan Kumawat to Shravan Kumar Kumawat. In future known me Shravan Kumar Kumawat S/o Pokar Mal Kumawat R/o Plot No. A-19, Shekhawati Nagar, Govindpura. Kalwar Road, Jhotwara, Jaipur. Raj.

I army Jc no. 343172F Sub kale Sunil Yogiraj 60 Engr Regt c/o 56, Apo in my service record my Mother name wrong Sharaswatim Yogiraj kale & DOB 01/07/1950 Right name Shantabai Yogiraj kale, DOB 01./01/1948 and Wife name Wrong Name Manisha Right Name Manisha Sunil kale and My Daughter Wrong Name Snehal Right Name Snehal Sunil Kale.

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या लीला सांसी पत्नि श्री भगवान सहाय सांसी, निवासी हनुमान नगर, सिरसी रोड भांकरोटा, तहसील सांगानेर, जिला जपुर का पुत्र दीपक सांसी पुत्र श्री भगवान सहाय सांसी जो कि मेरी अभिभाष्या के कहने सुनने में नहीं है, आये दिन परिवारवालों से व अन्य लोगों से लड़ाई झगडा मारपीट करता है, जिससे मेरी अभिभाष्या के परिवारजन उससे दुखी है, इस कारण मेरी अभिभाष्या ने अपने पुत्र दीपक सांसी को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और मेरी अभिभाष्या अपने पुत्र दीपक सांसी के किसी भी कृत्य या संव्यवहार के लिए भविष्य में जिम्मेदार नहीं रहेगी। सूचित रहे।
दिनांक-16.08.2022 (अनिल कुमार शर्मा) एडवोकेट मो.नं. 7790999020

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य मुरलीधर भाटिया पुत्र बलदेव राज भाटिया एवं पूर्णिमा भाटिया पुत्री मुरलीधर भाटिया निवासी 10/69, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) द्वारा फ्लैट नम्बर 10/30 (ग्राउण्ड फ्लोर), मालवीय नगर, जयपुर स्थित सम्पत्ति क्षेत्रफल 97.327 वर्गमीटर को उक्त सम्पत्ति के संयुक्त स्वामी लाजपत राय शर्मा एवं राधा कृष्ण शर्मा पुत्रान रामस्वरूप शर्मा से खरीद कर रहे है। उक्त सम्पत्ति मे सरोज शर्मा, उर्मिला शर्मा व निर्मला शर्मा द्वारा अपने हिस्से का त्याग अपने भाईयों लाजपत राय शर्मा एवं राधा कृष्ण शर्मा के हित में जरिये रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 01.08.2022 के द्वारा कर दिया गया हैं। मेरे अभिभाष्य उक्त खरीद की जाने वाली सम्पत्ति को एच.डी.एफ.सी. लि. मे बंधक रखकर ऋण प्राप्त करना चाहते है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति के खरीद/बंधक से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर संपर्क करें, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।
जयपुर रामेश्वर सिंह राठौड़), एडवोकेट
दिनांक-15.08.2022 मो.नं. 9829256466

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-तृतीय **राजस्थान आवासन मण्डल**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर, दूरभाष संख्या :- 0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास/फ्लैट् संख्या-10/569 (जी.एफ.) मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 23.810 वर्ग मीटर का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र कमांक 500 दिनांक 17.05.2007 श्रीमती शकुंतला गोस्वामी के पक्ष में जारी किया गया था। श्रीमती शकुंतला गोस्वामी की मृत्यु दिनांक 22.09.2017 को हो जाने के कारण श्रीमती राजकुमारी शर्मा पत्नी श्री तिलक राज शर्मा के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्रीमती राजकुमारी शर्मा पत्नी श्री तिलक राज शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

:आम सूचनाः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य श्री अलीमुद्दीन पुत्र श्री अमीनूद्दीन जो कि जामा मस्जिद के सामने, कागजी मौहल्ला, सांगानेर, जयपुर का निवासी है, मेरे अभिभाष्य का बडा पुत्र तनवीर पुत्र श्री अलीमुद्दीन जो कि मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है तथा अपनी मनमर्जी करता है एवं स्वछन्द जीवन व्यतीत कर रहा है, उसकी उक्त हरकतों से परेशान होकर मेरे अभिभाष्य ने आज दि.16.8.2022 को अपने बडे पुत्र तनवीर पुत्र श्री अलीमुद्दीन को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है अब तनवीर का मेरे अभिभाष्य से किसी भी प्रकार का कोई वास्ता नहीं रहा है, भविष्य में यदि कोई व्यक्ति, बैंक, सरकारी व गैरसरकारी वित्तिय संस्थान तनवीर से किसी भी प्रकार का लेन देन संव्यवहार करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरे अभिभाष्य एवं उसके परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
अजय कुमार शर्मा (एडवोकेट) मो.- 9887227856

**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**
कार्यालय: एफ-6) उपा.राज-द्वितीय (न.नि.ग्रे.)/नविव/2022/1204 दिनांक: 16.08.2022
**सार्वजनिक सूचना**
मूल भूखण्ड संख्या एस.बी. 94, गांधी नगर योजना, जयपुर का अर्बन इम्प्रवमेंट बोर्ड, जयपुर द्वारा श्री कपूर चन्द लुहाडिया के नाम से क्षेत्रफल 367.89 वर्गमीटर भूमि का आवंटन किया गया था। श्री कपूर चन्द लुहाडिया, श्री सुरेश चन्द एवं श्रीमती सुशीला देवी लुहाडिया की मृत्यु उपरान्त 1. श्रीमती छुटन बाई पत्नी स्व. श्री कपूर चन्द लुहाडिया 2. श्रीमती सुनयना 3. श्रीमती सीमा सोगानी पुत्रियान् स्व. श्री सुरेश चन्द द्वारा उक्त भूखण्ड में से अपना-अपना अविभाजित हिस्सा अपने पुत्र/पौत्र/भाई श्री सुधीर कुमार लुहाडिया पुत्र स्व. श्री सुरेश चन्द लुहाडिया के पक्ष में रजिस्टर्ड हक त्याग किया गया। दिनांक 17.06.1991 को ज.वि.प्रा. द्वारा भूखण्ड संख्या एस.बी. 94A, बापू नगर योजना, जयपुर का नाम हस्तान्तरण श्री सुधीर कुमार के नाम से जारी किया गया। श्री सुधीर कुमार द्वारा उक्त भूखण्ड का उत्तरी हिस्सा श्री इन्द्रपाल सिंह चावला एवं श्रीमती कृष्णा देवी को बेचान किया गया। दिनांक 17.09.2004 को नगर निगम, जयपुर द्वारा एस.बी. 94A बापू नगर योजना, जयपुर क्षेत्रफल 367.89 वर्गमीटर का नाम हस्तान्तरण श्री इन्द्रपाल सिंह चावला एवं श्रीमती कृष्णा देवी के नाम से जारी किया गया। दिनांक 17.09.2004 को नगर निगम, जयपुर द्वारा एस.बी.94-ए, बापू नगर योजना, जयपुर क्षेत्रफल 367.89 वर्गमीटर का उपविभाजन पत्र श्री इन्द्रपाल सिंह चावला एवं श्रीमती कृष्णा देवी के नाम से जारी किया गया। दिनांक 15.06.2006 को जयपुर नगर निगम, जयपुर द्वारा एस.बी. 94-ए, बापू नगर योजना, जयपुर क्षेत्रफल 367.89 वर्गमीटर का पट्टा श्री इन्द्रपाल सिंह चावला एवं श्रीमती कृष्णा देवी के नाम से जारी किया गया। श्रीमती कृष्णा देवी द्वारा उक्त भूखण्ड की वसीयत अपने पुत्र श्री विरेन्द्र खत्री के पक्ष में रजिस्टर्ड वसीयतनामा निष्पादित की गई। श्री विरेन्द्र खत्री एवं उनकी माताजी के मृत्यु उपरान्त सुश्री अंकित खत्री एवं सुश्री अक्षिता खत्री द्वारा उक्त भूखण्ड की श्रीमती गीता खत्री का अपना मुख्त्यारनामा बनाया गया। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति, रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र, पावर ऑफ अटॉर्नी, रजिस्टर्ड मुख्त्यारनामा आम, रजिस्टर्ड पट्टे की प्रति, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा श्रीमती गीता खत्री पत्नी स्व. श्री विरेन्द्र सिंह खत्री के पक्ष में क्षेत्रफल 367.89 वर्गमीटर का नाम हस्तान्तरण जारी किया जाना है। इस नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, राजस्व-द्वितीय) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त (राजस्व-द्वितीय), नगर निगम ग्रेटर

**कार्यालय नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा**
क्रमांक-न.पा.पा.प्रा.2021-22/249 दिनांक- 16.08.2022
**आपत्ति आमंत्रण सूचना**
प्रशासन शहरों के संग अभियान 2022 के तहत नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा कार्यालय में 83 व्यक्तियों ने 69क के तहत पट्टा प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये है। जिनकी सूचि नगर पालिका नोटिस बोर्ड पर दिनांक 16.08.2022 को चस्पा कर दी गई है और नगर पालिका की वेबसाईट https://urban.rajasthan.gov.in/nppawta तथा भूमि शाखा में भी उपलब्ध है। सर्व साधारण उक्त सूचि का अवलोकन कर अपनी आपत्ति 7 दिवस की अवधि में मय साक्ष्य दिनांक 23.08.2022 तक भूमि शाखा नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा में दर्ज करा सकेंगे अवधि समाप्त होने पर आपत्तियों पर विचार विमर्श नहीं किया जायेगा और संबंधित आवेदक के पक्ष में पट्टा जारी कर दिया जायेगा। सूचित रहे।


# उदयसागर के गेट छह फीट खोले, वल्लभनगर बांध लबालब

## उदयपुर में एक इंच व जयसमंद में पांच इंच बारिश, जयसमंद झील में पानी की आवक शुरू

**उदयपुर, (कासं)।** प्रदेश में भारी बारिश के अलर्ट के बीच उदयपुर शहर सहित पूरे जिले में दो दिन से बरसात का दौर जारी है। सोमवार को दिन में हुई बारिश के बाद देर रात 1.30 बजे मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हुआ जो मंगलवार दिनभर रुक-रुक कर जारी रहा। शाम 5 बजे तक जयसमंद में पांच इंच से अधिक (132) मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई।

लेकसिटी की फतहसागर, पीछोला व उदयसागर झीलें लबालब होने के बाद अब एशिया की दूसरी सबसे बड़ी मीठे पानी की झील जयसमंद में भी आवक शुरू हो गई। सर्वाधिक बारिश जयसमंद में 132 मिमी रिकॉर्ड की गई। जयसमंद झील को भरने वाली प्रमुख नदी झामरी उफान पर है। यह नदी पुलिया के ऊपर बह रही है। जयसमंद झील का जलस्तर 15 फीट 5 इंच हो गया है। साढे 27 फीट क्षमता वाली इस झील में आवक तेज हो गई है। यह अभी 12 फीट खाली है।

सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता (गिर्वा) निर्मल मेघवाल ने बताया कि पीछोला झील के जलस्तर को 10 फीट 2 इंच बनाकर रखा गया है और इसमें सीसारमा नदी से हो रही आवक को स्वरूपसागर के तीन गेट खोलकर आयड़ नदी में छोड़ा जा रहा है। स्वरूपसागर के आज एक गेट बंद कर दिया गया वहीं दो गेट सवा फीट व एक गेट 6 इंच खुला हुआ है। फतहसागर में मदार नहर से हो रही हल्की आवक के चलते इस पर 3 इंच की चादर चल रही है। सीसारमा नदी जो सुबह 3 फीट बह रही थी उसका वेग बढ़ कर 4 फीट 2 इंच हो गया है। इधर, झीलों के छलकने से आयड़ नदी से हो रही आवक के चलते उदयसागर के दोनों गेट छह-छह फीट खोल दिए गए।



उदयपुर में लगातार बारिश व आयड़ नदी से हो रही पानी की आवक के चलते उदयसागर के दोनों गेट छह फीट खोल दिए गए।

- **जयसमंद को भरने वाली झामरी नदी उफान पर, सीसारमा 4 फीट 2 इंच**

सिंचाई विभाग के बाढ़ नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार जिले में शाम 5 बजे तक केचमेंट के कई हिस्सों में अच्छी बारिश के समाचार मिले है। उदयपुर शहर में 25 मिमी, झाड़ोल 22, ओगणा 30, कोटड़ा 24, स्वरूपसागर 16, उदयसागर 25, वल्लभनगर 65 मिमी बारिश हुई। वहीं सुबह 8 बजे तक समाप्त बीते 24 घंटों में स्वरूपसागर पर 17, देवास प्रथम 22, मदार 29, नाई 20, उदयसागर 19, वल्लभनगर 53, बागोलिया के 25 मिमी बरसात हुई।

# हाइवे पर पूर्व विधायक पर तानी पिस्तौल, कार पर पत्थर मारा

**अजमेर, (कासं)।** जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नारेली पुलिया के पास रविवार देर रात जालौर की पूर्व भाजपा विधायक अमृता मेघवाल पर हमले के प्रयास का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बदमाशों ने उन पर पिस्तौल तान दी और उनकी कार का शीशा तोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस ने नाकाबंदी करवा दी, लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर विकास सांगवान अलवर गेट पुलिस थाने पर पहुंच गए।

मेघवाल ने इस संबंध में अलवर गेट पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। मेघवाल ने बताया कि रविवार की रात वह जयपुर स्थित अपने घर से अपनी स्कॉर्पियो में सवार होकर जालौर जा रही थी उस दौरान रात करीब 8:45 बजे जब वह नारेली बाईपास पर पहुंची तो एक बोलेरो कार उनकी कार को ओवरटेक किया। कार में बैठे लोगों में से एक ने हाथ देकर उनकी कार को रुकवाया। चालक कन्नू शर्मा ने पहचान के लोग होना समझकर स्कॉर्पियो कार को सडक् के एक तरफ रोक लिया। तभी बोलेरो कार में से चार पांच लोग उतरे और उनमें से एक ने स्कॉर्पियो का शीशा उतरवाकर पूर्व विधायक मेघवाल पर पिस्तौल तान दी और उन्हें अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। एक हमलावर ने पत्थर उठाकर स्कॉर्पियो का शीशा तोड़ दिया और सभी हमलावर बोलेरो में सवार होकर ब्यावर रोड की ओर पुरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

- **आरोपी फरार, पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी**

**10 माह पूर्व भी किया गया था जानलेवा हमला:-**अमृता मेघवाल ने बताया कि दस माह पहले भी उन पर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया गया और वो आरोपी भी अभी तक गिरफ्तार नहीं हुए हैं ऐसे में जनप्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं है, उन्होंने कहा कि अब तक मैं जिंदा हूं, तो सबके सामने बोल रही हूं, लेकिन कब मेरी सांस रुक जाए, इसका कोई पता नहीं है। ऐसे में आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

## मनरेगा श्रमिक की मौत, मामला दर्ज

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ग्राम पंचायत नाथूसर में मनरेगा काम पर गई महिला श्रमिक की मौत हो गई। हेड कांस्टेबल मोहन लाल ने बताया कि मेट किरण ने सूचना दी कि नाथूसर निवासी सुरजी देवी रेगर मंगलवार को खेल मैदान के पास चल रहे जोहड़ी खुदाई का काम कर रही थी। जिसकी करीब साढे 11 बजे अचानक तबीयत खराब होने पर अस्पताल लेकर आए व परिजन को सूचना दी। अस्पताल लाने पर चिकित्सकों ने श्रमिक की जंच कर मृत घोषित कर दिया।

## आज भारी बारिश की संभावना

**जोधपुर, (कासं)।** दक्षिण पश्चिमी मानसून और बंगाल की खाड़ी पर बने कम दवाबी क्षेत्र से पश्चिमी राजस्थान में बुधवार तक भारी बारिश की संभावना व्यक्त करने के साथ ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इधर मारवाड़ पर मंगलवार को भी मानसून पूरी तरह मेहरबानी बरसाता रहा। जोधपुर शहर और गांवों में आज कहीं सामान्य तो कहीं मूसलाधार बारिश होती रही। जिससे सडक़ों पर पानी एकत्र होता रहा। पैदल राहगीरों सहित वाहन चालकों को इससे परेशानी उठानी पड़ी। मौसम विभाग ने 17 अगस्त तक पश्चिमी राजस्थान में भारी से अतिभारी बारिश की चेतावनी दी थी। इससे बुधवार को भारी बारिश होने की संभावना बनी हुई है। जोधपुर शहर के कुछ हिस्सों में मंगलवार सुबह, दोपहर और शाम हुई अच्छी बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया। मौसम विभाग का मानना है कि पश्चिमी मध्य प्रदेश पर बना अति कम हवा का दबाव धीरे-धीरे राजस्थान की तरफ बढ़ रहा है। आगे बढ़ते हुए इसके कमजोर पड़ने की संभावना है। यह दो दिन तक सक्रिय रहेगा। 18 अगस्त के बाद एक बार मानसूनी गतिविधियां थम जाएगी।

# मिड-डे-मील पर राजस्थान हाईकोर्ट ने रिपोर्ट तलब की

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बच्चों को दिए जा रहे मिड डे मील की गुणवत्ता रिपोर्ट तलब की है। हाईकोर्ट ने जोधपुर की नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के लीगल एड एवं अवेयरनेस कमेटी की ओर से मुख्य न्यायाधीश को इस बारे में पत्र भेजकर मिड डे मील की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। उच्च न्यायालय ने स्वप्रेरणा से याचिका स्वीकार करते हुए राज्य सरकार से प्रत्येक संभाग की तीन सरकारी स्कूलों में गत तीन माह में गुणवत्ता जांच रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। साथ ही स्कूल प्रबंधन कमेटी को लेकर उनकी ओर से लिए गए फैसलों की रिपोर्ट भी पेश करने का आदेश दिया है।

**मुख्य न्यायाधीश को भेजा पत्र:-** नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की लीगल एंड व अवेयरनेस कमेटी ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेज स्कूलों में दिए जा रहे मिड डे मिल की गुणवत्ता को खराब बताया था। कमेटी की और से सरकारी स्कूलों में बच्चों को देय सुविधाओं को लेकर वर्ष 2017 में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। इस याचिका में कहा गया था कि स्कूलों में बच्चों को मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी व टॉयलेट के लिए भटकना पड़ रहा है।हाईकोर्ट ने मार्च 2020 में एक कमेटी गठित कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया था।

- **अगली सुनवाई अक्टूबर में**

**आदेश पर सदस्य बनाए गए:-** हाईकोर्ट के आदेश पर शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित लीगल एड के अधिकारियों को भी इसका सदस्य बनाया गया था। इस कमेटी में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के छात्र भी शामिल थे। इन छात्रों ने ही जोधपुर जिले की 107 सरकारी स्कूलों में जाकर वहां उपलब्ध सुविधाओं को देखा था। अब इस कमेटी की ओर से सरकारी स्कूलों में सुधार को लेकर एक रिपोर्ट पेश की गई है। इसमें कहा गया कि स्कूलों में पीने के पानी, टॉयलेट सुविधाओं का अभाव है। साथ ही कई स्कूलों का चारदीवारी भी नहीं है। वहीं उपलब्ध संसाधनों का भी पूरी तरह से उपयोग नहीं हो रहा है। इस सर्वे में में स्कूल प्रबंधन कमेटी के निष्क्रिय होने पर सवाल उठाया गया। साथ ही कहा गया कि कोरोना काल में यह पूरी तरह से बंद हो गई। इसे अब वापस से शुरू किया जाना आवश्यक है।

**30 सितंबर तक फैसलों की रिपोर्ट पेश करने के आदेश:** उच्च न्यायालय में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनिन्द्रा मोहन श्रीवास्तव व न्यायाधीश विनोद कुमार भारवानी ने मामले की सुनवाई करते हुए आदेश दिया कि 16 अगस्त से 30 सितम्बर के बीच प्रदेश के सभी संभाग की कम से कम तीन स्कूलों में स्कूल प्रबंधन कमेटी की बैठक में लिए गए फैसलों की रिपोर्ट पेश की जाए। मामले की अगली सुनवाई अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में होगी।

## बारिश का दौर रुक-रुककर चला

**टोंक** (निस)। जिला मुख्यालय सहित आसपास के इलाकों में सोमवार रात्रि से शुरु बारिश का दौर मंगलवार को दिनभर रुक-रुक चलता रहा है, जिससे मौसम में ठंडक का अहसास रहा और लोग बारिश के बीच भीगते हुए अपने व छतरियां लेकर अपने रोजमर्रा के कार्य करते हुए नजर आए।

जिला मुख्यालय पर सोमवार रात्रि 9 बजे करीब बारिश का दौर शुरु हो गया और उसके बाद देर रात को फिर से बारिश का दौर रुक-रुक रातभर चलता रहा। बारिश का दौर मंगलवार को सुबह से दिनभर तक रुक-रुक कर अभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा है। जिसके लोग लोग सुबह बारिश के चलते अपने रोजमर्रा के कार्यो को करने में भी परेशान रहे। बारिश के चलते लोग छतरियां लेकर अपने कार्य कार्य करते हुए नजर आएं और अपने साथ छतरी रखकर अपने कार्य करते हुए नजर आएं। कई लोग बरसाती कोर्ट पहनकर अपने कार्य करते हुए नजर आएं। जिसके बाद शाम साढे 4 बजे बाद झमाझम बारिश का दौर चला। सुबह से शाम तक रुक-रुक बारिश का दौर चलते रहने से मौसम में ठंडक का अहसास हुआ।

# बाइक से टकराने के बाद वैन पलटी, आधा दर्जन घायल



दूदू छाण स्टेट हाइवे पर अनियंत्रित हो बाइक से टक्कर के बाद पलटी वैन।

**मालपुरा, (निसं)।** दूदू छाण स्टेट हाईवे पर पचेवर थाना क्षैत्र के बालापुरा मोड के पास मंगलवार को हुई वैन व बाइक में भिड़ंत हादसे में घायल आधा दर्जन लोगों को मालपुरा के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया।

पचेवर थानाधिकारी रतन सिंह ने बताया कि मंगलवार की सवेरे ढीबरू से दूदू कोर्ट मे तारीख पेशी के लिए वैन में सवार होकर जा रहे लोगों की वैन के सामने अचानक दौडकर भैंस आ जाने पर भैंस को बचाने के दौरान सामने से आ रही मोटरसाइकिल से भिड़ंत हो गई। बाइक व वैन में हुई भिड़ंत के बाद वैन अनियंत्रित हो पलटी खा गई। हादसे में वैन सवार भूरा गुर्जर, जड़ाव गुर्जर, रूकमा गुर्जर व धनराज गुर्जर निवासी ढीबरू एवं बाइक चालक पन्नालाल जैन निवासी पचेवर घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल सभी घायलों को एम्बूलेंस की सहायता से मालपुरा के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया।

# मर्डर के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

- **दृश्यम फिल्म देख बिजनेसमैन ने व्यापारी का मर्डर प्लान किया**
- **लाश जमीन में दफना फर्श बना दिया, पुलिस को भटकाने के लिए मोबाइल कंटेनर में छुपाया**

**अलवर, (निसं)।** मेटल बिजनेसमैन के मर्डर में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। मर्डर के तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने बताया कि सब कुछ प्लान बनाकर किया गया। बॉलीवुड स्टार अजय देवगन की मूवी दृश्यम के प्लॉट पर व्यापारी को मारकर उसके शव को ठिकाने लगाया गया, लेकिन एक चूक ने आरोपियों को पुलिस के फंदे तक पहुंचा दिया।

जानकारी के अनुसार दस अगस्त को अलवर के बिजनेसमैन मंगत अरोड़ा पुराने बकाया की वसूली के लिए रेवाड़ी गए थे। यहां स्क्रैप कारोबारी अंकित भालिया ने दो साथियों के साथ मिलकर मंगत का मर्डर कर लाश गोदाम में गाड़ दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने पूरे एक महीने पहले ही अपने गोदाम में व्यापारी के साइज का गड्ढा खोदकर रखा गया था। रेवाड़ी सदर थाने के एएसआई मनीष ने बताया कि अंकित ने मंगत (50) के मर्डर की साजिश 1 महीना पहले ही रच ली थी। घटना से 30 दिन पहले अपने गोदाम में 4 फीट गहरा गड्ढा खुदवा लिया था। उसने अपने दो साथियों रेवाड़ी निवासी दीपक उर्फ दीपू और रिश्तेदार मनोज को 3 लाख रुपए की सुपारी भी दे दी थी।

कॉल की डिटेल निकाली तो अंकित ने मंगत से कहा था कि गोदाम पर मनोज और दीपक हैं। आपके नाश्ते पानी की व्यवस्था कर दी है। नाश्ता करें। कॉल रिकॉर्ड में अंकित का झूठ पकड़ आ गया। क्योंकि उसने कहा था कि मंगत उसके घर से 11 बजे ही 12 लाख रुपए लेकर निकल गया था। मनोज व दीपक का कॉल में जिक्र हुआ तो पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया।

## युवक का क्षत-विक्षत शव मिला

**मासलपुर, (निसं)।** मासलपुर खेड़ा सड़क मार्ग से सटे गुबरेडा वन खंड की झाड़ियों में सोमवार देर शाम एक युवक का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। झाड़ियों में शव पड़े होने की सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक मनराज मीणा, मासलपुर थाना अधिकारी पुरुषोत्तम सिंह, खेड़ा पुलिस चौकी प्रभारी मलखान मीणा सहित भारी पुलिस बल सहित एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची जहां टीम ने हत्या के साक्ष्य जुटाए पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त की कोशिश की। मगर देर रात तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।

# भाजपा सांसद ने स्वतत्रंता दिवस को गणतंत्र दिवस बताया

**बयाना, (निसं)।** देश की आजादी को 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जहां 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है।

वहीं सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडिया धूम मचा रहा है जिसमें क्षेत्रीय सांसद रंजीता कोली इसे गणतंत्र दिवस बताते हुए कह रही है है कि आज के दिन हमें संविधान मिला था और यही संविधान है जो हमें अलग अलग जाति धर्मो के होने के बाद भी जोड़े रखता है। हालांकि इस वीडियों में सांसद अपने इस भाषण को आरंभ में पढ़ कर बोलती नजर आ रही है। उनकी जबान दो बार फिसलने से वह स्वतंत्रता दिवस को गणतंत्र दिवस बोल गई वहीं एक बार इसे 75 वां स्वतंत्रता दिवस भी बता दिया। वे कस्बे के एक निजी स्कूल में आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रही थी। तो उपस्थित छात्र छात्राएं व शिक्षक भी अचंभित से मुंह ताक रहे थे।

- **सोशल मीडिया पर विडियो वायरल**

## डिमिया बांध चार दिन से ओवरफ्लो

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले भर में सोमवार रात से प्रारंभ हुआ वर्षा का दौर मंगलवार को दिन भर रूक-रूक कर मध्यम तेज गति के साथ चलता रहा। इस दौरान डूंगरपुर -सागवाडा मार्ग पर भेड माता के निकट मोरन नदी के पूल पर पूरे वैग के साथ पानी पूल के उपर से बहता रहा। और इस दौरान राजस्थान रोडवेज की एक बस के चालक ने यात्रियों की जान को जोखम में डालते हुए पूल पार करने का दुस्साहस किया। जिसका विडियों जमकर सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है। वही दूसरी ओर राजस्थान और गुजरात की सीमा पर शयामलाजी हाईवे मार्ग पर पूल पर अत्यधिक बारिश के कारण बह रहे पानी ने दोनो तरफ से मार्ग को दोपहर बाद से जाम कर दिया है। जिसके चलते एन.एच.-48 पर सैकेडो वाहन फंस गये तथा अहमदाबाद जाने वाले यह मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। जिसके चलते अब वाहनधारी दूसरे मार्गो से अहमदाबाद व उदयपुर आ रहे है।

पिछले एक सप्ताह से मानसून सक्रिय है। जिले में रुक-रूक कर बारिश का दौर चल रहा है। अच्छी बारिश के बाद जिले में नदी-नाले उफान पर बह रहे हैं। जिले भर में मंगलवार सुबह भी बारिश शुरू हो गईए जिसके कारण कामकाजी लोगों और स्कूली बच्चों को परेशानी हुई। सागवाडा और गलियाकोट में सबसे ज्यादा ढाई इंच बारिश हुई है। पानी की अच्छी आवक से जिले में कई नदियां उफान पर है और तालाब ओवरफ्लो हो गए हैं। डूंगरपुर शहर के प्रमुख जल स्त्रोत डिमिया बांध 4 दिनों से ओवरफ्लो बह रहा है। शहर की 2 नदी पर बने एनीकट भी ओवरफ्लों हो गए हैं। वही कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह 8 बजे तक पिछले 24 घंटो में जिले में 1 इंच से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड हुई है। सागवाडा और गलियाकोट में ढ ाई-ढ ाई इंच बारिश हुई है। गणेशपुर में सवा दो इंच, डूंगरपुर में 23 एमएम, देवल में 16 एमएम, कनबा में 8 एमएम, धंबोला में 25 एमएम, वैंजा में 16 एमएम, चिखली में 33 एमएम, आसपुर में 19 एमएम, साबला में 11 एमएम, निठाउवा में 18 एमएम और फलोज में 34 एमएम बारिश हुई है।

# कोटा बैराज के 10 गेट खोले

**कोटा** (निसं)।चंबल नदी के सबसे बड़े बांध मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले स्थित गांधी सागर में भारी मात्रा में पानी की आवक हो रही है। इसके चलते वहां से सीजन में पहली बार गेट खोल कर पानी की निकासी शुरू कर दी गई है। शुरुआत में करीब 60 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की गई थी जिसे बढ़ ाकर शाम 7 बजे 1 लाख 60 हजार क्यूसेक कर दिया गया है।

पानी की निकासी के लिए तीन टरबाइन और 5 सलूज व 3 क्रेस्ट खोले गए हैं। जिसके कारण ही प्रदेश के चित्तौडगढ़ जिले के रावतभाटा में स्थित राणा प्रताप सागर से एक लाख 80 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इसके बाद बूंदी जिले में स्थित जवाहर सागर और कोटा बैराज से भी करीब 3 लाख क्यूसेक पानी की निकासी की जाएगी। यह देर रात बढ़ ाई जाएगी। वर्तमान में यह निकासी डेढ़ लाख के आसपास है लेकिन यह रात तक बढ़ कर तीन लाख तक पहुंच जाएगा। इसके चलते ही कोटा से लेकर धौलपुर तक चंबल नदी खतरे के निशान से ऊपर बहेगी।

जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता एजाजुद्दीन अंसारी ने बताया कि कोटा बैराज के भी करीब 10 गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। यह निकासी अभी बढ़ ाकर एक लाख के आसपास की गई है। राणा प्रताप सागर बांध से करीब 1,80,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। ऐसे में यह पानी का इनफ्लो जवाहर सागर और कोटा बैराज में भी बढ़ेगा जिससे निकासी बढ़ेगी। इस भारी मात्रा में पानी की निकासी होने के साथ ही कोटा के नयापुरा इलाके की निचली बस्तियों में पानी भरने की संभावना बन गई है। ऐसे में पहले से ही अलर्ट जारी कर दिया गया है। चंबल की रियासत कालीन पुलिया के ऊपर से पानी गुजर गया है। दूसरी तरफ बीते 45 दिनों से ही झरेल के बालाजी की पुलिया पर पानी आ जाने के चलते कोटा से सवाईमाधोपुर वाया खातौली जाने वाला मार्ग बंद है। आरपीएस डैम के सहायक अभियंता शंकुल राजोरिया का कहना है कि पांच गेट खोल निकासी की जा रही है। यह निकासी भी गांधी सागर बांध से छोड़े गए पानी के चलते ही हो रही है। साथ ही डैम के कैचमेंट एरिया में भी लगातार बारिश का पानी आ रहा है।

- **तीन लाख क्यूसेक लीटर पानी छोड़े जाने की संभावना**

## मंदिर में आरती कर रहे लोगों पर हमला

**डूंगरपुर।** शहर के भावसारवाडा मंदिर में आरती कर रहे लोगों पर 8 से 1० बदमाशों ने हमला कर दिया। इससे कॉलोनी में हंगामा मच गया। बीच बचाव में आई महिलाओं और लोगों से भी बदमाशों ने मारपीट की, जिसमें 2 लोगो को चोटें आई हैं। बदमाश किसी पुराने मामले की शिकायत करने का बदला लेने के लिए हमला किया था। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

कोतवाली थाना क्षेत्र के भावसारवाडा में हुई मारपीट की ये घटना 14 अगस्त के रात के समय की बताई जा रही हैए जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। रात करीब 9 बजे भावसारवाडा के हिंगलाज माता मंदिर में लोग रोजाना की तरह आरती कर रहे थे। उसी समय कुछ बदमाश युवक कॉलोनी में आए। रैगिंग की शिकायत का बदला लेने आए बदमाशों ने मंदिर में आरती कर रहे नेमिल भावसार के पिता हेमंत भावसार पर हमला कर दिया। 8 से 10युवकों के एक साथ हमले से हंगामा मच गया। मंदिर में आरती कर रहे दूसरे लोग बीच बचाव करने आए,लेकिन बदमाशों ने जमकर मारपीट की। बीच बचाव करने आए पूरण भावसार समेत महिलाओं के साथ भी मारपीट ओर बदसलूकी की।

# मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष गोपालकृष्ण व्यास सहित कई नेता सुराणा पहुंचे

## बालक इंद्र कुमार की मौत के संबंध में परिवारजनों से मुलाकात कर निष्पक्ष एवं त्वरित न्याय दिलवाने का भरोसा दिया

**जालोर, (कासं)।** बालक इंद्र कुमार की मौत के संबंध में मंगलवार को शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाने राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गोपालकृष्ण व्यास सायला क्षेत्र के सुराणा ग्राम पहुंचे।

इस दौरान उनके साथ रजिस्ट्रार शैलेन्द्र व्यास, अध्यक्ष व पूर्व मंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा, महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश, आपदा प्रबंधन एवं सहायता, प्रशासनिक सुधार और समन्वय, सांख्यिकी एवं नीति निर्धारण प्रकोष्ठ मंत्री गोविन्दराम मेघवाल, सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजन लाल जाटव, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया, जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर, ओबीसी वित्त एवं विकास कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष पवन गोदारा, वंशावली संरक्षण एवं संवर्धन अकादमी के अध्यक्ष रामसिंह राव, जैसलमेर विधायक रूपाराम धनदेह, अटरू विधायक पानाचंद मेघवाल, पूर्व उप मुख्य सचेतक रतन देवासी व भूराराम सीरवी ने सुराणा पहुंच परिवार जन से मुलाकात कर बालक इंद्र कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गोपालकृष्ण व्यास ने बालक इन्द्र कुमार के परिवारजनों को न्याय एवं हर संभव सहायता प्रदान करने की बात कहते हुए निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया।

इसी प्रकार अध्यक्ष व पूर्व मंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने बालक के परिजनों से बात करते हुए दोषी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने एवं पीडित परिवार के साथ हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। उन्होंने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि परिवारजनों की मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष से 5 लाख रुपए तथा अनुसूचित जाति कल्याण मद से 4 लाख 12 हजार 500 रूपए की सहायता सहित कुल 9 लाख 12 हजार 500 रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि आरोपी को हिरासत में लिया जा चुका है और त्वरित कार्यवाही के लिए 'केस ऑफिसर स्कीम' में प्रकरण का अनुसंधान किया जा रहा है।

- **डोटासरा ने कहा कि अगर कानून में संशोधन करने की जरूरत पड़ी तो भी हम हिचकेंगे नहीं**

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा ने कहा कि अगर कानून में संशोधन करने की जरूरत पडी तो भी हम हिचकेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि मटकी के पानी वाली बात की जांच हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी दलित, ओबीसी और गरीब सवर्ण का हमेशा हित सोचती है। डोटासरा ने कहा कि गुजरात से बच्चे का शव लाते समय पुलिस की ओर से परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार की शिकायत मिली है, इस सम्बंध में तो आज ही कार्रवाई कर दी जाएगी। वहीं स्कूल की मान्यता रदद् करने का नोटिस जारी कर दिया गया है, कमेटी जांच कर रही है। प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने मृतक इंद्र मेघवाल के परिजनों से मिलकर काफी देर तक घटना की व्यवस्थित जानकारी ली और हरसम्भव मदद का भरोसा दिया। परिजनों की ओर से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा परिवार में एक नौकरी पचास लाख की आर्थिक मदद देने की बात रखी।

# खून से लथपथ युवक दुर्गापुरा स्टेशन पर पहुंचा, टिकट काउंटर के पास दम तोड़ा

## वाहन की टक्कर से मृतक का हाथ धड़ से अलग होने की संभावना, मदद के लिए पहुंचा था स्टेशन

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार अलसुबह साढ़े 3 बजे एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हाथ कटा होने के कारण लहूलुहान हालत में वह स्टेशन के अंदर भागते हुए आया। टिकट विंडो के पास गिरा और तड़प-तड़पकर वहीं दम तोड़ दिया। उसकी पहचान नागौर निवासी भंवरराम (35) के रूप में हुई है।

जानकारी मिलने पर जीआरपी और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और सबूत जुटाए। युवक की इस कदर मौत से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने जयपुरिया अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि घटनास्थल से करीब 1 किलोमीटर दूरी पर पुलिस को उसी समय पर एक ट्रोला निकलते हुए दिखाई दिया है। ट्रोले की तलाश में पुलिस सर्च कर रही है।

पुलिस ने बताया कि नागौर के खींवसर स्थित गुडा निवासी भंवरराम जाट (30) पिछले एक

**■ टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश में जुटी पुलिस, पांच दिन से परिवार के संपर्क में नहीं था युवक**

साल से मालवीय नगर में परिवार के साथ रहता था। सोमवार रात भंवरराम का दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन शांति नगर कॉलोनी की तरफ वाली सड़क पर किसी वाहन की चपेट में आने से हाथ कट गया। वह जैसे-तैसे रगड़ते हुए दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर पहुंचा, वहां उसने दम तोड़ दिया था। सूचना पर शिप्रापथ थाना पुलिस, राजकीय रेलवे पुलिस और दुर्घटना थाना दक्षिण पुलिस मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे की जांच के बाद पुलिस ने मामला सड़क दुर्घटना का माना। युवक की पहचान करते हुए जयपुरिया अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। भंवरराम के चाचा भगवानाराम ने बताया कि उनका भतीजा एक वर्ष पहले गांव से जयपुर मालवीय नगर में आकर रहने लगा था। भतीजे भंवरराम के साथ उसकी पत्नी प्रेमलता, बेटी खुशबू, प्रसंता और बेटा आदेश रह रहे थे। प्रेमलता ने बताया कि पांच दिन पहले पति घर से निकले थे। उसके बाद उनका मोबाइल भी बंद आ रहा था। इस दौरान पति से संपर्क नहीं हुआ। उन्हें मंगलवार सुबह घटना का पता चला। इसके बाद मृतक की पत्नी और तीन मासूम बच्चे अपने चाचा के साथ अस्पताल पहुंचे थे।

पुलिस को स्टेशन पर मौजूद एक युवक ने बताया कि रात को एक युवक भागता स्टेशन के अंदर गया। उसका एक हाथ धड़ से अलग था। करीब 100 मीटर दूर टिकट काउंटर के पास वह गिरा और उसकी मौत हो गई। उसका कटा हुआ हाथ थोड़ी ही दूर सड़क पर पड़ा हुआ था। उसे कुत्ते नोचने लगे थे। लोगों ने जब यह देखा तो कुत्तों को भगाकर उसके हाथ सुरक्षित जगह पर रख दिया। मौके पर पहुंची जीआरपी थाना पुलिस ने आसपास सीसीटीवी सर्च किया, लेकिन स्टेशन और उसके आसपास सड़क पर कोई सीसीटीवी नहीं दिखाई दिया। युवक पर हमला हुआ, हिट एंड रन का मामला है या फिर मौत की कोई और वजह, पुलिस इसकी जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस कुछ भी स्पष्ट नहीं बता पा रही है।

जीआरपी पुलिस के मुताबिक यह मामला रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 2 के बाहर मुख्य सड़क का है। पुलिस को मौके पर गाड़ी के टायर घिसने से सबूत मिले है। जैसे किसी ने तेज रफ्तार से चल रहे वाहन को रोका हो। पुलिस भी आशंका जता रही है कि हिट एंड रन केस हो सकता है। पुलिस ने शिप्रापथ और दुर्घटना थाना पुलिस को जानकारी दी है। मौके पर पहुंची दोनों थानों की पुलिस ने अपनी-अपनी जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल से करीब 1 किलोमीटर दूरी पर पुलिस को उसी समय पर एक ट्रोला निकलते हुए दिखाई दिया है। ट्रोले की तलाश में पुलिस सर्च कर रही है।

## परमानंद दलवाड़ी की पेरिस फोटो प्रदर्शनी आज

**जयपुर,** (का.सं.)। 70 के दशक में फ्रांस की अपनी यात्रा के दौरान 82 वर्षीय फोटोग्राफर, प्रो. परमानंद दलवाड़ी द्वारा निकोन एफ कैमरा में कैद की गई फ्रांस की विषम और असामान्य स्थितियों की 50 तस्वीरों का एक संग्रह तैयार किया है। इन चित्रों में हास्य, कोमलता और फ्रांसीसी समाज का वर्णन है, जिसमें प्रत्येक तस्वीर को छोटी कहानियों के माध्यम से बताया गया है। पोट्रेट्स और लैंडस्केप्स के संयोजन को प्रदर्शित करते हुए, ए विजिट टू फ्रांस, 1970: एन एग्जीबिशन बाय परमानंद दलवाड़ी का उद्घाटन बुधवार, 17 अगस्त को जयपुर के जेम सिनेमा में किया जाएगा। संग्रह में पेरिस के साथ-साथ फ्रांस के बाकी हिस्सों की तस्वीरें शामिल होंगी। इसके अलावा फोटो वाली पुस्तक भी होगी जिसमें प्रत्येक के पीछे स्वयं प्रो. दलवाड़ी द्वारा हस्तलिखित कहानियां होंगी। एग्जीबिशन के बारे में बताते हुए, प्रो. दलवाड़ी ने कहा, एग्जीबिशन महान फोटोग्राफर, हेनरी कार्टियर-ब्रेसन के साथ मेरी दोस्ती की एक रचनात्मक प्रतिक्रिया और काव्यात्मक परिणति है और फोटोग्राफी की उनकी अनूठी शैली का प्रमाण है।

## सार-समाचार

### वायुसेना स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाया



**जयपुर,** (का.सं.)। आमेर रोड़ स्थित वायुसेना विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। वायुसेना विद्यालय मीडिया इंचार्ज घनश्याम शर्मा ने बताया कि विद्यालय में ध्वजारोहण मुख्यअतिथि वायुसेना स्टेशन जयपुर के स्टेशन कमांडर ग्रुप कैप्टन दावेश सिंह वी एस एम द्वारा किया गया । तत्पश्चात विद्यालय प्राचार्या सीमा भाटी ने मुख्य अतिथि वायुसेना स्टेशन जयपुर के स्टेशन कमांडर ग्रुप कैप्टन दावेश सिंह एवं स्थानीय अफवा की अध्यक्षा पूर्णिमा सिंह का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने एनसीसी कैडेट परेड की सलामी ली। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यालय के बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी, जिनमें समूह में देशभक्ति गीत एवं समूह नृत्य की हृदयस्पर्शी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका ''उडान '' का विमोचन मुख्यअतिथि वायुसेना स्टेशन जयपुर के स्टेशन कमांडर ग्रुप कैप्टन दावेश सिंह, स्थानीय अफवा की अध्यक्षा पूर्णिमा सिंह, विद्यालय के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर विंग कमांडर के जे एम रेड्डी ने किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्या सीमा भाटी ने मुख्यअतिथि, वायुसेना के अफसर, वायुयोद्धा, अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।इस प्रकार विद्यालय के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर विंग कमांडर के जे एम रेड्डी तथा प्राचार्या सीमा भाटी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

### आत्मनिर्भर एनजीओ की वर्षगांठ मनाई



**जयपुर,** (का.सं.)। आत्मनिर्भर एनजीओ ने अपने दो साल पूरे होने पर सांइस पार्क ऑडिटोरियम में प्रोग्राम आयोजित किया जिसमे इंदर राज सिंह, वित्तीय सलाहकार,15वें वित्त आयोग से, धर्मेंद्र चतुर्वेदी कट्स इंटरनेशनल से, पीके मस्त हस्यकलाकर मुख्य अतिथियों में शामिल रहे। इंदर राज सिंह ही द्वारा महिलाओं के उत्थान ऑर उनकी सुरक्षा पर संदेश दिया गया। साथ ही साथ अर्थ एकेडमी के विद्यार्थियों द्वारा कथक पर रंगारंग प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में आत्मनिर्भर एनजीओ के मेडिकल पार्टनर मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर भी उपस्थित रहा। एनजीओ ने अपने दो साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सभी मुख्य अतिथियों तथा एनजीओ के सदस्यों जिनका अभी तक भरपूर सहयोग रहा है,उनको सर्टिफिकेट और मेमंटो भेंट करके सम्मानित गया गया। तथा प्रस्तुति करने वाले बच्चो को भी सर्टिफिकेट ऑर मेमेंटो देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में तमाम न्यूज चैनल्स उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी के साथ सेक्रेटरी प्रवेश सिंह, मीडिया प्रभारी पुष्पेन्द्र शर्मा, गिल चरण सिंह, सुमित जांगिड़, जितेन्द्र सिंह रावत तथा अन्य मौजूद रहे।

### वृद्धाश्रम में आज़ादी का अमृत महोत्सव




**जयपुर,** (का.सं.)। आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस पर गणगौर महिला ग्रुप की ओर से मानसरोवर में कावेरी पथ स्थित आत्मनिर्भर वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को दोपहर का भोजन करवाया गया। आश्रम के बुजुर्गों ने अपना मनपसंद खाना बड़े चाव से खाया। गणगौर महिला ग्रुप की संयोजक सुशीला भारती ने बताया कि कार्यक्रम में कोर मेम्बर जया कल्ला और दिव्या भारती के अलावा रूबी शर्मा, बीना भार्गव, रेणु कक्कड़, राखी शर्मा और सुमन जोधपुरी मौजूद थीं। इससे पहले भारती ने, जो प्रसिद्ध लोक गायिका हैं, ने बुजुर्गों को राजस्थानी लोक गीत सुनाये। लोक गीतों का बुजुर्गों ने ज़बरदस्त लुत्फ़ उठाया। कुछ बुज़र्गों ने नृत्य कर अपनी ख़ुशी का इजहार किया। आश्रम में रह रहे बुजुर्गों ने गणगौर महिला ग्रुप की इस पहल की सराहना की। आश्रम के संस्थापक हरदेव शर्मा और संजय शर्मा ने बताया कि आशादीप संस्थान द्वारा संचालित आत्मनिर्भर वृद्ध आश्रम की शुरुआत पांच वर्ष पहले की गई थी। यहाँ जरूरतमंद, गरीब निराश्रित, बेसहारा, लावारिस वृद्धजनों के लिए भोजन, आवास मेडिकल की निशुल्क व्यवस्था की जा रही है। वर्तमान में 30 वृद्धजन यहां रह रहे है।

### मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान



**जयपुर** । राजस्थान नर्सिंग कौंसिल परिसर में स्वाधीनता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में सोमवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. शशिकान्त शर्मा ने राजस्थान नर्सिंग कौंसिल परिसर पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़, चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाएँ के निदेशक (जन स्वास्थ्य ) डॉ. के एल. मीना और अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में नर्सिंग शिक्षण में मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही पाठ्यक्रम के लिए प्रक्टिकल लॉग बुक का विमोचन किया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुतियाँ दी।

### कॉमर्स कॉलेज में होगी मतगणना

**जयपुर** (कासं)। आगामी 26 अगस्त को होने वाले छात्रसंघ चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला इस बार मानविकी पीठ के स्थान पर कॉमर्स कॉलेज से होगा। विवि. प्रशासन 27 अगस्त को मतगणना का काम इस बार कॉमर्स कॉलेज में करेगा। राजस्थान विश्वविद्यालय प्रशासन ने मतगणना के संबंध में मंगलवार को एक बड़ा निर्णय लिया है, जिसके मुताबिक इस बार मतगणना मानविकी पीठ के स्थान पर कॉमर्स कॉलेज में होगी। मंगलवार को डीएसडब्ल्यू सरीना कालिया सहित चुनाव से जुड़े अधिकारियों और शिक्षक कॉमर्स कॉलेज पहुंचे और वहां का मौका मुआयना किया और अपनी रिपोर्ट कुलपति प्रो. राजीव जैन को दी। गौरतलब है कि राजस्थान विवि के मानविकी पीठ सभागार को अब ऑडिटोरियम के रूप में तब्दील कर दिया गया है, ऐसे में वहां मतगणना का काम होना संभव नहीं है, इसलिए प्रशासन ने छात्रसंघ चुनाव की मतगणना कॉमर्स कॉलेज के सभागार में करवाए जाने का निर्णय लिया है।

### वरिष्ठ लिपिक छोटूलाल धरने पर बैठे

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान विश्ववविधालय के वरिष्ठ लिपिक छोटूलाल सैन मंगलवार को आवास के बदले आवास देने की मांग को लेकर कुलपति सचिवालय के सामने धरने पर बैठे। उनके समर्थन मे सेवानिवृत कर्मचारी, सेवारत कर्मचारी व सहायक कर्मचारी संघ की संयुक्त मंत्री गीता देवी भी धरने पर बैठी। सेवानिवृत कर्मचारी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मोहम्मद मुस्तफा ने कुलपति महोदय को ज्ञापन देकर छोटूलाल सैन को पूर्व की भांति आवास के बदले आवास देने की मांग की।

## पशु प्रेमियों ने निकाली बाइक रैली



स्वतंत्रता दिवस पर पशु प्रेमियों ने जयपुर शहर में जागरूकता के लिए बाइक रैली निकाली।

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में स्वतंत्रता दिवस पर पशु प्रेमियों ने बाइक रैली निकाली। पशु प्रेमियों की ओर से पहली बार बाइक रैली व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

आईपीएस संदीप सिंह चौहान ने जवाहर सर्किल से रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का नेतृत्व जयपुर सुपर बाइकर्स ने किया। रैली के माध्यम से आमजन को जागरूक करने का प्रयास किया गया। रैली में पशु प्रेमी मरियम अबुहैदरी सहित प्रख्यात पशु विशेषज्ञ व पशु कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रैली में संयुक्त पत्र हस्ताक्षर गतिविधि भी रखी गई। इस दौरान डॉग ट्रेनर और कैनाइन कनेक्ट अकादमी की संस्थापक प्रियांशी सिंह ने कुत्तों व अन्य जानवरों को लेकर आमजन को जागरूक करने का प्रयास किया। प्रियांशी सिंह ने कुत्ते की आक्रामकता पर बात की। उन्होंने इसके कारण और इसे नियंत्रित करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'कुत्ते अचानक घबराहट में या खुद पर हमला होने की आशंका से हमलावर होते है। वे ठीक वैसे ही प्रतिक्रिया करेंगे जैसे हम इंसान अपने बचाव के लिए करते है। ज्यादातर शिकार बच्चे होते हैं, क्योंकि हम बच्चों को कुत्तों के आसपास कैसे रहा जाए ये नहीं सिखाते । साथ ही, पहली बार पालतू पशु मालिक बिना सोचे पालतू जानवर को घर लाते हैं। उन्हें एक योग्य प्रशिक्षक से पिल्ले को ट्रेनिंग दिलाने की जरूरत होती है।

## एम.के. गुरबानी अध्यक्ष बने

**जयपुर** । नार्थ ज़ोन इन्शयोरेंस एम्प्लॉयज एसोसिएशन जयपुर मण्डल प्रथम का दो दिवसीय मंडलीय सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन मे जयपुर मण्डल की सभी शाखाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन मे ध्वजारोहण के पश्चात् सर्वप्रथम उद्घाटन सत्र रखा गया, फिर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।

सम्मेलन में ए.आई.आई.ई.ए. के उपाध्यक्ष अनिल भटनागर, के अध्यक्ष आर.सी शर्मा, महासचिव नवीन चंद, मुख्य कोषाध्यक्ष रवींद्र शर्मा, सीटू के प्रदेशाध्यक्ष रविन्द्र शुक्ला, एआईआईपीए. के संयुक्त सचिव सतीश खंडेलवाल ने सम्बोधित किया। शाम को आज़ादी का जश्न, सांस्कृतिक संध्या हुई। अगले दिन आगमी 3 वर्ष के लिये जयपुर मण्डल की कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चुनी गई। इसमें अध्यक्ष सीटू एम.के गुरबानी, उपाध्यक्ष राजेन्द्र चौहान और अरविन्द गौनाडे, सचिव सुमित कुमार, संगठन सचिव सुरेश दानोदिया, अजय आर्या, जे.पी मीणा, संयुक्त सचिव पवन पारीक, जितेन्द्र वर्मा, आर.के मोरानी, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कौशिक तथा सह कोषाध्यक्ष ज्ञानेश्वर शर्मा व अंकेक्षक आर. पी विजय व सतीश कौशिक चुने।

## पानी की टंकी पर चढ़े भीम सेना के चार नेता

### जालौर में शिक्षक की पिटाई से मासूम इंद्र मेघवाल की मौत पर जताई नाराजगी



**जयपुर** (कासं)। जालौर में शिक्षक की पिटाई से 9 वर्षीय स्कूली छात्र इंद्र मेघवाल की मौत के बाद समाज के लोगों का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा हैं। पुलिस से नाराज समाज के लोग मंगलवार को जयुपर में विधानसभा के पास पानी की टंकी पर चढ़ गए। इनमें भीम सेना के प्रदेश अध्यक्ष रवि कुमार मेघवाल, बनवारी लाल साखा, लक्ष्मीकांत और पूर्व सरपंच भागचंद बैरवा शामिल थे।

ज्योति नगर थानाधिकारी सरोज धवल के मुताबिक विधायक चंद्रकांता मेघवाल की समझाइश के बाद रात करीब साढ़े 10 बजे ये सभी नीचे उतरे। इन्होंने मांग उठाई कि मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए का मुआवजा और दो लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिल जाती, तब तक वह पानी की टंकी पर चढ़े रहेंगे। उधर इंद्र मेघवाल की हत्या के आरोपी को सजा देने मांग को लेकर 3 दिनों से राजस्थान यूनिवर्सिटी के पूर्व महासचिव नरसी किराड़ और सैकड़ों छात्र मुख्य गेट पर धरने पर बैठे है।

## कबड्डी खिलाड़ी शालिनी पाठक को नि:शुल्क पट्टा



**जयपुर** (कासं)। जेडीए ने मंगलवार को प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत एशियाई खेलो में रजत पदक विजेता कबड्डी खिलाड़ी शालिनी पाठक को निलय कुंज योजना में भूखण्ड का नि:शुल्क पट्टा दिया।

जेडीए आयुक्त रवि जैन ने बताया कि एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता कबड्डी खिलाडी शालिनी पाठक को प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 150वीं बैठक में लिये गए निर्णय और राज्य सरकार से प्राप्त स्वीकृति के परिपेक्ष्य में जोन-9 की आवासीय योजना निलय कुंज में भूखण्ड संख्या 42 क्षेत्रफल 225 वर्गमीटर का आवंटन किया गया था। जेडीसी ने बताया कि जोन ओर से मंगलवार को पट्टा जारी करने की औपचारिकताएं महज कुछ ही समय में पूरी करते हुए भूखण्ड का पट्टा तैयार कर शालिनी पाठक को जारी किया गया। जेडीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एशियाई खेलो में ओलम्पिक, एशियाई एवं राष्ट्रमण्डल खेल आयोजनों में अपने उत्कृष्ण खेल प्रदर्शन कर मैडल जीत कर देश एवं प्रदेश का नाम रोशन करने वाले राजस्थान के मूल निवासी खिलाडियों को नि:शुल्क भूमि आवंटन करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणानुसार 18वें एशियाई खेलो में रजत पदक विजेता कबड्डी खिलाडी शालिनी पाठक को निलय कुंज योजना में सरकार की स्वीकृति के बाद भूखण्ड का नि:शुल्क पट्टा दिया गया।

## एसएमएस मेडिकल कॉलेज में पांच अति. प्राचार्य बने

**जयपुर** । राज्य सरकार ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में पांच चिकित्सक शिक्षकों को अतिरिक्त प्राचार्य के पद पर नियुक्त किया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार वरिष्ठ आचार्य डॉ. गोवर्धन मीणा, वरिष्ठ आचार्य डॉ. अभिषेक अग्रवाल, वरिष्ठ आचार्य डॉ. मोनिका जैन, वरिष्ठ आचार्य डॉ. बी.एल. कुमावत तथा वरिष्ठ आचार्य व गणगौरी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. लीनेश्वर हर्षवर्धन को अतिरिक्त प्राचार्य के पद पर नियुक्त किया है।

## आरोपी पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। खोह-नागोरियान थाना पुलिस ने युवती से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मनोहर लाल ने बताया गिरफ्तार आरोपित मामराज गुर्जर (25) गांव गुगली का गवाडा, अजबगढ़ अलवर का रहने वाला है।

## स्पैरो कंपनी को अनुबंध खत्म करने की चेतावनी?

### ग्रेटर और हैरिटेज नगर निगम में राजस्व वसूली में फिसड्डी है कंपनी, मेयर-कमिश्नर ने दिया था एक माह का अल्टीमेटम

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में बकाया नगरीय विकास कर (यूडी टैक्स) वसूली करने में स्पैरो कंपनी फेल साबित हो रही है। जिसके चलते ग्रेटर और हैरिटेज नगर निगम प्रशासन अब कंपनी से पीछा छुड़ाने की तैयारी में है। ग्रेटर निगम प्रशासन ने हाल ही में कंपनी को थमाकर अनुबंध खत्म करने की चेतावनी दी है। इससे पहले ग्रेटर निगम कमिश्नर महेन्द्र सोनी और हैरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर ने कंपनी को एक माह का अल्टीमेटम देते हुए हालात सुधारने को कहा था।

दरअसल दोनों नगर निगम में स्पैरो सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को नगरीय विकास कर वसूली पर 9.95 प्रतिशत कमीशन मिलता है। इसके बाद भी ग्रेटर और हैरिटेज निगम का खजाना खाली है। कम्पनी ने जब काम संभाला था, उस समय नगरीय विकास कर वसूली के बड़े सपने दिखाए थे। कम्पनी अनुमान के मुताबिक वसूली नहीं कर पा रही है। साथ ही कर्मचारियों की दुर्व्यवहार की शिकायतों से भी निगम प्रशासन परेशान हो चुका है। सर्वे के नाम पर फर्म के लोग कभी भी आ धमकाते है।

सूत्रों की मानें तो अनुबंध के बाद अब तक ग्रेटर नगर निगम में 96 करोड़ और हैरिटेज नगर निगम में 53 करोड़ रुपए नगरीय विकास कर वसूला है। होर्डिंग साइट को छोड़कर विज्ञापन साइट से ग्रेटर निगम में 10.60 करोड़ और हैरिटैज निगम में 6.5 करोड़ रुपए वसूल किए है। जबकि ग्रेटर नगर निगम ने इस साल यूडी टैक्स वसूली का टारगेट 80 करोड़ रूपए से रखा है, जबकि वसूली अभी तक करीब साढ़े 18 करोड़ रुपये की हुई है। 1 अप्रैल से जुलाई तक निगम प्रशासन ने करीब पौने 17 करोड़ रूपए यूडी टैक्स के वसूल किए है। इनमें हाउस टैक्स में 22 लाख रूपए वसूल कर पाए है, जबकि विज्ञापन शुल्क के रूप में ग्रेटर नगर निगम ने अभी तक एक करोड़ रूपए से अधिक वसूल किए है।

## फर्जी ई-चालान से रजिस्ट्री करके सरकार को राजस्व हानि पहुंचाने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। फर्जी ई-चालान बनाकर मकानों के विक्रय पत्र पंजीयन (रजिस्ट्री) करवाकर सरकार को करोड़ों रुपये की राजस्व हानि पहुंचाने वाला एक और शातिर बदमाश जयपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि जयपुर शहर के विभिन्न उप पंजीयक कार्यालयों में फर्जी ई-चालान के जरिये मकानों की रजिस्ट्री करके राज्य सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का चूना लगाने का मामला सामने आया था। इस मामले की जांच कर रही विशेष टीम ने हंसराज शर्मा (34) निवासी गांव मुहाना सांगानेर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि उप पंजीयक जयपुर दशम के कार्यालय में 227, उप पंजीयक जयपुर द्वितीय में 105, उप पंजीयक पंचम में 135 फर्जी ई-चालान के जरिये रजिस्ट्रियां हुई है। उप पंजीयक अष्ठम में भी कूट रचित ई-ग्रास चालान का उपयोग हुआ है। इस



आरोपी हंसराज शर्मा

प्रकार कुल 543 लोगों से करीब 10 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। पुलिस की विशेष जांच टीम अब तक 18 बदमाशों को गिरफ्तार कर चुकी है। कूट रचित ई-ग्रास चालान तैयार करने में शामिल बाकी बदमाशों और उनके मददगारों की तलाश जारी है।

अति. पुलिस कमिश्नर अजयपाल लाम्बा ने बताया कि फर्जी ई- चालान से विक्रय पत्र पंजीयन की जानकारी सब

**■ पुलिस अब तक 18 आरोपी पकड़ चुकी**

रजिस्ट्रार कार्यालय के अफसरों को जब मिली, तो उन्होंने खरीददारों को नोटिस थमाकर रकम और 12 प्रतिशत ब्याज जमा कराने को कहा। इस पर सैकड़ों क्रेता पक्ष डीड राइटर, ई-मित्र संचालक, स्टाम्प वैंडर द्वारा बनाकर दिये गये ई-चालान लेकर पुलिस के पास पहुंचे। इन ई-चालानों में साफ लिखा था कि सम्पूर्ण राशि नकद या बैंक ट्रांसफर के जरिये डीड राइटर, ई-मित्र संचालक और स्टाम्प वेंडर को अदा कर दी गई है। जब लोगों को धोखाधड़ी का मालूम चला तो उन्होंने बनीपार्क थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी देखते हुए विशेष टीम को जांच सौंपी गई। उप पंजीयक कार्यालयों, एनआईसी, विभिन्न बैंकों व ई-ग्रास, वित्त विभाग से रिकॉर्ड प्राप्त कर कूट रचित ई-ग्रास चालान जीआरएन नंबर तैयार करने वालों को चिन्हित कर लिया है।

## देवीसिंह नरूका का सम्मान



**जयपुर** (कासं)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इस शिक्षण संस्थान के पूर्व छात्र वरिष्ठ लेखक व पत्रकार देवी सिंह नरूका को सम्मानित किया। शिक्षा समिति के संरक्षक जालिम सिंह ने उन्हें माला पहनाई और प्रशंसा पत्र प्रदान किया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड थे तथा अध्यक्ष आई.ए.एस. राजेन्द्र सिंह शेखावत थे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कई रंगारंग कार्यक्रम पेश किये।

## मानसरोवर में तेज रफ्तार कार ने मां-बेटे को कुचला

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में मां-बेटे सहित तीन को कुचल दिया। इस दौरान दो लोगों की मौत हो गई। वहीं घायल महिला का अस्पताल में इलाज जारी है।

पुलिस के अनुसार हादसे में दूदू के सेवा निवासी प्रभु हरिजन (32) की मौत हो गई। प्रभु अपनी मां कमला व अन्य परिजन के साथ पटेल मार्ग पर रहकर साफ सफाई का काम करता था। सोमवार रात को पटेल मार्ग पर मकान नंबर 72/32 के बाहर फुटपाथ पर मां-बेटे सो रहे थे। देर रात करीब 2 बजे शिप्रापथ से न्यू सांगानेर रोड की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर फुटपाथ पर सो रहे मां-बेटे के ऊपर से निकल गई। हादसे में घायल दोनों को जयपुरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में कुछ देर बाद बेटे की मौत हो गई और मां को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

**■ संजय सर्किल इलाके में भी कार ने युवक को रौंदा**

दुर्घटना में बेकाबू कार दुकान के शटर से टकराकर रुक गई। इससे शटर भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया।

वहीं संजय सर्किल इलाके में सड़क किनारे बने कबूतरों के चौक पर सो रहे युवक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर कर शिनाख्त का प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि कबूतरों के चौक पर लोग गाडी भी पार्क करते हैं। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वह किसी गाड़ी के आगे सो गया था। ड्राइवर ने अंधेरे में ध्यान नहीं दिया और गाड़ी उस पर चढ़ा दी। जिसके चलते उसकी मौत हो गई।



## Anti-Frizz Month


Frizz is a condition that happens when the humidity in the air gets into your cuticles making them spin out of control, and people with curly hair have it particularly bad. Thankfully there are ways to combat this natural phenomenon and turn even the most humid of days into a great hair day. Anti-Frizz Month was established by Alberto VO5 to help people all over the world combat frizz and see their way to a lifetime of great hair.



#READING

# Best Sci-Fi Books of All Time

Looking for your next read? Take a trip into the future with our pick of the best science fiction novels of all time




Since time immemorial, mankind has been looking up at the stars and dreaming, but it was only centuries ago that we started turning those dreams into fiction. And what remarkable dreams they are - dreams of distant worlds, unearthly creatures, parallel universes, artificial intelligence and so much more. Today, we call those dreams science fiction.

Sci-fi brings out the best in our imaginations and evokes a sense of wonder, but it also inspires a spirit of questioning. Through the enduring themes of sci-fi, we can examine the zeitgeist's cultural context and ethical questions. Our favourite works in the genre make good on this promise, meditating on everything from identity to oppression to morality. As the Nobel Prize-winning novelist Doris Lessing said, "Science fiction is some of the best social fiction of our time."

Here are the best science fiction books of all time.

### Foundation, by Isaac Asimov (1951)

Asimov was a prolific writer but many of his best works are classic short stories such as Nightfall or The Last Question, which play out like long jokes with a punchline twist at the end. In the Foundation series, he's in another mode entirely charting the rise and fall of empires in sweeping brush strokes. Asimov's prose can be stilted and betrays the attitudes of its time in the portrayal of female characters but it has left a lasting legacy.

### Frankenstein, by Mary Shelley (1818)





Mary Shelley started writing classic gothic thriller Frankenstein when she was 18 years old. Two centuries later, it is a major ancestor of both the science fiction and horror genres tackling huge themes like the nature of life and death, immortality and genetic engineering. It is a pro-science novel that at its heart shows Dr Frankenstein as the callous fiend of the story, who created a being and was not willing to accept responsibility for his actions.

In an age where the space between technical life and death is narrower than ever, and scientists are playing with the makeup of what makes us humans, Frankenstein can still teach an important lesson: just because you can, doesn't mean you should.

### The Stars My Destination, by Alfred Bester (1957)


This landmark novel begins with a simple proposition – what if humans could teleport? - and sprawls into a tale of rebirth and vengeance that winds across the Solar System: The Count of Monte Cristo for the interstellar age. First published as Tiger! Tiger! in the UK, named after the William Blake poem, it follows Gully Foyle - a violent, uneducated brute who spends six months marooned in deep space and the rest of the book seeking retribution for it.




### Solaris, by Stanislaw Lem (1961)

If you think you know Solaris from the 2002 Steven Soderbergh film, the original book may come as a bit of a surprise. Written by Polish writer Stanislaw Lem in 1961, this short novel is heavier on philosophy than plot. It follows a team of humans on a space station who are trying to understand the mysterious living ocean on the planet Solaris, with little success - their research is limited to lengthy descriptions that paint a vibrant picture of the alien planet but fail to elucidate how it works. As they poke and prod, Solaris ends up exposing more about them than it does about itself, with the book demonstrating the futility of humans trying to comprehend something not of their world.

### Ice, by Anna Kavan (1967)




The novel reads like a grown-up, nightmarish version of Alice in Wonderland: Kavan takes you on a journey that is hallucinogenic and unsettling, with no regard to whether the narrator is dreaming or awake. But the true genius of the book is its language – depicting a powerful allegory crushing the pain of addiction, loneliness and mental illness will do little to cheer you up, but will capture your attention.

### The Moon is a Harsh Mistress, by Robert Heinlein (1966)

One of Elon Musk's favourite books, apparently, this gripping novel paints a plausible picture of life on Earth's satellite; three years before man set foot on the moon for the first time. Its depictions of the challenges of life in orbit and the ingenuity of human solutions to the problem even among the exiles and misfits who make up the lunar population are memorable.

---

Director Jasmeen K Reen's latest dark comedy Darlings has been declared as the biggest opener on Netflix for a non-English language Indian release. This Aaliya Bhatt starrer has also managed to wow the audience in 16 countries including Kenya, Malaysia, UAE and Trinidad & Tobago. For most women, the protagonist has done what they have only been dreaming of- take revenge on the husband!



#MOVIE-SHUVIE

# Darlings: The love that hurts & kills!



Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*

Some decades back, I had watched Shahrukh Khan and Juhi Chawla starrer Darr. Since then, I had always wondered what if Juhi Chawla's character had married Shahrukh Khan instead of Sunny Deol? Would she have lived happily ever after with the one who loved her to death? Would she have been loved gently or would it have been an obsessive, cruel kind of love? After all these years, later watching Aaliya Bhatt starrer Darlings, I think my question has been answered.

### Beating with love

Along with Aaliya Bhatt who plays Badrunissa, Darlings stars Shefali Shah as her mother Shamshunissa, Vijay (as Badrunissa's husband Hamza Sheikh). The movie is backed by Shahrukh Khan's production house Red Chillies and is a story about a lower middle class Muslim couple Badrunissa and Hamza Sheikh who falls in love and get married. Badrunissa wants to live the dream of happily ever after with Hamza who loves her with a twist. He beats her over small things; badly cooked food, talking to other men, not listening to him, not wearing the right clothes, trying to help him to give up addiction by secretly mixing medicine in his food or even complaining about the violence he inflicts on her in the local police station.

His logic? He beats her out of love. Her logic? He will change, perhaps if he is able to leave alcohol or if they have a child. Her mother constantly tries to tell her that men like Hamza don't change but she doesn't want to believe her.

In the beginning of the movie, I found a dialogue particularly interesting.

Shamshunissa: Beta, abhi bhi der nahin hui hai! (There is still time)

Badrunissa: (watching television): Kal roasting try karein ammi. (Mother, should we try roasting tomorrow)?







Shamshunissa : Kal potla band ke ghar aa wapis! (Tomorrow, come back home with your bag and baggage)

Badrunissa: Koshish kar rahin hoon na! (I am trying)

Shamshunissa: Pichle teen saal se ye shakal surat ka dhobi talab bana ke rakh diya hai uss aadmi ne. Pitai, phatke, dhulaiyee, chal hi raha hai! (In the last three years, he has ruined your face! He keeps beating you over everything.)

Badrunissa: Amma, time lagta hai. Aise municipality ka nal thodi hai. Khola to phurr, paani band kiya to khatam. (Mother, it takes time. This is not like a public tap which can be switched on at will).

Shamshunissa: Yeh aise theek nahin hoga. Teda sochna padega. Nahin to ek din itna marega ki mar jayegi meri bacchi. Phir kya karegi? (This cannot be remedied like this. We need to think different! Else my child will die. What will you do then?)

### That thing called hope

This leaves Badrunissa thinking yet she willingly endures the violence for half the movie. Why? Because she feels that her husband will change. Every night he batters her and every morning he apologizes to her. His logic? He hits her because he loves her and what does he not give her? He doesn't force her to wear the burqa, does not stop her from going anywhere and let her do what she pleases. Her reasoning? He hits her but loves her too! Her mother on the other hand knows that things would never change because she has endured a similar fate.

Much to Badru's chagrin, through out the movie, her mother keeps reminding her of a story of the frog and scorpion.

### Scorpions never change

Once a frog was resting on a river bank when a scorpion came to him. The scorpion wanted to go across the flooded river and begged the frog for help. The frog asked him, "what if you bite me?" The scorpion replied, "Bite you? Are you mad? If I bite you, even I will drown. I promise I won't bite you." The naïve frog believed him and carried him on his back. Midstream, the scorpion bit the frog. The shocked frog asked, "why did you bite me? You promised not to!" The scorpion said, "Oops sorry! Its my very nature to bite. I couldn't resist!"

The truth of the story finally dawns on her when she after getting pregnant gets beaten up by her husband which results in a miscarriage. This changes everything for her and she decides to teach him a lesson by kidnapping him in his own home and torturing him the way he tortured her with the help of her mother and her friend Zulfi (Roshan Matthew) .

### Earned respect

But even then she does not do it to take revenge on her husband. As she explains to her mother, she does it because she wants 'respect' from him. A term that is often used in context of women but seldom practiced in real life.

Have you ever wondered why in the past few years there has been a deluge of movies centring around domestic violence? Yes, earlier too there were movies like Kab Tak Chup Rahungi, Mehndi, Raja Ki Aayegi Barat, Provoked and more recently Thappad. However, most of them were about the woman walking away from the abuser. Darlings is somewhat different. It is about the abused turning tables on the abuser and giving him the taste of his own medicine.

### Hitting the psyche

There is part in the movie when Aaliya Bhatt's Badru buys a pair of high heeled red bellies along with a red dress to seduce her husband so that they can have a baby. However, before she can put her plan to action, the husband uses the same red bellies to break one of her fingers because she agrees to participate in her colony's redevelopment project. Yet, the next morning instead of doing something about it she simply vents out her anger by breaking some utensils in the kitchen. At a point in the movie she tells her mother 'Pehle to chot sirf shareer par lagti thee, ab dimag pe lagti hai' (First it only use to hurt my body but now this abuse hurts my mind too).

### Justified abuse

The thing that really struck me here was that how easily do we women accept punishment or abuse from men? We deal with it by venting out our frustration or sometimes we even allow ourselves to believe that the fault lies within us, so in some twisted logic, we deserve the punishment. In this case Badru blamed first herself, then alcohol and finally realized that it was Hamza who was at fault. Is it something that has been ingrained in our psyche or have we been trained to accept everything that the men dole out to us? Even abuse? But interestingly men are not taught to accept that same abuse back. When Badru starts doling out the same treatment to Hamza, he keeps warning her to stop or else once he is freed, he will ensure that she suffers a worse fate.

Ultimately, there comes a time when she decides to kill him by tying him to the railway tracks. But in the nick of time, she decides to let him go because she feels that she cannot be as cruel as he had been to her. She tells her mother that initially she did all this to command respect from Hamza but eventually realized that she doesn't need respect from anyone except herself. However, as she frees him, he starts proclaiming that he will take his revenge only to get killed by a speeding train.

> The movie is indeed hardhitting. Aaliya Bhatt is her usual self with some traces of Raazi's Sehmat. The chemistry between her and Shefali Chayya's Shamshunissa is more than a match for her. They are completely in sync with their coordinated eye signals, mannerisms and comedy.

### Has the world changed?

The interesting bit is that on one hand Darlings has been receiving accolades from the media about its content and the treatment of the subject while on the other hand men's organizations like SIFF (Save Indian Family Foundation) say that the men have been traumatized by the movie since they believe that this will further increase the domestic violence against men by women. This maybe partly true but what about those countless women from middle or lower strata of the society who face abuse every day over one pretext or the other? In a scene in the movie, when the inspector tells Badru's mother Shamshunissa that the world has changed for women, she counters by telling him that the world has only changed for the Twitter users and not for common folk like themselves.

### Overall...

The movie is indeed hardhitting. Aaliya Bhatt is her usual self with some traces of Raazi's Sehmat. The chemistry between her and Shefali Chayya's Shamshunissa is more than a match for her. They are completely in sync with their coordinated eye signals, mannerisms and comedy. Such is the vibe between both actors that when Shefali Shah was asked about it, she said that she shares such a great chemistry with Aaliya that even without preplanning, they ended up doing the same thing on screen without choreographing. Vijay Verma who was also seen in movies like Pink, She and Gully Boy is so convincing in his character as Hamza that he has been quoted as saying that post the release of the movie, his mother has been worrying that no girl will want to marry him.

writetoarbit@rashtradoot.com



---

#CYNOLOGY

# Dementia Risk in Aging Dogs

"Hearing loss is one of the biggest predictors of dementia in people," Olby says.



A new study explores the connection between hearing loss and dementia in geriatric dogs.

The work could aid in both treatment of aging dogs and in understanding the relationship between sensory loss and cognitive function in dogs.

"In humans, we know that age-related hearing loss is estimated to affect one-third of people over age 65," says Natasha Olby, chair in gerontology at North Carolina State University and corresponding author of the study.

"We also know that the rate of cognitive decline is approximately 30-40% faster in people with age-related hearing loss and that hearing loss is a greater contributor to dementia risk than other factors such as hypertension or obesity. But we don't understand whether the same holds true for dogs."

In the study, Olby and colleagues evaluated 39 senior or geriatric dogs. Auditory and cognitive tests were performed on each dog and their owners were asked to fill out two commonly used questionnaires - one focused on cognitive ability and the other on quality of life. The researchers compared cognitive testing, questionnaire scores, and age between hearing groups.

The 'average' dog can hear tones at 50 decibels (dBs) with no difficulty. Of the study cohort, 19 of the dogs could hear at 50 dBs, 12 at 70 dBs, and eight at 90 dBs (roughly equivalent to the noise made by a jet plane at take-off). The average age of the dogs within each group were 12, 13 and 14 years old, respectively.



When the researchers compared the hearing results with owners' quality of life questionnaire responses, they found that scores related to vitality and companionship declined significantly as hearing deteriorated.


Similarly, cognitive questionnaire scores ranked all eight of the dogs in the 90 dB group as abnormal, compared to nine of the 12 in the 70 dB group and eight of the 19 in the 50 dB group. Results from cognitive testing were similar: as hearing declined, so did the dog's ability to perform tasks.

"Hearing loss is one of the biggest predictors of dementia in people," Olby says.

"By quantifying neurological and physiological changes in elderly dogs, we're not only improving our ability to identify and treat these issues in our pets, we're also creating a model for improving our understanding of the same issues in humans."

---

#HUMAN-BEHAVIOUR



# Science Skeptics & Overconfidence

People who dispute scientific consensus on topics such as vaccine efficacy, climate change or the Big Bang tend to overestimate their own knowledge of these subjects, a new study finds.

The study surveyed thousands of Americans online, quizzing them on scientific facts and soliciting their opinions on eight contested topics, including the COVID-19 vaccine.

The researchers found that respondents who answered more factual questions correctly were more likely to agree with the scientific consensus about each topic. On the other hand, those who answered many factual questions incorrectly but thought they understood certain topics well were more likely to disagree with the scientific consensus.

For example, many who said in July 2020 that they would 'definitely not get the vaccine' incorrectly answered questions about how viruses spread and how vaccines work but then said they thought they had a 'thorough understanding' of how a COVID-19 vaccine would work.

The research appears in the journal Science Advances.

### What's 'True' Anymore?


Steven Sloman, a co-author of the study and a professor of cognitive, linguistic and psychological sciences at Brown University, says the findings demonstrate that whether or not people agree with scientists doesn't just depend on how well they understand the science, it also depends on how well they perceive their own understanding. The research also shows the extent to which alternative facts have taken hold in many communities.

"It is a sad fact that our society has returned to an era in which many people's sense of what's true is governed more by the beliefs of the people around them than by the hard work of scientists using evidence to test their hypotheses," Sloman says.

Nick Light, the study's lead author and an assistant professor of marketing at Portland State University, says the study reveals why fact-based educational interventions have had only limited success in convincing people to say get vaccinated or reduce their individual carbon footprints.



"For many years, smart people thought that the way to bring people more in line with scientific consensus was to teach them the knowledge they lacked," Light says.



"For many years, smart people thought that the way to bring people more in line with scientific consensus was to teach them the knowledge they lacked," Light says. "Unfortunately, our research suggests that there may be a problem of overconfidence getting in the way of learning... If people think they know a lot, they have minimal motivation to learn more."

### Overconfidence & Ignorance


Light says that people who disagree with the majority of scientists on controversial topics might first need to understand all they don't know about these topics before they're likely to become receptive to educational interventions that could improve their financial well-being, personal health and more. But that's easier said than done, he says: "After all, no one likes to be told they're ignorant."

Light, Sloman, and their co-authors offered two possible avenues for helping people understand the complexity of scientific topics and convincing them to trust experts. One is to encourage them to try to explain the mechanisms underlying complex scientific phenomena such as vaccines and climate change, since attempts to do so often reveal gaps in a person's knowledge.

Another is to compare complex scientific topics with topics they understand well such as those related to their jobs or hobbies; doing so, the authors wrote could help illustrate how much time and knowledge is required to master a topic bolstering people's confidence in experts who have spent years or decades working in a particular scientific field.

---

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अतिरिक्त जिला कलेक्टर के खिलाफ दलित संगठनों ने आक्रोश जताया

## ज्ञापन देने गये थे पर नहीं लेने पर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया

**करौली, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर जालौर जिले के सुराणा गांव में 9 वर्ष के दलित छात्र की अध्यापक द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर देने के मामले को लेकर विभिन्न संगठनों के लोगों ने ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान एक संगठन के लोग जब ज्ञापन देने पहुंचे तो अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीट से खड़े नहीं हुए और ज्ञापन टेबल पर रखने की बात कही जिससे आक्रोशित होकर लोग उन्हें बिना ज्ञापन दिए वापस बाहर आकर सड़क पर हाय हाय के नारे लगाकर उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग करने लगे। जिला मुख्यालय पर मंगलवार को विभिन्न दलित संगठनों एवं बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले रैली निकालकर अध्यापक द्वारा दलित युवक की पीट-पीटकर हत्या कर देने के मामले को लेकर प्रदर्शन किए। करौली के पूर्व विधायक सुरेश मीणा,पूर्व आईएएस अधिकारी पी आर मीणा एवं छात्र नेता राजेंद्र मनेमां के अलावा दर्जनों की संख्या में युवा एवं दलित समाज के लोग रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। 11 सदस्सीय प्रतिनिधि मंडल पूर्व विधायक सुरेश मीणा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर की अनुपस्थिति में अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने उनके कक्ष में पहुंचा तो अतिरिक्त जिला कलेक्टर परसराम मीणा अपनी सीट से खड़े नहीं हुए जिससे जनप्रतिनिधियों में रोष दिखाई दिया और प्रतिनिधि मंडल नें सीट से खड़े होकर ज्ञापन लेने की बात कही मगर एडीएम ने यह कहते हुए टाल दिया कि आप ज्ञापन टेबल पर रख जाओ। इससे आक्रोशित होकर प्रतिनिधिमंडल उन्हें बिना ज्ञापन दिए वापस बाहर आ गया और सड़क पर जिला प्रशासन हाय-हाय के नारे लगाए। इसके बाद उप जिला कलेक्टर अमित वर्मा लोगों के पास पहुंचे जहां उन्होंने ज्ञापन लिया । पूर्व विधायक सुरेश मीणा ने ज्ञापन के माध्यम से मृतक बालक के किसी एक परिजन को सरकारी नौकरी दिए जाने,अध्यापक को फांसी की सजा दिए जाने एवं मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की।



**करौली के पूर्व विधायक सुरेश मीणा,पूर्व आईएएस पीआर मीणा एवं छात्र नेता राजेन्द्र मनेमा ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।**

- **जिला मुख्यालय पर मंगलवार को विभिन्न दलित संगठनों एवं बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले रैली निकाली**

# आईजीएनपी से खेती के लिए दो बारी पानी मिलने की उम्मीद

**बीकानेर,(कासं)।** पश्चिमी राजस्थान के किसानों को मानसून ने इस बार दोहरी सौगात दी है। न सिर्फ किसानों के खेत में जमकर पानी बरसा है बल्कि हिमाचल और पंजाब में अच्छी बारिश के बाद नहर में भी पानी की कोई कमी नहीं है। पिछले साल की तुलना में हिमाचल प्रदेश के बांधों में पिछले साल की तुलना में ज्यादा पानी है। ऐसे में किसान चार में से दो बारी पानी की उम्मीद में लगाकर बैठे हैं।

पश्चिमी राजस्थान में भाखड़ा, पोंग और पण्डोह डेम से पानी पहुंचता है। तीनों ही डेम में पिछले वर्ष की तुलना में इस बार पानी ज्यादा है। पिछले साल नहर प्रबंधन ने किसानों की मांग के बावजूद नहर को चार हिस्सों में बांटकर दो बार पानी नहीं दिया था। तब पानी की कमी बताई गई लेकिन इस बार पानी कम नहीं है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि चार में से दो बारी पानी मिल जायेगा। पिछले दो दिन के रिकार्ड को देखें तो भाखड़ा बांध, पौंग और पण्डोह डेम में पानी की आवक अच्छी है। ऐसे में अभी पानी दिया तो इस क्षमता को फिर से हासिल किया जा सकता है। भाखड़ा बांध में अभी 50 हजार 747 क्यूसेक पानी की आवक है, जबकि पिछले साल ये आवक महज 34 हजार 30 क्यूसेक थी। इसके विपरीत बांध से निकासी पहले की तुलना में कम है। पिछले साल इन दिनों में बीस हजार 522 क्यूसेक पानी निकल रहा था। जबकि वर्तमान में 19 हजार 227 क्यूसेक पानी की निकासी है। कमोबेश ऐसे ही हालात पोंग डेम के है। जहां इन दिनों में पिछले वर्ष 17 हजार 193 क्यूसेक पानी आ रहा था। जबकि इस साल ये तीन गुना से ज्यादा बढ़ कर 62 हजार 693 क्यूसेक पानी आ रहा है।पिछले साल इस समय में तेरह हजार क्यूसेक पानी निकल रहा था लेकिन इस बार निकासी महज 9 हजार क्यूसेक है। पण्डोह डेम में भी पानी गत वर्ष की तुलना में बढ़ा है।

गत वर्ष इन दिनों में 16 हजार 564 क्यूसेक पानी आ रहा था। जबकि इस बार ये बढ़ कर 37 हजार 491 क्यूसेक है। यहां करीब 26 हजार क्यूसेक पानी की निकासी हो रही है। इंदिरा गांधी नहर में पानी आने से बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ , चूरू, जोधपुर, बाडमेर, जैसलमेर, नागौर के किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलने की उम्मीद की जा सकती है।

- **किसानों को मानसून ने इस बार दोहरी सौगात दी है**

## पिस्टल लेकर घूम रहे दो युवक गिरफ्तार

**बीकानेर,(कासं)।** यहां बार-बार अवैध हथियार पकड़े जाने के बाद भी हथियारों के शौकीन कम नहीं हो रहे हैं। जयनारायण व्यास कॉलोनी पुलिस ने एक बार फिर दो युवकों को दबोच लिया है, जिनके पास पिस्टल के साथ चार जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। ये किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

व्यास कॉलोनी पुलिस गश्त कर रही थी। इसी दौरान दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए रोका। तलाशी लेने पर इनके पास एक अवैध पिस्टल बरामद की गई। दूसरे की तलाशी लेने पर चार जिंदा कारतूस भी बरामद हुए। इन युवकों का नाम गजेन्द्र सिंह और किशोर सिंह है। गजेन्द्र सिंह सुभाषपुरा में माताजी मंदिर के पास रहता है। जबकि किशोर सिंह उदासर रोड पर भवानी नगर में रहने वाला है। दोनों दोस्त हैं और अवैध रूप से हथियार लम्बे समय से इनके पास था। किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना चल रही थी। फिलहाल पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों का पुलिस रिमांड लिया गया है।

# ट्रेन में डकैती करने वाले सात आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** श्रीगंगानगर के रावला मंडी के एक युवक से सूरतगढ़ पैसेंजर ट्रेन में हुई डकैती का रेलवे पुलिस ने खुलासा करते हुए सात लोगों को पकड़ा है। साथ ही एक बालक को संरक्षण में लेकर सुधार गृह भिजवाया।

जीआरपी अधीक्षक प्रदीप मोहन शर्मा ने बताया कि श्रीगंगानगर के रावलामंडी स्थित वार्ड नंबर 5 निवासी अर्जुन पुत्र शिवरतन ओड़ ने रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि वह मजदूरी करता है। उसके एक मित्र कुलवंत ने उसे कृषियंत्र खरीदने के लिए 1.25 लाख रुपए दिए थे जिसे लेकर वह पहले अपने गांव अनूपगढ़ गया था। इसके बाद उसी दिन यानी 7 अगस्त को सूरतगढ़ पैसेंजर ट्रेन का टिकट लेकर सवार हुआ था। तब उसका एक मित्र अजय और राकेश भी आकर बैठ गए थे। बीच रास्ते में दो तीन अन्य शख्स आए और उसे डराने-धमकाने के साथ मारपीट की। उसके पास रखे 1.25 लाख रुपए ले लिए। इस पर परिवादी भगवानसर स्टेशन पर उतरने पर अपने मित्र कुलवंत को घटनाक्रम बताया। तब कुलवंत और उसके साथी वहां पहुंचे। बाद में रेलवे पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। पुलिस की टीम ने साथ यात्रा करने वालों पर ही संदेह जताते हुए तफ्तीश आरंभ की और सात लोगों को इसमें पकड़ा गया।

**इन्हें किया गया गिरफ्तार:-** एसपी शर्मा ने बताया कि घटना में श्रीगंगानगर के अपूपगढ़ निवासी अजय मेघवाल, सरदारगढ़ के बरकत अली, जैतसर श्रीगंगानगर के इमरान खां, घड़साना श्रीगंगानगर के राजू उर्फ राजकुमार मेघवाल, सुनील कुमार मेघवाल, जैतसर के अजरूदीन एवं सरदारगढ़ श्रीगंगानगर के मिर्जा को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों को पांच दिन की पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

- **युवक से मारपीट कर 1.25 लाख की डकैती की थी**

# पानी की समस्या को लेकर वार्डवासियों का गुस्सा फूटा



**पाटन में पानी समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जाम लगाया।**

**पाटन** (निस) । नीमकाथाना उपखंड क्षेत्र के वार्ड नंबर 33 व 35 में पानी से परेशान आक्रोशित लोगों ने खेतड़ी मोड़ व गणगौर चौक पर जाम लगा दिया।

जाम लगने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। वार्डवासियों का आरोप था कि पिछले काफी समय से पानी की समस्या से परेशानी हो रही है। विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत करवाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे में महिलाओं में गुस्सा फूट पड़ा।लोगों ने सड़क जाम कर दी। इस दौरान महिलाओं ने जमकर अधिकारियों खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्य सड़क पर धरने पर बैठ गई। करीब एक घंटे लगे जाम की सूचना पर पुलिस और जलदाय विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस व अधिकारियों ने महिलाओं से जाम हटाने के लिए समझाइश की। लेकिन वे अपनी बात पर अड़े रहे। अधिकारियों की लगातार समझाइश के बाद जल्द से जल्द पानी की समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन मिला। जिसके बाद दोनों वार्डों के आक्रोशित लोगों ने जाम हटाया। यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से शुरू हुई। विभाग के अधिकारी संदीप यादव ने बताया की उक्त दोनों वार्डों में पालिका द्वारा गंदे पानी की निकासी को लेकर अंडर ग्राउंड पाइप लाइन डाली जा रही हैं जिससे पानी का पाइप टूट गया था जिसको दुरस्त करवा दिया गया हैं। जल्द ही पानी की समस्या हल हो जाएगी। इस दौरान आची देवी, सन्तोष, माया, मनीष रछौया, युवा रैगर समाज महासचिव रवि सुशील, पार्षद राकेश जांगिड़, रणवीर सिंह, सुरेश मीणा, प्रियंका कंवर, मीना शेखावत, सतीश सिंह, मनोज शर्मा, सीता देवी आदि मौजूद रहे।

# इन्द्र कुमार की हत्या का विरोध, भीम सैनिकों ने रैली निकाली

**सुजानगढ़, (निसं)।** जालौर जिले के सुराणा गांव में इन्द्र कुमार की निर्मम पिटाई और उपचार के बाद मृत्यु से आक्रोशित भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस पर रोष रैली निकाली तथा उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर उदयपुर के कन्हैयालाल के परिजनों को दी सहायता राशि के अनुसार पचास लाख रूपये की सहायता राशि एवं तीन परिजनों को सरकारी नौकरी देने, मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई करवा कर शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में अनुसूचित जाति-जन जाति अत्याचार निवारण कानून की कडाई से पालना करवाने और इसमें और कठोरता लाने के लिए संसद में अपेक्षाकृत कठोरता का प्रावधान करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने भी सहायता राशि उदयपुर के कन्हैयालाल की तर्ज पर देने की राज्य सरकार से मांग की। बस स्टैण्ड से शुरू हुई रैली आर्य समाज, रामपुरिया कॉटेज, नया बाजार चौराहा, घंटाघर, गांधी चौक, सब्जी मण्डी, लाडनूं बस स्टैण्ड, गणेश मंदिर चौराहा होते हुए उपखण्ड कार्यालय पंहूची। रैली के दौरान आक्रोशित भीम सैनिकों ने नगरपरिषद एवं एन.के. लोहिया स्टेडियम के सामने रूक कर प्रदर्शन किया।

रैली में शामिल युवाओं ने जालोर की घटना पर रोष व्यक्त करते हुए जम कर नारेबाजी की। रैली व प्रदर्शन के दौरान भीम आर्मी प्रमुख शशिकांत तेजस्वी, एड. रामकुमार मेघवाल, एड. तिलोकचंद मेघवाल, आसिफ राईन, सद्दाम कादरी, विजय कटारिया, सुभाष सिंगारिया, डॉ. सोहनलाल गोयल, दिनेश नागोरिया, मनोज आजाद, अनिल, नरेन्द्र, रोहन, सोहन, रंजीत, अनिल सोनवाल, राकेश सुवासिया, कुलदीप, कमल, नरेन्द्र, प्रदीप सहित अनेक भीम सैनिक साथ थे। इस प्रकार सर्व समाज संघ द्वारा भी मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर इन्द्र कुमार के हत्यारे को शीघ्र सजा दिलवाने, कन्हैयालाल की तर्ज पर इन्द्र के परिजनों को पचास लाख रूपये व दो सरकारी नौकरी देने की मांग की गई। इस अवसर पर मोहित बौचिवल, आसिफ राईन, नरेंद्र गुर्जर, तिलोक मेघवाल एडवोकेट, शाकिर खान बेसवा, पीथाराम ज्याणी, विजय मोदी, पार्षद रामनिवास बुगालिया, विश्वदीपक काछवाल, अमित सोनी, महबूब बडगुजर, उदय सोनी, असरफ राईन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

- **पचास लाख रूपये की सहायता राशि एवं तीन परिजनों को सरकारी नौकरी देने, मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई करवा कर शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की**

# शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया




**शहर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में शातिर वाहन चोर।**

**टोंक, (निसं)।** शहर कोतवाली पुलिस ने शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है।

शहर कोतवाल जितेन्द्रसिंह चारण ने बताया कि 9 अगस्त को अंकित जडिया पुत्र गोपाल लाल निवासी इन्द्रा कॉलोनी सवाईमाधोपुर रोड टोंक ने उसके घर से बाहर खडी मोटरसाईकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाष मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद के निर्देशन टीम गठित वाहन चोर की तलाश प्रारंभ की और मोहम्मद रईस पुत्र अब्दुल वहीद उम्र 21 निवासी हड्डीवालों की गली सआदतगंज कालीपलटन टोंक को लोकर पूछताछ करने पर जुर्म प्रमाणित पाएं जाने पर उसके गिरफ्तार किया। आरोपी व उसका साथी मकान के बाहर खडी मोटरसाईकिल को चुराकर ले जाते थे व नम्बर प्लेट हटाकर चलाते थे व अपना शोक पूरा करने के लिए मिस्त्री को बेचते थें। जो उसके अलग अलग पुर्जे कर कबाडियों को बेचते थे। आरोपी द्वारा शहर टोंक, निवाई, पुरानी टोंक थाना, ककोड, बनेठा थाना क्षेत्र से चोरी का करना बताया है। कार्यवाही में शहर कोतवाल जितेन्द्रसिंह के साथ एएसआई प्रभुसिंह, हैडकांस्टेबल ओमप्रकाश, चन्द्रप्रकाश, शरीफ मोहम्मद, कानि. हेमराज, हरिराम, ओमप्रकाश की टीम शामिल रही।

## बॉर्डर पर भेंट की मिठाई

**बाड़मेर, (निं सं.)** पश्चिमी अंतरराष्टीय सीमा पर सोमवार को बीएसएफ ने पाक रेंजर्स को भारत के 76 वें स्वतंत्रता दिवस और आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में मिठाई भेंट की। बाडमेर के पश्चिमी सरहद स्थित मुनाबाव, गडरा रोड, सज्जन का पार, केलनोर, सोमरार और वर्नहार सीमा से स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पाक रेंजर्स को बीएसएफ के जवानों ने मिठाई भेंट की।

# भाखड़ा प्रणाली की नहरों का वरीयता क्रम जारी

**हनुमानगढ़** , जिले में जल संसाधन विभाग के भाखड़ा-सिद्धमुख रेगुलेशन खण्ड की ओर से भाखड़ा प्रणाली की नहरों का साप्ताहिक वरीयता क्रम जारी किया गया है। यह वरीयता क्रम 16 अगस्त से 24 अगस्त तक प्रभावी रहेगा। प्रत्येक नहर 8 दिन पूरी चलाने के बाद बंद कर दी जाएगी।

जल संसाधन विभाग के मुख्य चीफ अमरजीत मेहरड़ा से मिली जानकारी के अनुसार मोडिया (एमओडी) नहर में 255, सूरतपुरा (एसटीपी) में 288, दीनगढ़ (डीएनजी) में 301, हरिपुरा (एचआरपी) में 314, लोंगवाला (एलजीडब्यू) में 459, पीलीबंगा (पीबीएन) में 674, नवां-सतीपुरा (एनडब्यूएन) में 685, रोड़ांवाली (आरआरडब्यू) में 698, अमरपुरा (एएमपी) में 814, मोरजण्डा (एमजेडी) में 1027, रतनपुरा (आरटीपी) में 1039, नाथवाना (एनटीडब्यू) में 1070, प्रतापपुरा (पीटीपी) में 1200, भाखरांवाली (बीकेडब्यू) में 1205, करनीसिंह (केएसडी) में 1535, मम्मडखेड़ा (एमएमके) में 1730, जोड़कियां (जेआरके) में 1810, संगरिया (एसएनजी) में 1816, भगतपुरा (बीजीपी) में 1854, सूरतगढ़ (एसटीजी) में 1974, नगराना (एनजीडी) में 1982 व लीलांवाली (एलएलडब्यू) नहर में 2222 क्यूसेक पानी प्रवाहित होगा। जल संसाधन विभाग के अनुसार नहरों में पानी के उतार-चढ़ाव को देखते हुए अगर किसी नहर के रेगुलेशन में बदलाव करना पड़ा तो भाखड़ा सिद्धमुख रेगुलेशन खंड व जल संसाधन खंड प्रथम/द्वितीय के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से विचार-विमर्श के बाद व्यवस्था की जाएगी। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक वास्तविक पानी संबंधित एक्सईएन की मांग अनुसार चलाया जा रहा है, यह कभी भी कम किया जा सकता है।

# भाजपा नेता मुन्ना मकरानी गिरफ्तार

**पाली, (निसं)।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्ना मकरानी फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन हड़पने के मामले में गिरफ्तार किए गए हैं। कोतवाली थाना पुलिस ने मकरानी को कोर्ट में पेश किया तो कोर्ट ने मुन्ना मकरानी को जेल भेजा है।

गौरतलब है कि पाली शहर में लाखोटिया के पास स्थित बहुचर्चित जमीन के अवैध फर्जी दस्तावेज बनाकर अपना कब्जा बता रहा था। जिसका ओम लोह उद्योग के मालिक ओमप्रकाश गर्ग ने नवम्बर 2021 में कोतवाली थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसकी पुलिस ने जांच करते हुए मुन्ना मकरानी के दस्तावेजों को फर्जी मानते हुए पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेजने के आदेश दिए। गौरतलब है कि मुन्ना मकरानी पर पूर्व में भी अवैध दस्तावेजों से जमीन हड़पने सहित चेक अनादर के कई मामले दर्ज है। जिसको लेकर पूर्व में भी कोर्ट ने मकरानी को भगोड़ा घोषित किया था। जिसके बाद कोतवाली थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया और मकरानी को जेल की हवा खानी पड़ी।

ओम प्रकाश गर्ग ने कोतवाली थाने में मुन्ना मकरानी के खिलाफ उसकी जमीन हडपने एवं नाजायज दबाव डालकर रकम ऐंठने की बदनियति से भूमि के पूर्व खातेदार फकीर मोहम्मद से कोई संबंध नहीं होते हुए भी बदनियति पूर्वक अपने आप को फकीर मोहम्मद का वारिश बताते हुए जमीन पर अपना दावा जताया। जिस पर ओम प्रकाश गर्ग ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज करवाया था। गर्ग ने मकरानी पर मामले में दबाव बनाने को लेकर धमकाने तथा फिरौती मांगने का भी आरोप लगाया।

- **फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन हड़पने का मामला**
- **पूर्व में भी एनआई एक्ट सहित कई मामले दर्ज**

## टक्कर से नाना की मौत, दोहिती घायल

**बीकानेर,(कासं)।** देशनोक-बीकानेर रोड पर बाइक पर जा रहे नाना-दोहिती को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। इस हादसे में नाना की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दोहिती घायल हो गई। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

उदयरामसर में रहने वाले करीब साठ वर्षीय बंशीलाल शर्मा अपनी दोहिती दर्शिता के साथ जा रहे थे। रास्ते में नेयवेली रोड से धारणियां पेट्रोल पम्प के पास रोडवेज की बस ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोर से मारी कि बंशीलाल शर्मा का संतुलन बिगड़ गया और वो गंभीर घायल हो गए। बंशीलाल ने कुछ देर तड़पते हुए मौके पर ही दम तोड़ दिया। बंशीलाल की दोहिती दर्शिता बाइक के पीछे बैठी थी। इसलिए टक्कर लगने पर वो कुछ दूर जाकर गिरी। ऐसे में उसके सामान्य चोट आई है। हादसे के बाद आसपास से गुजर रहे लोगों ने दर्शिता को संभाला और गंगाशहर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके से मृतक का शव हटाकर पोस्टमार्टम के लिए पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रख दिया। जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

# पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने धौलपुर पैलेस में फहराया तिरंगा

**धौलपुर, (निसं)।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने सोमवार को निज निवास राज निवास पैलेस धौलपुर में झंडारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया। इसके बाद कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। राजे ने सभी कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान राजे काफी देर तक बच्चों के बीच जाकर बैठी रही और उन्हें टॉफियां वितरित की साथ ही बच्चों से बातचीत कर उनका उत्साह बढ़ ाया। वही बच्चों ने एक से बढ़ कर एक सुंदर मंच पर प्रस्तुति दी। जिसको देखकर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे गदगद हो गई और उन्होंने जमकर तालियां बजाई तथा बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की। इसके बाद राजे ने एक-एक कार्यकर्ता से मंच पर मुलाकात की और उन्हें अपने हाथ से स्वतंत्रता दिवस की मिठाई भैँट की। इसके अलावा वरिष्ठ और पुराने कार्यकर्ताओं से उनके हालचाल जाने, साथ ही उनके परिवार की कुशल क्षेम पूछी। इस दौरान पूर्व मंत्री जगमोहन सिंह बघेल, पूर्व चेयरमैन रघुवीर सिंह चौधरी, राजकीय संवेदक मुरारीलाल सिंघल, सभापति प्रतिनिधि निशांत सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बहादुर सिंह त्यागी, बांकेलाल लोधा, पूर्व विधायक शिवराम कुशवाह, पूर्व प्रधान उम्मेदी लाल कुशवाह, पूर्व जिला प्रमुख डॉक्टर धर्मपाल सिंह, नगर परिषद के नेता प्रतिपक्ष शकील अहमद, पूर्व पार्षद शैलेंद्र यादव, जाहिद कुरैशी, पार्षद जय शिव राना, रामवीर शर्मा मरैना, अविनाश शर्मा रिंकू, धीर सिंह जादोन, मदन कोली, बॉबी बौहरे, पवन, भोला, कीर्ति राजावत, कनुप्रिया शर्मा, रनवीर डंडोतिया, सरपंच रामवीर त्यागी, बाचाराम बघेला, दिनेश चौधरी एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शरीफ खान एडवोकेट ने किया।



**पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने निज निवास राज निवास पैलेस धौलपुर में स्वतंत्रता दिवस मनाया।**

- **बच्चों की प्रस्तुति देखकर गदगद हुईं राजे**



खेल को लेकर मेरी समझ काफी मजबूत है और मैंने अपनी तकनीक में सुधार के लिये काफी मेहनत की है। एक प्रारूप को समझना भी बहुत महत्वपूर्ण है। मैं एकदिवसीय प्रारूप की जरूरतों को समझता हूं और इससे मुझे बहुत मदद मिली है। - शिखर धवन

भारतीय क्रिकेटर, अपने खेल को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## विजेंदर सिंह



**भारत** के स्टार मुक्केबाज विजेंदर सिंह पिछले साल पेशेवर सर्किट पर मिली पहली हार को भुलाकर बुधवार को रिंग में वापसी करेंगे और उनका कहना है कि वह हर मुकाबले को अपने पहले मुकाबले की तरह खेलते हैं। विजेंदर ने 2015 में पेशेवर सर्किट पर खेलना शुरू किया था और पिछले साल मार्च तक 12 मुकाबले जीत चुके थे। मार्च में उन्हें गोवा में हुए मुकाबले में रूस के एर्टिश लोपसान ने हराया। यह सब खेल का हिस्सा है। अब उनका सामना पश्चिम अफ्रीका मुक्केबाजी संघ चैम्पियन घाना के एलियासू सुले से 17 अगस्त को होगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के हनीफ मोहम्मद ने वर्ष 1957-58 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ ब्रिजटाउन में 970 मिनट तक बल्लेबाजी करते हुए 337 रन बनाए।

## हालेप ने जीता टोरंटो ओपन

टोरंटो, 15 अगस्त (वार्ता) विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सिमोना हालेप ने रविवार को ब्राज़ील की बीट्रिज़ हद्दाद माइया को हराकर टोरंटो ओपन खिताब जीता। रोमानिया की हालेप ने अपनी ब्राज़ीलियन प्रतिद्वंदी को 6-3, 2-6, 6-3 से हराकर डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष 10 में अपनी वापसी पर मुहर लगायी।

हालेप ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हद्दाद मैया के खिलाफ खेलना कभी आसान नहीं होता। उन्होंने मुझे कुछ हफ्ते पहले हराया था। मुझे पता था कि यह एक अच्छी चुनौती और अच्छा मुकाबला होगा। मैं वास्तव में खुश हूं कि महत्वपूर्ण क्षणों में मैं मजबूत प्रदर्शन कर पायी।'' हालेप ने कनाडा में अपनी इस जीत के साथ तीसरी बार नेशनल बैंक ओपन का खिताब हासिल किया। हालेप की टोरंटो में यह पहली जीत है, जबकि उनके पिछले नेशनल बैंक ओपन खिताब मॉन्ट्रियल में आये थे।

## खेलों में लहराया भारत का परचम : मोदी

नयी दिल्ली, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लाल किले की प्राचीर से कहा कि भारत ने भाई-भतीजावाद संस्कृति को पीछे छोड़ा है और अब खेल के मैदान में 'सामर्थ्य का सम्मान' हो रहा है। मोदी ने खेल के क्षेत्र में भारत की हालिया उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा, ''ऐसा तो नहीं कि देश के पास पहले प्रतिभाएं नहीं रही होंगी। ऐसा तो नहीं कि खेल के मैदान में हिन्दुस्तान के बेटे-बेटियां कुछ कर नहीं सकते थे, लेकिन चयन प्रक्रिया भाई-भतीजेवाद के माध्य से गुजरती थी।''

उन्होंने कहा, ''जब पारदर्शिता आयी और योग्यता के आधार पर खिलाड़ियों का चयन होने लगा और खेल के मैदान में सामर्थ्य का सम्मान हुआ तो दुनिया में खेल के मैदान में भारत का तिरंगा लहराया। अब दुनिया में भारत का राष्ट्रगान गाया जाता है। जब भाई-भतीजावाद से मुक्ति होती है तो यह नतीजे आते हैं।''

## कारेनो बुस्ता ने जीता पहला मास्टर्स 1000 खिताब

मॉन्ट्रियल, (वार्ता) स्पेन के पाब्लो कारेनो बुस्ता ने रविवार को मॉन्ट्रियल ओपन के फाइनल में पोलैंड के ह्यूबर्ट हरकाज़ को हराकर अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता। कारेनो बुस्ता ने फाइनल से एक शाम पहले संवाददाता सम्मेलन में इस सत्र को उनका ''अपने करियर का सबसे खराब सत्र'' बताया था, लेकिन फाइनल में हरकाज़ को 3-6, 6-3, 6-3 से हराकर उन्होंने इस साल की अपनी पहली जीत दर्ज की। उन्होंने मैच के बाद कहा, ''मास्टर्स 1000 का विजेता बनना एक अद्भुत अहसास है। यह निश्चित रूप से मेरे करियर का सर्वश्रेष्ठ खिताब है और मुझे नहीं पता कि मैं इस समय कैसा महसूस कर रहा हूं।''

कारेनो बुस्ता ने कहा, ''मुझे पता है कि पूरे सप्ताह के दौरान हमने बहुत मेहनत की। हर समय सकारात्मक रहना बहुत महत्वपूर्ण है। यह साल मेरा सबसे अच्छा सीजन नहीं है। मैंने कुछ मैच गंवाए हैं जो शायद अन्य सीजन में नहीं हारे होते, लेकिन मैंने अपनी टीम पर, खुद पर और अपने खेल में विश्वास बनाए रखने की कोशिश की।''

## केविन ओब्रायन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

डबलिन, 16 अगस्त (वार्ता) आयरलैंड के दिग्गज ऑल-राउंडर केविन ओब्रायन ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। आयरलैंड में क्रिकेट की रूपरेखा बदलने वाले ओब्रायन ने 2006 में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। आयरलैंड के सह-सदस्य से टेस्ट मैच टीम बनने के सफर में ओब्रायन का किरदार बेहद अहम रहा था।

आयरिश दिग्गज ने अपने दो दशक के करियर में कई रिकॉर्ड अपने नाम किये। ओब्रायन एकदिवसीय मैचों में आयरलैंड के लिये सर्वाधिक विकेट (114) लेने वाले गेंदबाज हैं। इसके अलावा आईसीसी पुरुष विश्व कप में सबसे तेज शतक जड़ने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम है। ओब्रायन ने विश्व कप 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ 327 रन का पीछा करते हुए 50 गेंदों में अपना शतक पूरा किया था। उन्होंने इस पारी में 13 चौके और छह गगनचुंबी छक्के जड़ते हुए 63 गेंदों पर 113 रन बनाये थे और अपनी टीम को ऐतिहासिक विश्व कप जीत दिलायी थी। ओब्रायन टेस्ट क्रिकेट में आयरलैंड के पहले और एकलौते शतकवीर भी हैं। उन्होंने 14 मई 2018 को पाकिस्तान के खिलाफ डबलिन में खेले गये टेस्ट मैच में 118 रन की पारी खेली थी। अड़तीस वर्षीय ओब्रायन अपने सुसज्जित करियर को अलविदा कहते हुए पहले ही कोचिंग की ओर बढ़ गये हैं। वह इस समय एस्टोनिया के परामर्शदाता की भूमिका निभा रहे हैं, जो टी20 विश्व कप 2024 के क्वालीफिकेशन की तैयारी कर रही है।

# फीफा का निलंबन का निर्णय आश्चर्यजनक: प्रशासनिक समिति

### अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की प्रशासनिक समिति ने फीफा के फैसले पर निराशा व्यक्त की

नयी दिल्ली, 16 अगस्त (वार्ता)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की प्रशासनिक समिति (सीओए) ने मंगलवार को फीफा द्वारा एआईएफएफ को निलंबित करने के फैसले पर आश्चर्य और निराशा व्यक्त की।

समिति ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार फीफा, एशियाई फुटबॉल महासंघ (एएफसी), एआईएफएफ, सीओए और खेल मंत्रालय के बीच बीते कुछ दिनों से गहन बातचीत चल रही थी, और ऐसे में फीफा का यह निर्णय आश्चर्यजनक है।

सीओए ने कहा, ''जबकि सीओए माननीय उच्चतम न्यायालय के तीन अगस्त को पारित किये गये फैसले को लागू करने के लिये प्रतिबद्ध था, वह सभी हितधारकों से लगातार संपर्क में भी था।''

सीओए , फीफा-एएफसी , एआईएफएफ और खेल मंत्रालय के बीच पिछले कुछ दिन की बातचीत में यह सुझाव आया कि 36 राज्य-प्रतिनिधियों को मिला कर गठित निर्वाचन मंडल के साथ एआईएफएफ की कार्यकारिणी समिति (ईसी) के चुनाव करा लिए जाएं।

फीफा ने खेल मंत्रालय के जरिये यह सुझाव भी दिया था कि ईसी में छह प्रतिष्ठित खिलाड़ियों सहित 23 सदस्य हो सकते हैं। इस सुझाव के अनुसार खिलाड़ियों को नामित किया जाएगा जिनमें दो प्रतिष्ठित महिला खिलाड़ी होंगी और नामित सभी खिलाड़ियों को कार्यकारिणी समिति में मताधिकार प्राप्त होगा। इस तरह समिति में नामित खिलाड़ियों का मताधिकार 25 प्रतिशत से अधिक होगा।

खिलाड़ियों को छोड़ कर बाकी 17 सदस्यों का चुनाव निर्वाचन मंडल द्वारा किया जाएगा जिनमें अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सह-सचिव जैसे पदाधिकारियों का चुनाव भी शामिल होगा। इस मुद्दे पर सीओए का नजरिया तीखा है। उसका कहना है कि यह सुझाव फीफा-एएफसी द्वारा एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव को 25 जुलाई 2022 को लिखे पत्र से मिलता जुलता है। उसके पत्र में कहा गया है, 'हमें दिए गए संविधान के मसौदे के अनुसार वर्तमान 36 सदस्यीय संघ से ''एआईएफएफ कांग्रेस' में अतिरिक्त 36 प्रतिष्ठित खिलाड़ी होंगे। यद्यिप हम इस बात से सहमत हैं कि खिलाड़ियों की आवाज सुनी जानी चाहिए पर हमारा यह भी मानना है कि एआईएफएफ के वर्तमान सदस्यों के महत्व को कम नहीं माना जाना चाहिए। पर हम 'भारत की खेल-कूद संहिता' की शर्तों को भी समझते हैं और हमने एआईएफएफ को सुझाव दिया था कि वह अपनी कार्यकारिणी समिति में 25 प्रतिशत सदस्यता प्रतिष्ठित खिलाड़ियों के लिए रखे और वे मनोनीत सदस्य के रूप में रखे जाएं।''

सीओए ने बयान में यह भी कहा कि उन्होंने उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार एक स्वतंत्र समिति की निगरानी में चुनाव करवाने का प्रबंध किया था, जो फीफा के 15 अगस्त के आदेशों के अनुरूप थी। चुनाव कराने के लिए बहुत प्रतिष्ठित लोगों को रखा गया था।

फीफा ने 15 अगस्त को एआईएफएफ को लिखे पत्र में कहा था, ''समवर्ती रूप से, कार्यकारी समिति के नए चुनाव करवाने के लिए एआईएफएफ की आम सभा द्वारा एक स्वतंत्र चुनाव समिति का चयन किया जाएगा।''

सीओए ने कहा कि ऐसे समय जबकि वर्तमान मसले का संभावित समाधान निकालने के लिए सभी हितधारकों के बीच बातचीत चल रही थी, फुटबाल क्षेत्र के वैश्विक विनियामक ने भारतीय फुटबॉल को निलंबित करने के फैसला कर दिया। सीओए ने इसे आश्चर्यचकित करने वाली कार्रवाई बताया है।

उसने कहा, ''फीफा के 15 अगस्त, 2022 के पत्र में कहा गया है कि भारतीय फुटबॉल को 14 अगस्त, 2022 से निलंबित किया जा रहा है, जबकि उसके और भारत में इस खेल से संबंधित सभी हितधारकों के बीच 15 अगस्त की देर रात तक गहन चर्चा जारी थी।''

सीओए के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अनिल दवे ने कहा, ''फीफा की ओर से इस तरह का निर्देश दुर्भाग्यपूर्ण है। यह ऐसे समय आया है जब कि भारतीय फुटबॉल की व्यवस्थाओं को सही रास्ते पर लाने के प्रयास किए जा रहे थे। बहरहाल, हम इस स्थिति का सही समाधान खोजने के लिए और देश में फुटबॉल को दोबारा सही ढर्रे पर लाने के लिये फीफा सहित सभी हितधारकों के साथ लगातार बातचीत कर रहे हैं।''

उन्होंने कहा, यह वास्तव में खेदजनक है कि लगभग दो वर्षों से जिस निकाय का कार्यकाल पहले ही पूरा हो चुका था, वह बिल्कुल अलोकतांत्रिक और अवैध तरीके से चलता रहा और उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। लेकिन जब माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने चीजों को ठीक करने का आदेश पारित किया ताकि एक लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित निकाय कार्यभार संभाल सके, तब फीफा द्वारा भारत के निलंबन का आदेश पारित कर दिया गया।

# ज़िम्बाब्वे दौरे पर शाहबाज़ ने ली सुंदर की जगह

### 18 अगस्त से भारत और ज़िम्बाब्वे को तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला खेलनी है




मुंबई, 16 अगस्त (वार्ता) युवा ऑल-राउंडर शाहबाज़ अहमद को ज़िम्बाब्वे दौरे के लिये वाशिंगटन सुंदर के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने मंगलवार को यह सूचना दी।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि सुंदर इंग्लैंड में एक काउंटी मैच के दौरान चोटिल हो गये थे, जिसके कारण उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया है। भारत को ज़िम्बाब्वे में तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला खेलनी है, जिसकी शुरुआत 18 अगस्त से होगी।

गौरतलब है कि सुंदर रॉयल लंदन कप में लंकाशर और वॉर्वेस्टरशर के एक मैच के दौरान फील्डिंग करते हुए चोटिल हो गये थे। वह पिछले एक साल में चोट और कोविड-19 के कारण ज्यादातर समय टीम से बाहर रहे हैं। सुंदर की जगह टीम में आये शाहबाज़ डोमेस्टिक क्रिकेट में बंगाल की ओर से खेलते हैं, जबकि आईपीएल में वह रॉयल चैलेंजर बैंगलोर का हिस्सा हैं। शाहबाज़ ज़िम्बाब्वे दौरे पर भारत की ओर से पदार्पण कर सकते हैं।

तीन एकदिवसीय मैचों के लिए भारतीय टीम : केएल राहुल (कप्तान), शिखर धवन (उप-कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर , कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर, शाहबाज़ अहमद।

# इयन चैपल ने 45 साल बाद कमेंट्री को कहा अलविदा



**सिडनी,** (वार्ता)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और क्रिकेट कमेंटेटर इयन चैपल ने अपने 45 साल लंबे कमेंट्री करियर को विराम देने का निर्णय लिया है।

अपनी तीक्ष्ण टिप्पणियों के लिये क्रिकेट जगत में मशहूर 78 वर्षीय चैपल ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के सामने इस बात का खुलासा करते हुए कहा, ''मुझे वह दिन याद है जब मुझे पता लग गया था कि मेरा दिल क्रिकेट से भर गया है। मैंने घड़ी की ओर देखा, और (टेस्ट मैच के) खेल के दिन समय 11 बजे से पांच मिनट आगे बढ़ चुका था। मुझे एहसास हुआ कि यदि आप घड़ी की तरफ देख रहे हैं, तो आपके जाने का समय आ चुका है।''

उन्होंने कहा, ''जब कमेंट्री की बात आती है, तो मैं इस बारे में काफी समय से सोच रहा हूं। कुछ सालों पहले मुझे दिल का दौरा पड़ा था। मैं भाग्यशाली रहा, लेकिन उसके बाद सब कुछ कठिन हो गया। मैंने विचार किया कि सफर के दौरान चीजें और मुश्किल हो जाएंगी।''

जब चैपल से पूछा गया कि वह किस तरह याद किया जाना पसंद करेंगे, तो उन्होंने कहा, ''यह दूसरे लोगों के ऊपर है कि वे मुझे किस तरह याद करते हैं। कुछ सोचेंगे कि मैं ठीक-ठाक था। कुछ सोचेंगे कि मैं बहुत बुरा था। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।''

चैपल ने 75 टेस्ट मैचों के अपने करियर के बाद कमेंट्री बॉक्स का रुख किया था। वह करीब तीन दशक तक चैनल नाइन के प्रसारण समूह का हिस्सा बने रहे। हाल ही में चैपल स्किन कैंसर सहित कई बीमारियों से गुजरे हैं, लेकिन उन्होंने प्रिंट एवं प्रसारण माध्यमों पर क्रिकेट संबंधी विचार साझा करना जारी रखा है।

# वेस्ट इंडीज़ ने मैच जीता, न्यूज़ीलैंड ने शृंखला

### न्यूज़ीलैंड ने शृंखला 2-1 से अपने नाम की

जमैका, (वार्ता) वेस्ट इंडीज़ ने ओडियन स्मिथ (चार ओवर, तीन विकेट) और ब्रैंडन किंग (53 रन) के महत्वपूर्ण योगदानों की बदौलत न्यूज़ीलैंड को तीसरे टी20 मैच में आठ विकेट से मात दी।

न्यूज़ीलैंड ने विंडीज़ को 20 ओवर में 146 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे उन्होंने 19 ओवर में ही हासिल कर लिया। न्यूज़ीलैंड ने हालांकि इस हार के बावजूद तीन मैचों की शृंखला 2-1 से अपने नाम की।

विंडीज़ ने टॉस जीतकर ब्लैक कैप्स को पहले बल्लेबाजी के लिये बुलाया। न्यूज़ीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने 26 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की बदौलत 41 रन बनाये। मार्टिन गप्टिल (15), डेवन कॉनवे (21) और केन विलियमसन (24) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और कीवी टीम ने सात विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाये।

कैरिबियाई टीम की ओर से स्मिथ ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिये, जबकि अकील हुसैन ने चार ओवर में 28 रन के बदले दो विकेट झटके। डॉमिनिक ड्रेक्स और हेडेन वॉल्श जूनियर को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

वेस्ट इंडीज़ के सलामी बल्लेबाजों ने 150 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को बेहतरीन शुरुआत दी। ब्रैंडन किंग और शमारह ब्रूक्स के बीच 102 रन की विशाल साझेदारी हुई। किंग ने 35 गेंदों पर चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए 53 रन की पारी खेली। ब्रूक्स उनका समर्थन करते हुए 56(59) रन पर नाबाद रहे। अंत में रोवमैन पॉवेल ने कसर पूरी करते हुए 27(15) रन की पारी खेलकर टीम को छह गेंद रहते लक्ष्य तक पहुंचाया।

# पहले महिला अंतर्राष्ट्रीय एफटीपी में खेले जाएंगे 301 मुकाबले

दुबई, 16 अगस्त (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को पहले महिला भविष्य टूर कार्यक्रम (एफटीपी) की घोषणा की, जिसमें 2022 से 2025 तक 301 अंतरराष्ट्रीय मैच शामिल किये गये हैं।

यह महिला क्रिकेट के इतिहास का पहला एफटीपी है। इसकी शुरुआत इस साल मई में हो चुकी है, जबकि इसका समापन 2025 के महिला एकदिवसीय विश्व कप के साथ होगा।

महिला क्रिकेट के लिये तैयार किये गये तीन-वर्षीय चक्र में सात टेस्ट, 159 टी20 अंतरराष्ट्रीय और 135 एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे।

इस चक्र में 2025 विश्व कप की क्वालीफिकेशन के लिये 2022-25 के आईसीसी चैंपियनशिप मुकाबले भी शामिल हैं।

इस चक्र में इंग्लैंड सबसे अधिक टेस्ट (पांच) खेलेगा। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया चार, दक्षिण अफ्रीका तीन और भारत दो टेस्ट खेलेगा।

भारतीय महिलाओं को घर में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट मैच खेलना है। इंग्लैंड ने आखिरी बार 2005 में, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 1984 में भारत में टेस्ट खेला था।

आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा, ''यह महिलाओं के खेल के लिए बहुत बड़ा क्षण है। यह एफ़टीपी न केवल भविष्य के क्रिकेट दौरों की पुष्टि करता है बल्कि एक संरचना के लिए आधार भी तैयार करता है जो आने वाले वर्षों में विकसित होना निश्चित है।''

मार्च 2023 में महिला एफ़टीपी में एक स्पष्ट खिड़की भी है, जिसे महिला आईपीएल के उद्घाटन सत्र के लिए खाली छोड़ा गया है।

## अफगानिस्तान टीम में एशिया कप के लिये शिनवारी की वापसी

काबुल, 16 अगस्त (वार्ता) अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप 2022 के लिये मंगलवार को 17-सदस्यीय दल की घोषणा की, जिसमें अनुभवी बल्लेबाज समीउल्लाह शिनवारी की वापसी हुई है।

शिनवारी ने आखिरी बार अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व मार्च 2020 में आयरलैंड के खिलाफ खेले गये टी20 मुकाबले में किया था। उन्हें शरफुद्दीन अशरफ के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है।

शीर्ष आयोजन के लिये टीम की कप्तानी मोहम्मद नबी के हाथों में ही रहेगी।

मुख्य चयनकर्ता नूर मलिकज़ई ने टीम चयन के बारे में कहा, ''एशिया कप हमारे लिये बेहद महत्वपूर्ण आयोजन है, और हमने इसके लिये अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने हैं। समीउल्लाह शिनवारी को एशिया कप के लिये टीम में शामिल किया गया है। वह अच्छी फॉर्म में हैं और इब्राहीम ज़ादरान, हशमतुल्लाह शाहिदी, नजीबुल्लाह ज़ादरान और मोहम्मद नबी जैसे खिलाड़ियों से सजी बल्लेबाजी को अधिक रफ्तार दे सकते हैं।''

मोहम्मद नबी की टीम अपने एशिया कप अभियान की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ 27 अगस्त को करेगी।

# ट्ययूशेल की टिप्पणियों को जांचेगी एफए

लंदन, (वार्ता)। इंग्लैंड की फुटबॉल एसोसियेशन (एफए) चेल्सी फुटबॉल क्लब के मैनेजर थॉमस ट्ययूशेल की टिप्पणियों की जांच करेगी जो उन्होंने रविवार के मैच के बाद मैच रेफरी एंथनी टेलर के खिलाफ की थीं।

ट्ययूशेल ने चेल्सी और टॉटेनहैम हॉटस्पर के बीच रविवार को खेले गये मैच के दौरान टेलर पर गलत फैसले लेने का आरोप लगाते हुए कहा था कि वह ''आगे से चेल्सी के मैचों में रेफरी की भूमिका न निभायें तो बेहतर होगा।''

चेल्सी और टॉटेनहैम के बीच खेला गया मैच अंतिम क्षणों में हैरी केन के गोल की बदौलत 2-2 पर समाप्त हुआ, जिसके बाद दोनों टीमों के प्रबंधकों के बीच कहा-सुनी भी हो गयी।

चेल्सी प्रशंसकों ने टेलर को भविष्य में टीम के मैचों से बाहर रखने के लिए मैच के तुरंत बाद एक ऑनलाइन याचिका शुरू की, और इसमें एक लाख से अधिक हस्ताक्षर प्राप्त हो चुके हैं।


## कार्यालय नगर पालिका, निम्बाहेड़ा जिला-चित्तौड़गढ़

रेलवे स्टेशन के पास नीमच रोड़ निम्बाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

E mail:nagarpalika_nimbahera@yahoo.com (01477) 220042, 220435, 221115 (O) 220004(R)

क्रमांकः-नपानि/स्टोर/2022-23/3376 दिनांकः-16-08-2022

### -:: ऑन लाईन निविदा सूचना -::

नगरपालिका निम्बाहेड़ा द्वारा **Submersible Item Supply, Eletric Item Supply, PSP Item Supply** हेतु कार्य के लिए किसी भी विभाग में पंजीकृत, तकनीकी और आर्थिक रूप से मजबूत प्रतिष्ठान/फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईट **https://.eproc.rajasthan.gov.in** पर ऑन लाईन निविदाएं आमन्त्रित की जाती है।

निविदा से संबंधित विवरण पोर्टल **www.sppp.rajasthan.go.in** पर उपलब्ध है जिसका **NIB code DLB2223A3978** पर भी देख सकते है एवं ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईट **https://.eproc.rajasthan.gov.in** पर **Tender ID 2022_DLB_291600_1, 2022_DLB_291600_2** एवं **2022_DLB_291600_3** पर भी देख सकते है।

| | |
|---|---|
| कार्य निविदा के कार्य | कुल 03 कार्य |
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि 40.00 लाख रूपये |
| ऑनलाईन निविदा फार्म मिलने की दिनांक | 11/08/2022 |
| ऑनलाईन निविदा फार्म जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 11/08/2022 प्रातः 09.00 बजे तक |
| ऑनलाईन राशि जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | दिनांक 29 /08/2022 प्रातः 09.00 बजे तक |
| डी.डी.दस्तावेज जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | दिनांक 29 /08/2022 प्रातः 11.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक व समय | दिनांक 29 /08/2022 दोपहर : 03.00 बजे तक |
| Unique Bid Number | DLB 222WSRC13492, DLB 2223WSRC13493, DLB 2223WSRC13494, |

(सुभाष चन्द्र शारदा)
अध्यक्ष
नगर पालिका निम्बाहेड़ा

(सौरभ कुमार जिंदल)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका निम्बाहेड़ा


# बीसीसीआई ने अमिताभ चौधरी के निधन पर शोक व्यक्त किया

### 62 वर्षीय बीसीसीआई के पूर्व अधिकारी चौधरी का दिल का दौरा पड़ने से निधन

रांची, 16 अगस्त (वार्ता) भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने पूर्व अधिकारी अमिताभ चौधरी के निधन पर मंगलवार को शोक व्यक्त किया। चौधरी का मंगलवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

सूत्रों ने बताया कि 62 वर्षीय चौधरी सुबह अपने निवास में टहल रहे थे जब उन्हें दिल का दौरा पड़ा। इसके बाद चौधरी को रांची के एक अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, ''मैं अमिताभ चौधरी के निधन के बारे में जानकर स्तब्ध और दुखी हूं। मेरा उनके साथ एक पुराना जुड़ाव था। मेरी उनसे पहली मुलाकात जिम्बाब्वे दौरे पर हुई थी जब मैं भारत का नेतृत्व कर रहा था और वह टीम मैनेजर थे। समय के साथ, हमारी बातचीत बढ़ती गई और खेल के प्रति उनका जुनून स्पष्ट था। आज हमारे पास रांची में एक विश्व स्तरीय स्टेडियम और परिसर है जो उनकी दूरदृष्टि और अथक प्रयासों की बदौलत है। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं और सहानुभूति उनके दोस्तों और परिवार के साथ है।''

भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी चौधरी 2002 में बीसीसीआई के सदस्य बने थे। उन्होंने 2005 में तत्कालीन उप-मुख्यमंत्री सुदेश महतो को हराकर झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसियेशन के अध्यक्ष का चुनाव भी जीता था।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, ''अमिताभ चौधरी के निधन की खबर सुनकर मैं सदमे और अविश्वास की स्थिति में हूं। एक प्रशासक के रूप में, वह बहुत भावुक थे और जमीनी स्तर पर वास्तविक बदलाव लाना चाहते थे। जब उन्होंने झारखंड में पदभार संभाला था तब राज्य में क्रिकेट बहुत शुरुआती दौर में था। हमने उनके नेतृत्व में वास्तविक परिवर्तन देखा है। मेरे विचार उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं। ईश्वर उन्हें इस नुकसान से उबरने की शक्ति दें।'' भारतीय टीम के प्रबंधक (2005-09) और बीसीसीआई के कार्यवाहक सचिव की जिम्मेदारियां निभाने के बाद उन्होंने 2013 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली और राजनीति में शामिल हो गये। राजनीति में हालांकि सफलता उनके हाथ नहीं लगी और उन्हें जेवीएम के टिकट पर रांची से चुनाव लड़ते हुए हार का सामना करना पड़ा।

इसके अलावा चौधरी ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के चेयरमैन की भूमिका भी निभाई और हाल ही में अपनी ज़िम्मेदारियों से बरी हुए थे।

## संक्षिप्त

### आजादी का अमृत महोत्सव मनाया

**खाटूश्यामजी,** (निसं)।खाटूश्यामजी में आजादी की 75 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। स्वतंत्रता दिवस पर नगरपालिका में अध्यक्ष ममता मुण्डोतिया वह अधिशाषी अधिकारी विशाल यादव ने झंडारोहण किया। किड्स प्लेनेट स्कूल में पार्षद ललिता सोनी ने झंडारोहण किया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य अल्का मेहता ने ध्वजारोहण किया। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा प्रभारी अधिकारी गोगराज सिंह ने झंडारोहण किया। श्री श्याम इंटरनेशनल स्कूल में निदेशक शंभूसिंह बाजिया ने,गोल्डन वाटर पार्क में उमेश धुड़ ने ध्वजारोहण किया। सुबोध पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निदेशक लक्ष्मण गढ़वाल ने ध्वजारोहण किया।श्री श्याम विधापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय में ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत हुए।जिसमें छात्र छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### वाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई

**बौंली बामनवास,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी मंडल बौंली के तत्वावधान में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि मना कर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वक्ताओं ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के द्वारा किए गए देश हित में विकास कार्य व अन्य योजनाओं को याद कर उन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री व बौंली मंडल अध्यक्ष रामअवतार मीणा, भाजपा नेता अंसार अहमद खलीफा, बौंली मंडल महामंत्री गोविंद नारायण भदोरिया, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लोकेश शर्मा, मनोहर शर्मा, कृपा शंकर गुर्जर, धर्म सिंह गुर्जर, व बुद्धि प्रकाश सेन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। फोटो पूर्व प्रधानमंत्री पर पुष्पांजलि अर्पित करते कार्यकर्ता।

### स्वतंत्रता दिवस का पर्व मनाया

**उनियारा/चौरु,** (निसं)। उनियारा उपखंड क्षेत्र चौरु क्षेत्र में 75वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। चौरु ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सरपंच रामसहाय मेरोठा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पर प्रिंसिपल अरुण कुमार जैन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर निखिल कुमार शर्मा, ग्राम सेवा सहकारी समिति भवन पर अध्यक्ष बद्रीलाल धाकड़, हल्का पटवार भवन पर रविंद्र कुमार, सरस्वती शिक्षा संस्थान पर संचालक रामप्रसाद धाकड़, ग्रामीण विद्या भवन पर संचालक बसंत कुमार सैनी एवं गणपति शिक्षा संस्थान पर बंसीलाल कलवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया इसके बाद सभी संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ने कस्बे में मार्च पास्ट करके तिरंगा यात्रा निकालकर सामूहिक रूप से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में पहुंचे। वहां पर ध्वजारोहण के बाद कई रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई।

### उपखंड अधिकारी ने किया झंडारोहण

**गोविंदगढ़ /अलवर,** (निसं)। गोविंदगढ़ उपखंड के हाई सेकेंडरी स्कूल में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें उपखंड अधिकारी रेखा मीणा द्वारा झंडारोहण किया गया। मेवात बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान मुख्य अतिथि रहे हाई सेकेंडरी स्कूल में 75 में आजादी के पर्व पर राजकीय स्कूल एवं निजी स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी गई। इस मौके पर ब्लॉक महासचिव सुनील खेड़ापति समाजसेवी अजय मैंठी जिला पार्षद नीलम सोनी समाजसेवी जगदीश सोनी प्रधानाचार्य घनश्याम गुप्ता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विश्वजीत सिंह अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अकबर खान विकास अधिकारी यसवंत शर्मा नायब तहसीलदार दिनेश यादव आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे

### तिरंगा रैली निकाली

**पावटा,** (निसं)। स्वतंत्रता दिवस एवं आजादी की 75वीं वर्षगांठ का आयोजन धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस पर विशाल तिरंगा यात्रा का शुभारंभ इंडोर स्टेडियम प्रागपुरा से किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत इस रैली को 251 फीट का तिरंगा झंडा के साथ विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित सत्ताईसा क्षेत्र के सभी गाँव व शहर से आये जनप्रतिनिधियों व सभी समुदायों के नागरिकों ने बडे ही जिम्मेदारीपूर्वक निभाते हुए चार-चांद लगा दिए।

# सांभर एसडीएम ने विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले 40 जनों को सम्मानित किया

**सांभरझील,** (निसं)। एसडीएम जयन्त कुमार चौधरी ने नीम रोड स्थित मेला ग्राउण्ड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वालों व होनहार विद्यार्थियों को खुले मंच पर नगर पालिका की ओर से लाये गये स्मृति चिंहों को देकर उनका सम्मान किया गया।

इससे पहले एसडीएम चौधरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उन्होंने अपना उद्बोधन भी दिया। समारोह में

- मेला ग्राउण्ड में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया

भोजपुराकलां के गोताखोर श्रवण कुमार पलसानिया, सामाजिक कार्यों के लिये गिरधारीलाल व युवा शक्ति टीम को भी स्मृति चिंह व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। राजकीय दरबार उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र जयकिशन कुमावत, कुणाल सैनी, रवि गुर्जर, प्रताप सिंह, कैलाश कुमावत के अलावा स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों में सांभर के सीपी व्यास व सुरेशचन्द अग्रवाल, नायब तहसीलदार



सांभर एसडीएम जयन्त चौधरी ने स्वतंत्रता दिवस के समारोह में विशेष योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया।

नारायणलाल यादव, व्याख्याता शिम्भूदयाल यादव, शिक्षक चिरंजीलाल बैरवा, शिवराज सिंह, पंचायत सहायक मोहम्मद सलीम, सहायक प्रशासनिक अधिकारी जगदीश प्रसाद बरी, व्याख्याता बृजमोहन शर्मा, वरिष्ठ सहायक रविन्द्र कुमार डबरिया, शिक्षक यशवन्तराय पूनिया, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी नानगराम, पंचायत सहायक महेन्द्र सिंह, सहायक कर्मचारी प्रहलाद सिंह व राजकुमार वर्मा को एसडीएम चौधरी ने स्मृति चिंह व प्रशंसा पत्र देकर उनकों सम्मानित किया।

क्षेत्र के मीडियाकर्मियों को भी स्मृति चिंह व प्रंशसा पत्र दिया गया। इस मौके पर सांभर डिप्टी लक्ष्मी सुथार, तहसीलदार हरिसिंह राव, एसएचओ पूरणमल यादव, चेयरमैन बालकृष्ण जांगिड़, ईओ मनीषा यादव, सहायक अभियन्ता रवि कुमार कुमावत, लेखाधिकारी गोपाल सिंह पंवार, सफाई निरीक्षक विनोद पारीक, वाईस चेयरमैन नवलकिशोर सोनी सहित अनेक जन प्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों, सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों व सैंकड़ों की संख्या में आमजन की मौजूदगी रही।

## आज कोटपूतली पहुंचेगी बैंसला की अस्थि विसर्जन यात्रा

**कोटपूतली,** (निसं)। स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम को लेकर स्थानीय पीएमबी कार्यालय पर प्रेस वार्ता आयोजित हुई। प्रेस वार्ता में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति, जयपुर के जिलाध्यक्ष पूरणमल भरगड़ ने बताया कि कर्नल बैंसला की अस्थि कलश विसर्जन यात्रा 17 अगस्त रात्रि को कुहाड़ा भैरूजी मंदिर में विश्राम रहेगा और 18 अगस्त को समय प्रात: 8 बजे गांव कुहाड़ा से वाहन एवं बाइक रैली के द्वारा प्रारंभ होकर नारहेड़ा व कोटपूतली शहर के बानसूर रोड़ से निकलकर प्रात: 9:30 बजे सभा स्थल गांव चतुर्भुज पहुंचेगी।

सभा स्थल पर कर्नल बैंसला के अस्थि कलश पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी और यह अस्थि विसर्जन यात्रा पूरे राजस्थान से निकलकर दिनांक 12 सितंबर को पुष्कर अजमेर पहुंचेगी जहां अस्थि कलश विसर्जन किया जाएगा। भरगड़ ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्व.श्री कर्नल किरोड़ीसिंह बैंसला के अस्थि कलश पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

# आजादी की 75वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई

**टोंक,** (निसं)। जिले में स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ गरिमामय ढंग से मनाई गई। जिला स्तरीय मुख्य समारोह सोमवार को पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित किया गया। जहां समारोह के मुख्य अतिथि सैनिक कल्याण विभाग, गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग (स्वतंत्र प्रभार), ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के राज्य मंत्री राजेन्द्र गुढा ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री राजेन्द्र गुढा ने कहा कि इस आजादी को हासिल करने के लिए हमारे देश के अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहूति दी है। कई वर्षों तक संघर्ष

- राज्य मंत्री राजेन्द्र गुढा ने किया ध्वजारोहण

करने के बाद 15 अगस्त 1947 को भारत ब्रिटिश शासन की गुलामी से आजाद हुआ। इन 75 सालों में विश्व पटल पर भारत ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इसलिए देष के प्रत्येक नागरिक को आजादी की कीमत को समझना चाहिए। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण के पश्चात आरएसी, राजस्थान पुलिस, राजस्थान महिला पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, स्काउट्स एवं गाइड की टुकडिया मंच से सलामी देते हुए गुजरी। आरएसी एवं राजस्थान पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत धुनें बजाई।

इस अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, सीईओ देशलदान, एडीएम परशुराम धानका, एएसपी सुभाष चंद मिश्रा, एसडीएम गिरधर, पूर्व निवाई विधायक कमल बैरवा, लक्ष्मण गाता, हंसराज गाता, महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के संयोजक अनुराग गौतम, सहसंयोजक सुनील बंसल, ब्लॉक संयोजक विकास विजयवर्गीय सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दलित छात्र की मौत के खिलाफ रैली निकाली

**नारायणपुर,** (निसं)। जालोर जिले के सुराणा गांव में कक्षा तीन के छात्र इंद्र कुमार की शिक्षक छैल सिंह द्वारा मारपीट करने के बाद घायल छात्र की तीन दिन पहले इलाज के दौरान मौत के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है।

इस घटना के विरोध में मंगलवार को युवा नेता राकेश दायमा के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने पुरुषोत्तमदास आश्रम से कस्बे के मुख्य बाजार से तहसील कार्यालय तक आक्रोश रैली निकाल कर प्रदर्शन किया। रैली में युवाओं ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधायक शकुंतला रावत, प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए एवं तहसील कार्यालय के मुख्य गेट पर एक घंटा धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने कहा कि देश को आजाद हुए 75 वर्ष हो गए, लेकिन आज भी हमें छुआछूत का सामना करना पड़ रहा है। पानी की मटकी को हाथ लगा देने से इंद्र कुमार के साथ की गई मारपीट सामंतवादी मानसिकता को दर्शाता है। लोगों ने एसडीएम सुनीता मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर पीड़ित परिवार को 50 लाख रूपये की आर्थिक सहायता के अलावा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। इस दौरान मेघवाल विकास समिति, अखिल भारतीय रैगर महासभा आदि संगठनो ने भी मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। इस मौके पर विजयपुरा सरपंच मोहन लाल, समाजसेवी मुकेश गोठवाल, सरपंच कबूल वर्मा, सरपंच नीरज तोंगरिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे में नगर परिषद् द्वारा मास्टर प्लान 2011-2031 के तहत सडकों की चौड़ाई बढ़ाने के लिए निर्माण हटाने का कार्य किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार परिषद् द्वारा मुख्य चौराहे से अग्रसेन तिराहे तक सडकों की चौड़ाई 80 फिट व पूतली कट से पूर्वा सिनेमा तक चौड़ाई 60 फिट की जा रही है, जिसमें सर्वप्रथम मुख्य चौराहे से पूरानी नगर पालिका तिराहे (अग्रसेन तिराहा) व शनि मंदिर से सरदार स्कूल तक के निर्माण हटाने के क्रम में अभी तक 68 संरचनाओं को परिषद् द्वारा हटाया गया है।

अब उक्त दोनों मार्गो पर व्यापारी व आमजन स्वयं के स्तर पर भी आगे आकर निर्माण हटाने लगे है। इसी क्रम में राजकीय सरदार विधालय के पास स्थित श्रीराम भवन को नहीं तोड़े जाने की माँग को लेकर श्रीराम सभा समिति सदस्यों ने अध्यक्ष रमेश चंद बंसल के नेतृत्व में मंगलवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल व जिला कलेक्टर प्रकाश राज पुरोहित के नाम एसडीएम ऋषभ मण्डल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अध्यक्ष बंसल समेत महामंत्री अनिल शरण, राजेश गुप्ता, सुबोध बंसल,

- श्रीराम सभा समिति सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

मैथली शरण बंसल, सियाराम, राजेश कुमार गुप्ता, एड. प्रभा अग्रवाल समेत अन्य समिति सदस्यों ने बताया कि नगर परिषद् द्वारा निर्माण हटाने की कार्यवाही में श्रीराम भवन पर भी लाल निशान लगा दिये गये है, जो कि कस्बे के मौहल्ला बुचाहेड़ा में स्थित 100 वर्ष पूरानी धार्मिक संस्था है। जिसका निर्माण धार्मिक व सामाजिक उपयोग के लिए यात्रियों के ठहरने व भोजन के लिए किया गया था। साथ ही इसमें शिव मंदिर, श्रीराम दरबार, दुर्गा माता मंदिर व श्री हनुमान जी मंदिर भी बने हुए है। जहां आये दिन धार्मिक आयोजन होते है। आजादी से पूर्व की बनी उक्त संस्था के शिला लेख भी लगे हुए है। जिससे कोई अतिक्रमण प्रतीत नहीं होता है। समय-समय पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के साथ-साथ उक्त भवन को संस्था द्वारा राजकीय कार्यो के लिए भी उपयोग में दिया जाता है। श्रीराम सभा समिति के सदस्यों ने उक्त भवन को किसी भी रूप में क्षति नहीं पहुंचाने की मांग की है।

# ट्रेन की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। पृथ्वीपुरा रेलवे फाटक के पास मंगलवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस जानकारी के अनुसार पृथ्वीपुरा रेलवे फाटक के पास फ्रेट कॉरिडोर पर ट्रेन की चपेट में आने से जयरामकावाली निवासी चंपा देवी की मौत हो गई। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने

- बेटी को ससुराल के लिए विदा कर घर से निकली थी महिला

घटनास्थल का जायजा लेकर शव को कब्जे में लेकर सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को इत्तला दी। पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृग रिपोर्ट दी।

जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। वहीं हादसे की सूचना के बाद रेलवे ट्रैक



हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई जिसे पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर दूर करवाया।

**बैंक में रूपये जमा करवाने निकली थी महिला:** परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका चंपा देवी पत्नी मदनलाल सैनी निवासी ढ़ाणी जयरामकावाली श्रीमाधोपुर जो हादसे से महज 10 मिनट पहले की घर पर राखी बांधने आई बेटी को ससुराल के लिए रवाना कर कुछ रूपयें बैंक में जमा करवाने निकली थी। जो रास्तें में उसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं परिजनों ने यह भी बताया कि मृतका चंपा देवी की मानसिक स्थिति भी सही नहीं थी।

लोगों ने बताया कि नीचे अंडरपास में पानी भरे होने व आम रास्ते पर कीचड़ होने से लाइनों को पार कर जा रही थी तभी यह हादसा हो गया ढाणी वासियों ने बताया कि जनसुनवाई में भी उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर रास्ते को दुरुस्त करवाने लिए लिखा था पर अभी तक यह रास्ता दुरुस्त नहीं किया गया।

# कैबिनेट मंत्री डॉ. चंद्रभान का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। राज्य सरकार के केबिनेट मंत्री तथा 20 सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष डॉ चंद्रभान के बहरोड़ मिडवे में पहुंचने पर किसान नेता एवं सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी बस्तीराम यादव एडवोकेट तथा बहरोड़ पंचायत समिति की प्रधान सरोज बस्तीराम यादव के नेतृत्व में नेशनल हाईवे नंबर 48 पर स्थित बहरोड़ मिडवे में कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के जयघोष के साथ स्वागत सत्कार किया गया।

कार्यक्रम के सूत्रधार बस्तीराम यादव एवं भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड श्रम विभाग राजस्थान सरकार के कृष्ण गोपाल कौशिक के नेतृत्व में आयोजित कांग्रेस

- स्थानीय विधायक द्वारा सत्ता के दुरुपयोग के बारे में डॉ. चंद्रभान को अवगत कराया

पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान मिडवे में मंत्री के समक्ष रोष प्रकट किया गया। इसमें बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग करते हुए



केबिनेट मंत्री तथा 20 सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष डॉ. चंद्रभान ( दाएं से दूसरे ) का स्वागत किया।

क्षेत्र की जनता की पीड़ा सहित पार्टी के वरिष्ठ तथा नव युवा कार्यकर्ताओं की पीड़ा जाहिर करते हुए बताया गया कि स्थानीय विधायक द्वारा सत्तारूढ़ सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा राज्य सरकार खिलाफ सरकार की छवि धूमिल करने के लिए किए जा रहे षड्यंत्र व सत्ता के दुरुपयोग के बारे में कैबिनेट मंत्री डॉ चंद्रभान को अवगत कराया। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य एडवोकेट बस्तीराम यादव ने बताया कि बहरोड़ विधानसभा में हो रहे कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ द्वेषपूर्ण एवं भेदभावपूर्ण सर्वविदित रवैये से विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अन्याय करते हुए उनको परेशान करने का काम किया जा रहा है, जिससे कि कांग्रेस पार्टी का संगठन खत्म हो जाए। यादव ने कहा कि विधायक द्वारा बहुत बड़ी सोची समझी चाल खेलते हुए बहरोड़ में रोज हत्या, लूटपाट तथा प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग करते हुए विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ तानाशाही रवैया अपनाया हुआ है। इसी क्रम में बहरोड़ क्षेत्र की राजनीति के बारे में बताया कि राजनेता विरोधी हो सकते हैं शत्रु नहीं, लेकिन बहरोड़ में विधायक ने क्षेत्र की जनता, पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय निवासी एवं कर्मचारियों के साथ शत्रुता पूर्ण राजनीति करते हुए निरंकुश तरीके से व्यवहार किया जा रहा है। इस बात के समर्थन में उपस्थित सभी सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, पार्टी कार्यकर्ता एवं उपस्थित लोगों ने समर्थन करते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में जवाब देने का निर्णय हाथ खड़े करके पुरजोर समर्थन किया गया।

कार्यकर्ताओं के दर्द को समझते हुए डॉ चंद्रभान ने कहा कि वह कार्यकर्ताओं का दर्द समझते, जिसको हाईकमान तक और मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर कार्यकर्ताओं के साथ न्याय करवा कर रहेंगे। जिसका सभी कार्यकर्ताओं ने नारे लगाकर आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में पूर्व विधायक महिपाल यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर आरसी यादव, कांग्रेस नेता अजीत सिंह यादव, पूर्व प्रधान मुंडावर रोहिताश्व चौधरी, केडी यादव, बानसूर से ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, कृष्ण गोपाल कौशिक, जिला पार्षद संजय यादव कल्याणपुरा, ब्लॉक अध्यक्ष बेनी प्रसाद जोशी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### प्रतिभाओं का किया सम्मान



**फागी,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय के जयपुर भीलवाड़ा मेगा हाईवे पर संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में 76 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। उपखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में भी स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति का जज्बा दिखा। इस बार युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फागी उपखंड मुख्यालय पर मनाए गए सामूहिक समारोह के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी भूपेश यादव व कार्यक्रम की अध्यक्षता फागी सरपंच ओम प्रकाश खवास ने की। समारोह में फागी ग्राम पंचायत के विकास अधिकारी जितेश भारद्वाज, कुंडली ग्राम पंचायत के विकास अधिकारी मुकलेश खटीक को प्रशासन गांवों के संग में पट्टा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इसी प्रकार महिला बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर अलका शर्मा को उत्कृष्ट कार्य करने पर स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार कमलेश गौतम, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भगवान सहाय शर्मा सहित अनेक अतिथियों ने प्रात: काल 8:15 बजे ध्वजारोहण किया।

### स्वास्थ्य निरीक्षक सम्मानित

**मंडावरी,** (निसं)। नगर पालिका प्रशासन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर जन जागरूकता रैली एवं घर-घर तिरंगा अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.. आजादी के अमृत महोत्सव के साथ 76 वे स्वतंत्रता दिवस समारोह भी नगरपालिका क्षेत्र में बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर पालिका कार्यालय पर अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर सलामी दी गई। झंडारोहण के दौरान नगरपालिका के सेवानिवृत्त सहायक प्रशासनिक अधिकारी शिविर प्रभारी रमेश चंद्र शर्मा, गजानंद शर्मा, केसियर ललिता बेरवा, प्रेम प्रकाश शर्मा बृजेश गौतम रिंकू शर्मा धीरज शर्मा आदि पालिका कर्मी मौजूद रहे। इस मौके पर उपखंड स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में नगर पालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक रामअवतार मीणा को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### महिलाओं ने निकाली तिरंगा रैली

**राजगढ़,** (निसं)। राजस्थान राजीविका एवं ठाामीण विकास पंचायती राज विभाग ब्लाक राजगढ़ के तत्वाधान में आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव पर हजारों महिलाओं ने गांधी पार्क से तिरंगा रैली निकाली। इस रैली को पुलिस उपाधीक्षक अंजलि अजीत जोरवाल, तहसीलदारजुगिता मीणा ने हरी झंडी दिखाकर को रवाना किया। तिरंगा महारैली चौपड़ बाजार गोलचक्कर व मेला का चौराहा होती हुई पंचायत समिति परिसर में पहुंची वहां विकास अधिकारी नेतराम मीना द्वारा रैली का समापन किया। इस मौके पर जिला प्रबंधक शारदा शर्मा क्लस्टर प्रबंधक लक्ष्मी बाई शर्मा, सुधा शर्मा, प्रज्ञा मीणा, मंजू शर्मा सभी क्लस्टर से लेखापाल, क्लस्टर कोऑर्डिनेटर,डाटा सखी कृषि संदर्भ तारा चंद सैनी, रवि पशुसंदर्भ प्रविन शर्मा, सीएफएफ से विनीत शर्मा, सोहन और राजीविक समूह की हजारों महिलाएं मौजूद रही।

### तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**पावटा,** (निसं)। जालौर जिले के सायला उपखंड के सुराणा गांव में हुई नृशंस घटना में मृतक छात्र इंद्र मेघवाल के परिजनों को न्याय दिलाने को लेकर राज्यपाल के नाम पावटा तहसीलदार ओमप्रकाश गुर्जर को ज्ञापन सौंपते हुए कृष्ण बाकोलिया ने बताया कि भारतीय संविधान की स्थापना लोकतांत्रिक सरकार अजा/जजा अत्याचार निवारण अधिनियम की वैधानिकता के बाद भी शिक्षा के मंदिर में एक दलित छात्र द्वारा घडे से पानी पीने मात्र के कारण अध्यापक छैल सिंह राजपुरोहित द्वारा छात्र इंद्र मेघवाल की पिटाई कर हत्या कर देना दुर्भाग्यपूर्ण पीडादायी एवं मानवता पर कलंक है। ज्ञापन के माध्यम से दोषी अध्यापक को सरकारी सेवा से बर्खास्त कर अब तक दिया गया वेतन उससे अथवा उसकी संपत्ति से वसूला जाए, मृतक इंद्र मेघवाल के परिजनों को कम से कम 50 लाख मुआवजा /प्रतिकार प्रदान किया जावे, मृतक इंद्र मेघवाल के परिजनों को सुरक्षा एवं एक सदस्य को नौकरी प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें, दोषी अध्यापक को कठोरतम दंड देने की मांग की।

### ग्राम विकास अधिकारी सम्मानित

**फागी,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र की कुंडली ग्राम पंचायत मुख्यालय पर संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में पंचायत स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। समारोह के पंचायत प्रशासन के संग में पट्टा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर कुंडली ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी मुकलेश खटीक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत कुडली की ओर से 51 गणमान्य व्यक्तियों का भी सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्र के समाजसेवी हरचंद गिरदावर थे तथा समारोह कि अध्यक्षता स्थानीय सरपंच सावित्री देवी ने की। विशिष्ट अतिथि ग्राम विकास अधिकारी मुकलेश खटीक, विद्यालय की प्रिंसिपल सुमित्रा चौधरी, पूर्व सरपंच रामकरण जांगिड़, पूर्व सरपंच रामफुल गुर्जर, समाजसेवी उद्दालाल बैरवा थे। इस मौके पर आयुर्वेद विभाग, कृषि विभाग, पशु उप स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत के वार्ड पंच एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे थे।

### अतिक्रमण हटवाया

**बहरोड़/ नीमराणा,** (निसं)। बहरोड़ कस्बे से गुजरने वाले तसींग रोड स्टेट हाईवे नंबर 111 पर लंबे समय से चल रहे अतिक्रमण पर प्रशासन तथा स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रोड के बीच गहरे गड्ढे में भरे पानी की वजह से स्थानीय छात्र-छात्राओं, अध्यापक अध्यापिकाओं तथा सभी स्थानीय लोगों को हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए बहरोड़ प्रशासन ने 5 अगस्त को अतिक्रमण को हटाते हुए स्टेट हाईवे नंबर 111 को सुचारू रूप से अतिक्रमण हटाते हुए गंभीर कीचड़ रूपी गड्ढे को प्लेन करते हुए कार्यवाही की। जिसमें मौके पर उपखंड अधिकारी सचिन यादव बहरोड़ के निर्देशानुसार तहसीलदार बहरोड़ के द्वारा पुलिस प्रशासन बहरोड़, सार्वजनिक निर्माण विभाग बहरोड़ तथा पटवारी व कानूनगो आदि संबंधित प्रशासनिक मदद लेते हुए अतिक्रमण हटवाया गया।

### तिरंगे रंग से रंगा शहर

**निवाई,** (निसं)। स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर शहर सहित सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के चलते नगरपालिका की तरफ से पूरे नगर को तिरंगे रंग से रंग दिया। टोंक-जयपुर रोड पर तिरंगे लगाने के साथ ही सभी पोलों व सर्किलों को तिरंगे रंग के कपड़ों से सजाया गया। स्वतंत्रता दिवस का ब्लॉक स्तरीय मुख्य समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार प्रांजल कंवर ने झंडारोहण किया। समारोह के अध्यक्ष विधायक प्रशांत बैरवा व तहसीलदार ने मार्चफास्ट की सलामी ली।

### हर घर लहराया तिरंगा

**चाकसू,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के सभी संस्थानों संगठनों राजकीय कार्यालयों अस्पतालों एवं विद्यालयों में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया। हर-घर तिरंगा लहराया ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान गुंजायमान हो उठा। पुलिस प्रशासन संगठनों एवं शैक्षिणक संस्थानों में तैयारियां की थी। अतिरिक्त पुलिस बल लगाकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पालिका द्वारा आयोजित सामूहिक कार्यक्रम में विद्यार्थीयों ने देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। झंडारोहण पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा, शिक्षा अधिकारी हनुमान सहाय मीणा एवं उपखंड अधिकारी अशोक कुमार रिणवा ने संयुक्त रूप से किया।



*जालोर जिले के सुराणा गांव में पहुंचकर सचिन पायलट ने मृत दलित बच्चे इंद्र मेघवाल के परिजनों को सांत्वना दी। इस मौके पर पायलट ने कहा कि, यह घटना प्रशासन और सरकार दोनों का बड़ा ''फेलियर'' है। इस घटना के कारण लोगों के मन में संदेह व्याप्त हो गया है, अब हमें कुछ ऐसे कदम उठाने होंगे जिससे की लोगों में विश्वास की पुनः बहाली हो सके। जैसा कि विदित हैं कि, सुराणा गांव के स्कूल के 9 साल के बच्चे की शिक्षक की ओर से पिटाई किए जाने के कारण इलाज के दौरान मौत हो गई थी।*

# अलवर के गोविंदगढ़ में ''मॉब लिंचिंग''

## ट्रैक्टर चोरी के शक में सब्जी बेचने वाले को पीटा, अस्पताल में मौत

- **आक्रोशित लोगों ने रामगढ़-गोविंदगढ़ मार्ग को जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।**
- **50 लाख रूपए, सरकारी नौकरी, मॉब लिंचिंग का केस दर्ज करने और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मॉब लिंचिंग में मामला दर्ज करने के आश्वासन के बाद हुआ चिरंजी सैनी का अंतिम संस्कार।**

अलवर, 16 अगस्त (निसं)। अलवर में एक बार फिर मॉब लिंचिंग का मामला सामने आया है। जिले के गोविंदगढ़ कस्बे के रामबास गांव में चिरंजीलाल (45) की एक समुदाय के 20-25 लोगों ने गत 14 अगस्त को बुरी तरह से पिटाई की। सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक सब्जी बेचकर अपनी आजीविका चलाता था।

वह रविवार सुबह करीब 5 बजे घर के पास खेत में टॉयलेट करने गया था। इस दौरान स्कॉर्पियो और पिकअप में सवार होकर आए 20-25 लोगों ने खेत में ही उसे बेरहमी से पीटा। चीख-पुकार सुनकर लोग भागकर खेत में पहुंचे तो चिरंजीलाल वहां अधमरा पड़ा था। आरोपी भी वहीं खड़े थे और उस पर ट्रैक्टर चोरी का आरोप लगा रहे थे। फिर आरोपियों ने ही पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। गोविंदगढ़ पुलिस सुबह करीब 6.30 बजे पहुंची तो आरोपियों और ग्रामीणों में बहस होती रही। पुलिस ने घायल को गोविंदगढ़ सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे सुबह 9 बजे जयपुर रैफर कर दिया।

लेकिन सोमवार शाम 3 बजे चिरंजीलाल की मौत हो गई। शव सोमवार देर रात 11 बजे जयपुर से रामबास गांव पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया। आक्रोशित लोगों ने रामगढ़ - गोविंदगढ़ मार्ग को जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। आक्रोशित परिजन और गांव के लोगों ने मंगलवार को भी रामगढ़ -गोविंदगढ़ रोड को बल्लियां लगाकर जाम कर दिया। पीड़ित पक्ष ने 50 लाख मुआवजा, एक सदस्य को नौकरी और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। परिवार तीनों मांगें पूरी न होने तक अंतिम संस्कार नहीं करने पर अड़ गया। दोपहर 2.20 बजे प्रशासन व परिवार के बीच सहमति बन गई, जिसके बाद परिवार अंतिम संस्कार के लिए तैयार हो गया।

प्रशासन की ओर से लक्ष्मणगढ़ उपखंड अधिकारी लाखन गुर्जर ने जिला कलैक्टर जितेंद्र सोनी से बात करके परिवार को 5 लाख रुपए का तुरंत मुआवजा दिलाने और 50 लाख मुआवजे व सरकारी नौकरी का प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजने का आश्वासन दिया। मृतक चिरंजीलाल के बेटे योगेश से उपखण्ड अधिकारी लाखन गुर्जर ने बात की। सहमति बनने के बाद दोपहर 2.30 बजे रामगढ़ -गोविंदगढ़ सड़क मार्ग से जाम हटा लिया गया।

घटना का विरोध होते देख क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। आसपास के कई थानों पुलिस मुस्तैद रही।

जिला पुलिस लाइन से भी अतिरिक्त फोर्स मौके पर तैनात की गई। वहीं, घटना के विरोध में गोविंदगढ़ बाजार पूरी तरह से बंद रहा। सब्जी मंडी व्यापारियों ने भी कामकाज बंद रखा।

लक्ष्मणगढ़ उपखंड अधिकारी लाखन गुर्जर ने सहमति बनने से पहले कहा कि आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आरोपियों को डिटेन कर उनकी गाडियां जब्त की ली गई हैं। जिस ट्रैक्टर का जिक्र है, उसे भी जब्त कर लिया गया है। मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता देने पर विचार किया जा रहा है। मांगों को गंभीरता से सरकार तक पहुंचाया जाएगा।

डिप्टी कमल मीना ने बताया कि मामले में मृतक के बेटे ने सोमवार शाम रिपोर्ट दर्ज कराई। उसके आधार पर एक आरोपी को नामजद कर 25 के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इनमें से कुछ को डिटेन किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की स्कॉर्पियो और पिकअप को जब्त कर लिया है।चिरंजी सैनी हत्याकांड मामले में में आरोपी जाति विशेष के होने के बाद क्षेत्र में तनाव पूर्ण स्थिति बन गई जिसके बाद प्रशासन भी चाक चौबंद नजर आया लेकिन क्षेत्रवासियों ने जाति विशेष के लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए रोड जाम कर दिया।

## भारतीय फुटबॉल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बयान में कहा है कि प्रशासनिक समिति गठित करने के आदेश के निरस्त होने और एआईएफएफ के दैनिक मामले एआईएफएफ प्रशासन के नियंत्रण में आने के बाद निलंबन हटा लिया जाएगा।

# प्रशासन की ढिलाई से मामला बिगड़ा, ए.डी.एम.-डिप्टी तुरंत हटाए जाने चाहिए-पायलट

## प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने जालोर जिले के स्कूल छात्र को श्रद्धांजलि देते समय कहा

- **पायलट मंगलवार को जालोर जिले के सुराना गांव गए और मृत छात्र के परिजनों को ढांढस देते हुए कहा कि, कांग्रेस पार्टी आपके साथ है और दोषी को सजा दिलाई जाएगी।**
- **पायलट ने घटना का विरोध कर रही भीड़ पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की तथा सरकार से आग्रह किया कि दोषियों को बख्शा न जाए।**

जालोर, 16 अगस्त (कासं)। जालोर जिले के सुराणा गांव में एक निजी स्कूल के अध्यापक की मार पिटाई के बाद एक छात्र की मौत के प्रकरण को लेकर कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर छात्र को श्रद्धांजलि दी।

पायलट ने कहा कि सरकार व प्रशासन की ढिलाई के चलते मामला बिगड़ा है। यदि समय रहते कार्यवाही की होती तो मामला इतना नही बिगड़ता। जब एक अबोध बच्चे का शव उसके घर पर पड़ा था, तब पुलिस द्वारा लोगों पर लाठीचार्ज करना निंदनीय है। सरकार को जालोर के एडीएम व डिप्टी को तुरंत प्रभाव से हटा देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि ''प्रशासन की उदासीनता के चलते इस मामले में कोई ठोस कदम नही उठाने से पीड़ित परिवार को परेशान किया गया। कांग्रेस पार्टी हमेशा दलित, गरीब सहित हर वर्ग के साथ है। ऐसी घटना निंदनीय है, तथा इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो, इसके लिए सरकार को ठोस कदम उठाने की जरुरत है। हम सब का दायित्व बनता है कि हम सब उस दोषी को सजा दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाये। मेरा सरकार से आग्रह रहेगा कि एक अबोध बच्चे की मौत के दोषियों को किसी प्रकार से नही बख्शा जाये तथा पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता मुहैया करवाई जाये। पीड़ित परिवार की मांगो के बारे में सोचने से बेहतर है कि उन मांगो को तुरंत माना जाए।'' सचिन पायलट ने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि हमें दलित समाज को इससे हटकर हमें संदेश देना होगा उनके जेहन में विश्वास जगाना होगा कि हम उनके साथ खड़े हैं, सिर्फ कानून बनाने, नियम बनाने, भाषण देने और कार्यवाही से शायद यह हम पूरा नही कर सके। उन्हें विश्वास दिलाने के लिए जो कुछ करना है हमें करना होगा।

इस तरह की घटना दोबारा न हो इसे भी सुनिश्चित करना होगा। ''इस दौरान वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी, विधायक रामनिवास गावडीया, पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रशांत बैरवा, पूर्व उप मुख्य सचेतक रतन देवासी, पूर्व जिलाध्यक्ष समरजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।''

मंगलवार को प्रदेश के कई मंत्री, विधायक व जन प्रतिनिधि सुराणा पहुंचे। वही सांसद किराड़ीलाल मीणा व उनकी पत्नी गोलमादेवी को भी सुराणा गांव आते समय पाली - जालोर बोर्डर पर रोका गया। सिर्फ गोलमा देवी को जाने की इजाजत दी गई। गोलमादेवी पीड़ित परिवार को सांसद किरोड़ीलाल मीणा के एक माह की सैलेरी एक लाख रूपये की सहायत राशि दी। किरोड़ीलाल मीणा ने स्वयं को सुराणा गांव जाने से रोकने की घटना को कांग्रेस सरकार का तानाशाही रवैया बताया तथा कहा कि लोकतंत्र में इस प्रकार से रोकना गलत है।

# बीजेपी राज में जिन कार्यकर्ताओं ने लाठियां खाईं, मुकदमे झेले, उनका मान-सम्मान होना चाहिए: सचिन पायलट

## इस पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, ''कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान तो कभी आपने किया है क्या?''

- **गहलोत ने यह बात जयपुर के शहीद स्मारक पर कांग्रेस की आज़ादी गौरव यात्रा के समापन पर कही।**

जयपुर, 16 अगस्त (का.प्र.)। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा था कि बीजेपी राज में जिन कार्यकर्ताओं ने लाठियां खाईं, मुकदमे झेले, उनका मान-सम्मान होना चाहिए। बीजेपी राज में खून पसीना बहाने वाले कार्यकर्ताओं को यह अहसास होना चाहिए कि सरकार में उनकी भागीदारी है।

इसी बात को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पायलट पर तंज कसते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान तो आपने किया है क्या कभी? जानते भी हो क्या, क्या होता है, कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान ? हम तो मान-सम्मान पाते पाते ही कार्यकर्ता से नेता बने हैं।

अशोक गहलोत ने यह बात उस समय कही जब जयपुर के शहीद स्मारक पर 9 से 15 अगस्त तक निकाली गई कांग्रेस की आजादी गौरव यात्रा की समापन हो रहा था। दरअसल यह बात कहकर मुख्यमंत्री गहलोत ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि आलाकमान के लाख प्रयास के बावजूद वे राजस्थान में गहलोत और पायलट गुटों के बीच आपसी प्रतिद्वंद्विता समाप्त करने के मूड में नहीं हैं।

उन्होंने कहा एक जमाने में इंदिरा गांधी जैसी बड़ी नेता खुद हार गईं थीं, तब भी कार्यकर्ताओं ने हिम्मत नहीं हारी थी। आप निश्चिंत रहें, मोदी कहते हैं। अच्छे दिन आए न आएं, लेकिन कांग्रेस के अच्छे दिन जरूर आएंगे। इसी के साथ गहलोत ने कहा कि मैं जानता हूं कि कार्यकर्ताओं की अपेक्षा होती है कि मैं पद पर आ जाऊं। बोर्ड में चेयरमैन, उपाध्यक्ष या मैम्बर बन जाऊं। कांग्रेस में कई बातें ऐसी रही कि हम वो काम कर नहीं पाए। राहुल गांधी ने सिस्टम बनाया कि बोर्ड, कॉर्पोरेशन में राजनीतिक नियुक्तियां राज्यों से नहीं कांग्रेस के महासचिव करेंगे। बोर्ड, निगमों में कौन-कौन आएंगे इसका फैसला राष्ट्रीय महासचिव करेंगे। कई राज्यों में कार्यकर्ताओं को न्याय नहीं मिला। वहां मुख्यमंत्री या प्रदेशाध्यक्ष ने अपने स्तर पर ही फैसला कर लिया, इसलिए यह सिस्टम बनाया। वह प्रयोग था, उस प्रयोग से ऐसी हालत बन जाती है कि टाइम लग जाता है।

इस वजह से छह महीने पहले ही बोर्ड निगमों में नियुक्तियां हो पाईं। अभी भी 15-20 बोर्ड निगमों में नियुक्तियां बाकी हैं, पता नहीं उनमें नियुक्तियां हो पाएंगी या नहीं। वे बोर्ड-निगम बनेंगे या नहीं, कह नहीं सकते।

# अर्धसैनिक बल की बस नाले में गिरी, 7 जवान शहीद

- **बारिश और फिसलन के कारण बस चालक ने नियंत्रण खो दिया, आई.टी.बी.पी. के 32 अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गये।**

श्रीनगर, 16 अगस्त (वार्ता)। जम्मू कश्मीर में अनंतनाग जिले के चंदनवाड़ी में मंगलवार सुबह सेना का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आई.टी.बी.पी.) के सात जवान शहीद हो गए और पुलिसकर्मियों समेत 32 अन्य लोग घायल हो गए।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बारिश की वजह से सड़क पर फिसलन थी। इस बीच चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन नाले में जा गिरा। दुर्घटना के समय वाहन में कम से कम 35 सुरक्षाकर्मी सवार थे। ये लोग वार्षिक अमरनाथ यात्रा में अपनी ड्यूटी समाप्त होने के बाद लौट रहे थे। बी.एस.एफ. के एक हेलीकॉप्टर ने घायलों को विशेष इलाज के लिए श्रीनगर अस्पताल पहुंचाया, इनमें से छह की हालत नाजुक बतायी गयी है।उन्होंने बताया कि नागरिक प्रशासन और सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने दुर्घटनास्थल के पास व्यापक बचाव अभियान शुरू किया है। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक ट्वीट किया, घटना के बारे में जानकर गहरी पीड़ा हुई। मैं शोकग्रस्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करता हूं और घायल कर्मियों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

आई.टी.बी.पी. के महानिदेशक डॉ. सुजॉय लाल था ओसेन ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। थाओसेन ने ट्वीट किया, मैं जम्मू कश्मीर में हुए दुखद हादसे से बहुत दुखी हूं।

# एक और कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या

- **हमले में मृतक का भाई भी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया।**

श्रीनगर, 16 अगस्त (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में एक और लक्षित हमले में आतंकवादियों ने कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या कर दी और हमले में पीड़ित का भाई घायल हो गया है।

कश्मीरी पंडित संघर्ष समिति (के.पी.एस.एस.) ने कहा कि मंगलवार को हुई लक्षित हत्या से कश्मीरी पंडित समुदाय में दहशत फैल गयी है।

के.पी.एस.एस. ने हिंदू समुदाय के लोगों से घाटी छोड़ने की अपील की। पुलिस ने कहा कि शोपियां के चोटीगाम इलाके में अल्पसंख्यक समुदाय के दो नागरिक सुनील कुमार और पिंटू कुमार को आतंकवादियों ने निशाना बनाकर गोली मार दी गई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, उनमें से सुनील कुमार की मौत हो गई और पिंटू घायल हो गया। पुलिस ने हमले के लिए आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराया है। हमले के तुरंत बाद, हमलावरों का पता लगाने के लिए सघन तलाश अभियान शुरू किया गया है।

## एस.आई...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करवाए और याचिकाकर्ताओं को साक्षात्कार में शामिल करवाया जाए। वहीं राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि दक्षता परीक्षा के दौरान वीडियोग्राफी कानून व्यवस्था बनाए रखने और फर्जीवाड़ा रोकने के लिए की गई थी। दक्षता परीक्षा के अंकों को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। सभी पक्षों को सुनने के बाद एकलपीठ ने याचिकाओं को खारिज कर दिया है।

# कर्नाटक में सांप्रदायिक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन दिनों उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव होने थे। किसी भी समाचार के तत्काल फैलने तथा सोशल मीडिया के इस दौर में, देश के किसी भी भाग में जो कुछ घटित होता है, उसका सीधा तथा त्वरित असर देश के अन्य भागों में भी दिखाई देता है। ऐसा प्रतीत होता है कि हिजाब-विवाद, जो एकाएक फूटा था, करीब-करीब सही समय पर, भाजपा के हित के लिये ही पैदा हुआ था।

मुख्यमंत्री बासवराज ने दोषियों के प्रति कड़ी कार्यवाही करने की जरूरत बताई है तथा राज्य के गृह मंत्री मंगलवार के स्थिति के आंकलन के लिये तुरन्त शिवामोगा पहुँच गये ताकि पार्टी कार्यकर्ताओं तथा हमदर्दों के आक्रोश को शान्त किया जा सके। लेकिन, के.पी.सी.सी. अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने राज्य सरकार पर जबरदस्त प्रहार करते हुये कहा कि भाजपा सरकार राज्य को कुशासन प्रदान करने के अलावा, राज्य की छवि खराब कर रही है। उन्होंने कानून-व्यवस्था की स्थिति में आई जबरदस्त गिरावट के लिये सीधे भाजपा पर दोषारोपण किया तथा पूछा कि अगर ऐसी घटनाएं प्रायः होती रहेंगी, तो ''कर्नाटक में निवेश के लिये कौन आयेगा?''

शिवकुमार ने आरोप लगाया, ''सरकार समाज के एक वर्ग का सहयोग कर रही है।''

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, ''राज्य में कानून-व्यवस्था बनाये रखने के अपने कर्तव्य में भाजपा पूरी तरह असफल रही है।'' उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि यह पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र के मुख्य मुद्दों में से एक रहेगा।

## भारत के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हमबान्टोटा में विशालकाय बंदरगाह बना चुका है और चूंकि श्रीलंका कर्ज नही चुका पाया है तो बदले में चीन ने 99 साल की लीज़ पर यह बदंरगाह ले लिया है। चीन ने जबरन अपना जहाज इसलिए भेजा है क्योंकि यह पोर्ट के कामकाज पर अपने नियंत्रण व लीज़ की सामर्थ्य को परखना चाहता हैं।

युद्धाभ्यास पर नजरिया मुख्यतया उच्च स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक एक आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस उपकरणों पर निर्भर करता है। इकोनॉमिस्ट मैगज़ीन की नवीनतक रिपोर्ट के सतरह की जानकारी का इस्तेमाल अग्रिम युद्ध योजना बनाने में किया जाता हैं।

# क्या नीतीश कुमार से ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- **भाजपा को आशंका है कि, नीतीश कुमार 2024 के आम चुनावों में पार्टी की संभावनाएं बिगाड़ सकते हैं।**

हो सकती हैं।

ऐसा माना जा रहा है कि, भाजपा से सम्बंध तोड़ने के कुमार के फैसले का असर सिर्फ बिहार तक ही सीमित नहीं रहेगा बल्कि इसका असर और भी बड़े पैमाने पर हो सकता है, और इससे खासतौर पर विपक्ष शासित राज्यों, बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, तेलंगाना, पंजाब और झारखंड के विपक्षी नेताओं का मनोबल बढ़ सकता है।

इसके अलावा ऐसा भी आकलन है कि, मध्यप्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में भाजपा की ताकत कम हो गई है। लोकसभा की 543 सीटों में से आधी से ज्यादा इन राज्यों में हैं।

अपने नए अवतार में कुमार संभवतया कुछ समय के लिए बिहार पर फोकस करेंगे, पर जनतादल (यू) के सूत्रों का कहना है कि अतंतोगत्वा वे राष्ट्रीय राजनीति का रुख करेंगे।

माना जा रहा है कि, राज्य मंत्रिमण्डल की आज हुई पहली बैठक में जाति जनगणना करवाने का ब्लूप्रिंट तैयार किया गया।

इसके अलावा इस वर्ष दिसम्बर तक राज्य में लगभग 4 लाख सरकारी पदों पर नियुक्तियाँ देने की योजना बनाई गई है।

इनमें टीचर्स व पुलिस भर्ती के अलावा सरकारी अस्पतालों में ऑग्ज़िलरी नर्स मिडफाइफ्स (ए.एन.एम.) की नियुक्तियाँ भी शामिल हैं। नीतीश कुमार के नजदीकी सूत्रों ने कहा, ''राज्य सरकार के प्रदर्शन के बल पर विपक्ष की एकता का वातावरण तैयार किया जा सकता है।''

हालांकि अभी समय है, लेकिन नीतीश कुमार का सोच है कि, 2024 के आम चुनाव से पूर्व विपक्ष को प्रेरित करने में जाति जनगणना केन्द्रीय मुद्दा बन सकती है।

नीतीश कुमार की पिछले दिनों में, आप नेता अरविन्द केजरीवाल सहित विपक्ष के नेताओं से फोन पर वार्ता हो चुकी है, लेकिन अभी भी इस बात की पुष्टि नहीं है कि, वो गुजरात व हिमाचल प्रदेश सहित उन राज्यों का दौरा करेंगे, जहां चुनाव होने वाले हैं। लेकिन यह तो स्पष्ट है कि, नीतीश कुमार के भविष्य के कदमों को लेकर भाजपा चौकस हो गई है।

# एपल ने कर्मचारियों की छंटनी की, गूगल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लेकिन वह अपना व्यय और ज्यादा सोच-समझकर करेगी। बताया जाता है कि इससे पहले, कैलिफोर्निया की मल्टीनैशनल टैक्नॉलजी दिग्गज एवं दुनिया में सबसे सशक्त मानी जाने वाली कम्पनी गूगल ने अपने कर्मचारियों को बता दिया था कि या तो वे श्रेष्ठ प्रदर्शन करें अन्यथा नौकरी छोड़ दें। यह एक चेतावनी थी कि यदि उम्मीद के अनुसार परिणाम नहीं आए तो छंटनी की तलवार लटकी हुई है।

पश्चिमी मीडिया की खबरें कहती हैं कि गूगल क्लाउड सेल्स डिपार्टमैंट में काम करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें उनके सीनियर्स ने कहा है कि सेल्स प्रोडक्टिविटी और सामान्य सृजनात्मकता का पूरा मूल्यांकन किया जाएगा। सेल्स टीम को जो मैसेज किया गया है, उसके अनुसार यदि तीसरी तिमाही के परिणाम बेहतर नहीं आते हैं तो स्थिति बेहद खराब हो जाएगी। कर्मचारियों ने बताया कि कम्पनी के बिना कोई घोषणा किए भर्तियां बंद करने की अवधि इस माह चुपचाप बढ़ा देने के बाद से उन्हें छंटनी का डर सता रहा है।

बताया जाता है कि गूगल के सी.ई.ओ. सुन्दर पिचाई ने पिछले माह के अंत में आयोजित एक मीटिंग में अपने स्टाफ से कहा था कि उन्हें जबर्दस्त विपरीत आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अपने फोकस और उत्पादकता में सुधार की जरूरत है। इन परिस्थितियों ने पूरे टैक्नॉलजी सैक्टर को किफायत बरतने के लिए बाध्य कर दिया है। पिचाई ने कहा कि वह तीव्र गति से बेहतर परिणाम प्राप्त करने को लेकर अपने कर्मचारियों के विचार जानना चाहते थे।

उन्होंने कहा कि ''स्पष्ट है कि हम एक चुनौतीपूर्ण वृहद परिदृश्य का सामना कर रहे हैं, जिसमें आगे और अनिश्चितताएं हैं। वास्तविक चिंताएं इसे लेकर है कि हमारे यहां इतने कर्मचारी होने के बावजूद हमारी उत्पादकता का वो स्तर नहीं है जो होना चाहिए।'' इस सर्च एंजिन ने पिछले माह दो सप्ताह के लिए भर्तियां बंद करने की घोषणा की थी, लेकिन उसने अपना यह निर्णय अब तक बदला नहीं है, जिससे कर्मचारी भयभीत हैं। ध्यान देने योग्य यह है कि कॉमर्स डिपार्टमैंट के आंकड़े यह रहस्योद्घाटन करते हैं कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था में लगातार दो तिमाही तक कमी आई है, जो कि किसी आर्थिक मंदी की एक आदर्श परिभाषा है।

अमेरिका की जी.डी.पी. जिसमें देश में उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं का मापन किया जाता है, 0.9 प्रतिशत की वार्षिक दर से गिर गई, यानी की वर्ष 2021 के प्रथम तीन महीनों में 1.6 प्रतिशत गिरने के बाद यह द्वितीय तिमाही में -0.9 प्रतिशत रही।

ट्रेडिंग इकॉनोमिक्स द्वार संकलित आंकड़े दर्शाते हैं कि इस वर्ष अप्रैल-जून माह की वित्तीय तिमाही के दौरान अमेरिका ने अपनी सात प्रतिद्वंद्वी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे खराब प्रदर्शन किया। एपल और गूगल ही ऐसी टैक कम्पनियां नहीं हैं जो अपने कर्मचारियों को नोटिस दे चुकी हैं। फेसबुक की पेरेन्ट कम्पनी ''मेता'' के संस्थापक एवं सी.ई.ओ. मार्क ज़ुकरबर्ग ने हाल ही के इतिहास की सबसे बुरी आर्थिक स्थिति का दोष भर्तियां बंद करने सहित लागत कम करने के कई उपायों को दिया।

ज़ुकरबर्ग ने यह भी स्पष्ट किया कि मापदण्ड अनुरूप प्रदर्शन नहीं करने वाले कर्मचारियों को कम्पनी हटा देगी।

घोर विपरीत आर्थिक परिस्थितियों के कारण गूगल व अन्य तकनीकी दिग्गज किफायत बरतने को बाध्य हो गए हैं।

ज़ुकरबर्ग ने गत जून माह के अंत में आयोजित कम्पनी की सार्वजनिक सभा की मीटिंग में कहा था कि ''वास्तव में कम्पनी में कुछ ऐसे लोग हैं जिन्हें यहां नहीं होना चाहिए था।''

ट्विटर सी.ई.ओ. पराग अग्रवाल ने कम्पनी के रिवैन्यू लक्ष्यों और ग्रोथ में हाल ही आई कमी का हवाला देते हुए इस वर्ष की शुरूआत में दिए गए मैसेज में अपने कर्मचारियों को नई भर्ती बंद करने का संकेत दे दिया था।

टैस्ला कम्पनी के सी.ई.ओ. एलन मस्क जब से ट्विटर को 44 बिलियन डॉलर में खरीदने पर सहमति जताने के बाद अपनी बात से मुकरे हैं, कम्पनी तभी से संकट झेलती रही है। ट्विटर अब समझौते की शर्तें लागू करने के एक प्रयास के तहत मस्क पर मुकदमा दायर कर रही है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908





Ventilated Seats


360 View Camera


6-Speed Automatic Transmission with Paddle Shifters


Tyre Pressure Monitoring System


Suzuki Connect

NEXA Safety Shield
Standard Across All Variants

- DUAL FRONT AIRBAGS
- ABS WITH EBD
- PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
- COMPLIANT WITH -
  - FULL FRONTAL IMPACT
  - FRONTAL OFFSET IMPACT
  - SIDE IMPACT

Feature and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.

Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

**JAIPUR: NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442), **NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102), **NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **NEXA TONK ROAD** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607), **AJMER: NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **ALWAR: NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424), **BHIWADI: NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794313), **BHILWARA: NEXA SUKHADIA CIRCLE** (CHAMPION CARS PH: 8081133333), **BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314), **JODHPUR: NEXA CHOPASNI ROAD** (LMJ SERVICES LTD. PH: 7230013811), **NEXA SHASTRI CIRCLE** (AURIC MOTORS PH: 8875012697), **PALI: NEXA PALI SUMERPUR ROAD** (LMJ SERVICES PVT. LTD. PH: 7230013801), **KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH** (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619), **NAGAUR: NEXA BIKANER ROAD NAGAUR** (SHRI MANGALAM AUTO PVT. LTD. PH: 6399292929), **BHARATPUR: NEXA BHARATPUR CENTRAL** (TM MOTORS PVT. LTD. PH: 9785838888), **SIKAR: NEXA SIKAR JAIPUR ROAD** (JAMU AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 9694412777), **SRI GANGANAGAR: NEXA GANGANAGAR NORTH** (AURIC MOTORS PH: 7412092301), **UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **DAUSA: NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA** (VIPUL MOTORS (P) LTD. PH: 9829560109), **CHITTORGARH: NEXA CHITTORGARH CENTRAL** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).

**SMART FINANCE**
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
Scan to know more.
- Multiple financiers
- Digital Document Upload
- Live Loan status
- Complete transparency (associated fees & charges)